दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, मंगलवार 23 जून 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 1103

## संक्षिप्त खबरें ।

### अचानक आसमान से गायब हो जाएगा सूर्य, दिन में ही चमकने लगेंगे तारे! ठीक 50 दिन बाद होने जा रहा है यह महा-चमत्कार



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** हम सब रोज़ सुबह उठते हैं तो चारों तरफ सूरज की खिली-खिली धूप और उजाला देखते हैं, और शाम होने के बाद रात का अंधेरा छा जाता है। लेकिन जरा सोचिए, अगर आप दोपहर के वक्त अपने काम में व्यस्त हों और अचानक से सूरज आसमान से पूरी तरह गायब हो जाए और चारों तरफ रात जैसा घना अंधेरा छा जाए, तो आपको कैसा लगेगा? जी हां, विज्ञान और खगोलशास्त्र की दुनिया में एक ऐसी ही बेहद अद्भुत और रोंगटे खड़े कर देने वाली खगोलीय घटना होने जा रही है। इसके लिए अगस्त 2026 में पूरी दुनिया को तैयार रहना होगा, क्योंकि इस दिन प्रकृति एक ऐसा अनोखा तमाशा दिखाने वाली है जिसकी गवाह पूरी इंसानियत बनेगी।

**दिन में छा जाएगा रात जैसा अंधेरा और टिमटिमाएंगे तारे :** अगस्त 2026 में होने वाली यह घटना कोई मामूली घटना नहीं होगी, बल्कि यह एक पूर्ण सूर्य ग्रहण (Total Solar Eclipse) होने जा रहा है। इस दौरान कुछ मिनटों के लिए पृथ्वी के कई हिस्सों में दिन के समय भी बिल्कुल रात जैसा नजारा देखने को मिलेगा। आसमान में सूरज की जगह एक काली ढाल नजर आएगी और उसके चारों तरफ सिर्फ सूर्य का कोरोना (आभामंडल) चमकता हुआ दिखेगा। अंधेरा इतना घना होगा कि शहरों और जंगलों में दिन के वक्त ही आसमान में तारे और कुछ ग्रह साफ-साफ टिमटिमाते हुए दिखाई देने लगेंगे। तापमान में भी अचानक से भारी गिरावट दर्ज की जाएगी और ऐसा लगेगा मानो शाम ढल चुकी है। इस महा-खगोलीय घटना को लेकर वैज्ञानिकों और आम लोगों के बीच अभी से कौतूहल और चर्चाएं तेज हो गई हैं। पूरी दुनिया के वैज्ञानिक इस अद्भुत पल को अपने कैमरों और उपकरणों में कैद करने के लिए तैयारियों में जुट गए हैं। जहां एक तरफ विज्ञान के लिए यह सूर्य के रहस्यों को समझने का एक सुनहरा मौका होगा, वहीं दूसरी तरफ इसका असर पृथ्वी के जीव-जंतुओं पर भी देखने को मिलेगा। दिन में अचानक अंधेरा होने के कारण पक्षी अपने घोंसलों की तरफ लौटने लगेंगे और जानवरों का व्यवहार भी कुछ समय के लिए बदल जाएगा। दुनिया भर के पर्यटकों के लिए भी यह एक ऐसा नजारा होगा जिसे वे जिंदगी भर नहीं भूल पाएंगे।

# अयोध्या से छिंदवाड़ा तक मचा हड़कंप: राम मंदिर अयोध्या में आस्था के नाम पर खेल? शंकराचार्य के इस खुलासे से हिली व्यवस्था

**लोक तंत्र की आवाज़**

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा पहुंचे द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट में कथित दान चोरी और भ्रष्टाचार पर गहरा दुख जताया। उन्होंने मंदिरों के सही प्रबंधन के लिए स्वतंत्र 'सनातन संरक्षण बोर्ड' बनाने की मांग की और धर्मांतरण व लव जिहाद पर कड़े कानून बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले में राम मंदिर गबन मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। अब इसकी चिंगारी मध्य प्रदेश तक पहुंच चुकी है। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज ने इस मामले पर बड़ा बयान दिया है। दरअसल धार्मिक माहौल के बीच शंकराचार्य ने देश के वर्तमान धार्मिक और सामाजिक मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखी। उन्होंने अयोध्या राम मंदिर में दान राशि की कथित चोरी और भ्रष्टाचार के मामलों पर गहरी चिंता और दुख व्यक्त किया।

**ट्रस्ट पर उठाए सवाल :** शंकराचार्य सदानंद सरस्वती ने कहा कि देश-विदेश से श्रद्धालु अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई भगवान के चरणों में समर्पित करते हैं। इस दान राशि का उपयोग धार्मिक और सामाजिक उत्थान के लिए होना



चाहिए। ऐसे में ट्रस्ट से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किया गया कथित भ्रष्टाचार न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के साथ सीधा खिलवाड़ और विश्वासघात है। उन्होंने कहा कि जो लोग खुद को सनातन धर्म और भगवान के कार्यों से जुड़ा बताते हैं, अगर वही ऐसा कृत्य करें, तो यह और भी अधिक पीड़ादायक हो जाता है।

**सरकारी अधिकारियों पर निशाना:** शंकराचार्य नेमंदिरोंकेसरकारीकरण और प्रबंधन व्यवस्था पर तीखा हमला बोलाउन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को सनातन धर्म के विधि-विधान, पूजा-पद्धति, धार्मिक नैतिकता और आध्यात्मिक व्यवस्थाओं की पर्याप्त समझ नहीं होती। इसलिए देशभर के मंदिरों के संरक्षण और संचालन के लिए एक स्वतंत्र 'सनातन संरक्षण बोर्ड' या समिति का गठन होना चाहिए। इस समिति में केवल धर्म के जानकार, विशेषज्ञ और अनुभवी लोगों को ही शामिल किया जाना चाहिए, क्योंकि जो व्यक्ति जिस क्षेत्र का विशेषज्ञ है, वही उसका संचालन बेहतर ढंग से कर सकता है।

**लव जिहाद पर कड़ी चेतावनी :** धर्मांतरण और लव जिहाद के मुद्दों पर बोलते हुए शंकराचार्य ने कहा कि किसी भी देश या समाज में 'संख्या बल' का बहुत बड़ा महत्व होता है। जिसकी संख्या अधिक होगी, वही देश की व्यवस्था और सत्ता पर प्रभाव रखेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि एक सोची-समझी साजिश के तहत देश में धर्मांतरण और लव जिहाद जैसी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार और समाज इस गंभीर खतरे को भांप नहीं पा रहे हैं, जबकि संत समाज लगातार जनजागरण के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है।

### सिंधी समाज की अर्पित 200 किलो चांदी की ईंटों पर छिड़ा नया घमासान

**लोक तंत्र की आवाज़**

**अयोध्या।** अयोध्या के राम मंदिर निर्माण के लिए दान में दी गई चांदी की ईंटों को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। विश्व सिंधी सेवा संगम ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2021 में मंदिर निर्माण के लिए अर्पित की गई 200 किलो चांदी की ईंटों के बदले उन्हें आज तक कोई रसीद नहीं दी गई और न ही इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी साझा की गई है। इस मामले ने दानदाताओं के बीच चिंता और शंकाएं उत्पन्न कर दी हैं। विश्व सिंधी सेवा संगम के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजू मनवानी के अनुसार, 26 जनवरी 2021 को दुनिया भर के सिंधी समाज के सहयोग से 200 चांदी की ईंटें राम मंदिर निर्माण के लिए सौंपी गई थीं। इन ईंटों का वजन लगभग एक-एक किलो बताया गया है और प्रत्येक ईंट पर समाज के देवता 'झूले लाल' की तस्वीर अंकित की गई थी। डॉ. मनवानी ने दावा किया कि इस अवसर पर 12 देशों से सिंधी समाज के 150 से अधिक प्रतिनिधि अयोध्या पहुंचे थे। संगठन का दावा है कि ये 200 ईंटें कारसेवकपुरम में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय को सौंपी गई थीं। इस संबंध में संगठन की ओर से तस्वीरें भी प्रस्तुत की जा रही हैं।

## कौन हैं राम मंदिर के ट्रस्टी चंपत राय? सरकारी नौकरी छोड़ी... नहीं की शादी; चढ़ावा चोरी मामले में SIT ने की पूछताछ



**लोक तंत्र की आवाज़**

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी अयोध्या में इन दिनों श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की चोरी का मामला पूरी तरह गरमाया हुआ है. इस कथित घपले को लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों और कर्मचारियों पर उंगलियां उठ रही हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच विशेष जांच दल (SIT) कर रही है. इस विवाद में समाजवादी पार्टी सहित विपक्ष के तमाम नेताओं के अलावा, बीजेपी के पूर्व सांसद विनय कटियार ने भी ट्रस्ट के पदाधिकारियों को चढ़ावे की कथित चोरी के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया है. इस पूरे घटनाक्रम और एसआईटी (SIT) की पूछताछ के बीच ट्रस्ट में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे इसके महासचिव चंपत राय भी आरोपों के घेरे में हैं. आइए जानते हैं कि चंपत राय कौन हैं और राम मंदिर आंदोलन में उनका क्या इतिहास रहा है।

**कैमिस्ट्री के प्रोफेसर रहे हैं चंपत राय :** चंपत राय का जन्म 18 नवंबर 1946 को उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले की नगीना तहसील में हुआ था. उनके पिता का नाम रामेश्वर प्रसाद बंसल था, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) से जुड़े थे. चंपत राय ने कैमिस्ट्री (रसायन विज्ञान) में उच्च शिक्षा हासिल की और धामपुर के आरएसएम डिग्री कॉलेज में रसायन विज्ञान के प्रोफेसर नियुक्त हुए. बचपन से ही संघ के विचारों से प्रभावित होने के कारण वे नौकरी के साथ-साथ आरएसएस में भी सक्रिय रहे।

**आपातकाल में गए जेल, छोड़ दी सरकारी नौकरी और नहीं की शादी:** साल 1975 में देश में आपातकाल (इमरजेंसी) लागू होने के दौरान पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने कॉलेज पहुंच गई थी. उन्होंने 18 महीने जेल में बिताए. जेल से बाहर आने के बाद उन्होंने अपनी सरकारी नौकरी से इस्तीफा दे दिया और संघ के पूर्णकालिक प्रचारक बन गए. उन्होंने जीवन भर विवाह नहीं किया और अपना पूरा जीवन संगठन को समर्पित कर दिया।

## ईरानी टीम गुस्से में वॉकआउट कर गई, शहबाज-मुनीर शॉक में थे, तभी आए वेंस और कान में कुछ कहा...

**लोक तंत्र की आवाज़**

**प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा**
**नईदिल्ली।** ईरान और US के बीच स्विट्जरलैंड में बातचीत का पहला राउंड मुश्किलों भरा रहा. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों के बाद ईरान ने वार्ता से वॉकऑउट कर दिया. इस दौरान ईरानी डेलीगेशन ने अमेरिकी अधिकारियों के साथ फोटो खिंचवाने से भी इनकार कर दिया।

स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक रिसॉर्ट में हुई वार्ता में ईरान और अमेरिका के साथ-साथ पाकिस्तान और कतर के अधिकारी भी मौजूद रहे. चारों देश हाल ही में साइन किए गए इस्लामाबाद MoU के तहत बातचीत के पहले राउंड के लिए जमा हुए थे।

इस बीच, ट्रंप के ईरान को लेबनान



में हिज्बुल्लाह पर लगाम लगाने और नई अमेरिकी मिलिट्री कार्रवाई का सामना करने की चेतावनी दी. ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'ईरान को लेबनान में अपने ज्यादा पैसे पाने वाले प्रॉक्सी को परेशानी पैदा करने से तुरंत रोकना होगा. अगर वो ऐसा नहीं करते हैं, तो हम ईरान पर फिर से बहुत जोरदार हमला करेंगे, ठीक वैसे ही जैसे हमने पिछले हफ्ते किया था।

**गुस्से में कमरे से बाहर निकला ईरानी डेलीगेशन :** ट्रंप के इस बयान के बाद ईरानी डेलीगेशन बातचीत की मेज से वॉकआउट कर जाता है. ईरानी अधिकारियों के वार्ता से वॉकआउट करने का एक वीडियो भी सामने आया है. इसमें पहले तो पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची का गले लगाकर स्वागत करते नजर आ रहे हैं. इसके बाद दोनों को धीरे-धीरे बातचीत करते देखा जा सकता है. लेकिन थोड़ी देर बाद ही ईरानी डेलीगेशन गुस्से में कमरे से बाहर चला जाता है। अराघची समेत ईरानी डेलीगेशन के वॉकआउट करने से शहबाज शरीफ के चेहरे का रंग उतर जाता है. उनके चेहरे पर हैरानी साफ नजर आती है.।

**जेडी वेंस ने भांप ली स्थिति:** ईरानी डेलीगेशन के वॉकआउट करने के बाद माहौल टेंशन वाला हो जाता है. अमेरीका के उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस की नजर शहबाज-मुनीर पर पड़ती है, जिनके हाव-भाव से परेशानी साफ झलक रही थी. फिर वेंस उन दोनों के पास जाते हैं और शहबाज-मुनीर के कान में कुछ कहते हैं।

## अखिलेश विरोधी होर्डिंग्स पर भड़की सपा, कहा- 'जनता के मुद्दों से ध्यान भटका रही भाजपा

**लोक तंत्र की आवाज़**

**ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता द्वारा**
**हरदोई ।** हरदोई में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार जनता की मूल समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए विपक्ष के खिलाफ दुष्प्रचार का सहारा ले रही है। सपा नेताओं का कहना है कि प्रदेश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, बिजली संकट और किसानों की समस्याओं पर जवाब देने के बजाय भाजपा राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति कर रही है।

**सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ लगाए गए होर्डिंग्स:** समाजवादी



व्यापार सभा के प्रदेश सचिव एवं नगर पालिका अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी रामज्ञान गुप्ता तथा समाजवादी युवजन सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष हरिनाम सिंह यादव ने कहा कि शहर में कई स्थानों पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ लगाए गए होर्डिंग्स को सपा कार्यकर्ताओं ने हटाने का काम किया।

उनका आरोप है कि इन होर्डिंग्स के माध्यम से समाजवादी पार्टी की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा था।सपा नेताओं ने कहा कि भाजपा लगातार समाजवादी पार्टी पर जातिवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाती है, जबकि हकीकत इसके विपरीत है। उनका दावा है कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में समाज के पिछड़े, दलित और वंचित वर्गों के साथ अन्याय बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब इन मुद्दों को समझ रही है और सरकार की नीतियों का आकलन कर रही है।

**किसानों को खेती-किसानी में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है:** नेताओं ने यह भी कहा कि आज प्रदेश का आम नागरिक बढ़ती महंगाई से परेशान है। घरेलू गैस, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि से लोगों का बजट बिगड़ गया है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी लोगों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है।

सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि छात्र और युवा रोजगार की मांग उठाते हैं तो उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों पर सरकार के पास कोई ठोस जवाब नहीं है।उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता बदलाव का फैसला करेगी। सपा नेताओं का दावा है कि आगामी चुनाव में पीडीए की ताकत के साथ समाजवादी पार्टी सत्ता में वापसी करेगी और अखिलेश यादव एक बार फिर प्रदेश की कमान संभालेंगे।

## पीएम कीएर स्टार्मर ने दिया इस्तीफा, ब्रिटेन की राजनीति में मचा भूचाल

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पद छोड़ने के बाद उन्होंने कहा कि यह फैसला उन्होंने देश के हित को ध्यान में रखते हुए लिया है। स्टार्मर के इस्तीफे के बाद ब्रिटेन की राजनीति में एक बार फिर से उथल-पुथल शुरू हो गई है और नए प्रधानमंत्री को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

**पिछले 10 वर्षों में छठे प्रधानमंत्री बने इस्तीफा देने वाले नेता:** ब्रिटेन में पिछले एक दशक के दौरान राजनीतिक अस्थिरता लगातार देखने को मिली है। कीएर स्टार्मर ऐसे छठे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले ही पद छोड़ दिया। इससे पहले भी कई प्रधानमंत्रियों ने विभिन्न राजनीतिक



और व्यक्तिगत कारणों से समय से पहले इस्तीफा दिया था।

**अगला प्रधानमंत्री कौन हो सकता है :** कीएर स्टार्मर के इस्तीफे के बाद सबसे ज्यादा चर्चा लेबर पार्टी के वरिष्ठ नेता एंडी बर्नहैम के नाम की हो रही है। माना जा रहा है कि वे प्रधानमंत्री पद की दौड़ में सबसे मजबूत दावेदारों में शामिल हैं। हालांकि, ब्रिटेन की राजनीति में तेजी से बदलते समीकरणों के बीच अन्य नेताओं के नाम भी सामने आ सकते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले दिनों में कई संभावित उम्मीदवारों को लेकर चर्चाएं और तेज होंगी।

**लेबर पार्टी और कंजर्वेटिव पार्टी के बीच फिर बढ़ेगी प्रतिस्पर्धा :** ब्रिटेन की राजनीति मुख्य रूप से लेबर पार्टी और कंजर्वेटिव पार्टी के इर्द-गिर्द घूमती है। स्टार्मर के इस्तीफे के बाद दोनों दलों की रणनीतियों पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन सा दल राजनीतिक परिस्थितियों का बेहतर लाभ उठा पाता है।

**ट्रंप के बयान की भी हो रही चर्चा :** कीएर स्टार्मर के इस्तीफे से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री जल्द ही अपना पद छोड़ सकते हैं। स्टार्मर के इस्तीफे के बाद ट्रंप का यह बयान भी चर्चा का विषय बन गया है। हालांकि, इस दावे को लेकर आधिकारिक तौर पर कोई पुष्टि नहीं की गई है।

**आगे क्या होगा? :** प्रधानमंत्री के इस्तीफे के बाद अब ब्रिटेन की राजनीति एक नए मोड़ पर पहुंच गई है। अगले प्रधानमंत्री के चयन, पार्टी नेतृत्व और भविष्य की राजनीतिक दिशा को लेकर देशभर में चर्चाएं जारी हैं। आने वाले दिनों में यह साफ हो सकेगा कि ब्रिटेन की सत्ता की कमान किस नेता के हाथों में जाएगी।

### स्टार्मर से पहले इन प्रधानमंत्रियों ने छोड़ा था पद

लिज ट्रस : लिज ट्रस का कार्यकाल ब्रिटेन के इतिहास में सबसे छोटे कार्यकालों में गिना जाता है। आर्थिक नीतियों को लेकर भारी आलोचना के बाद उन्हें पद छोड़ना पड़ा था।

बोरिस जॉनसन : बोरिस जॉनसन को अपनी सरकार से जुड़े कई विवादों और पार्टी के भीतर बढ़ते विरोध का सामना करना पड़ा। अंततः दबाव बढ़ने पर उन्होंने पीएम पद से इस्तीफा दे दिया।

थेरेसा मे : ब्रेक्जिट समझौते को संसद से मंजूरी दिलाने में लगातार असफल रहने के बाद थेरेसा मे ने अपने पद से त्यागपत्र दिया था।

डेविड कैमरन : ब्रेक्जिट जनमत संग्रह में यूरोपीय संघ छोड़ने के पक्ष में आए परिणाम के बाद डेविड कैमरन ने पीएम पद छोड़ने का फैसला किया था।

गॉर्डन ब्राउन :गॉर्डन ब्राउन ने आम चुनाव में हार के बाद प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया था और सत्ता परिवर्तन का रास्ता साफ किया था।

## राम मंदिर कैंप कार्यालय विवाद: महंत शशिकांत दास बोले- मैंने नि:शुल्क दी थी जगह, कमीशनखोरी की जानकारी नहीं

**लोक तंत्र की आवाज़**

**अयोध्या।** राम मंदिर दानपात्र और कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर चल रहे आरोप-प्रत्यारोप के बीच राम कचहरी चारों धाम मंदिर के महंत एवं सरयू नित्य आरती के अध्यक्ष शशिकांत दास ने अपना पक्ष सामने रखा है। उन्होंने इंजीनियर दीनानाथ वर्मा द्वारा लगाए गए आरोपों से स्वयं को पूरी तरह अलग बताते हुए कहा कि उन्होंने केवल श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को कैंप कार्यालय के संचालन के लिए अपना भवन निःशुल्क उपलब्ध कराया था।

महंत शशिकांत दास ने बताया कि तत्कालीन जिलाधिकारी अनुज झा, ट्रस्ट महासचिव चंपत राय और अन्य



पदाधिकारियों के अनुरोध पर उन्होंने राम कचहरी चारों धाम मंदिर परिसर स्थित अपना नवनिर्मित भवन ट्रस्ट को दिया था। इसके बदले उन्होंने कभी कोई किराया या शुल्क नहीं लिया।

उन्होंने कहा कि कैंप कार्यालय बाद में रामनिवास स्थानांतरित कर दिया गया, जिसके बाद ट्रस्ट ने परिसर का उपयोग बंद कर दिया। महंत ने स्पष्ट किया कि वह न तो दीनानाथ वर्मा को जानते हैं और न ही उनसे कभी मुलाकात हुई है। निर्माण कार्यों अथवा कथित कमीशनखोरी के आरोपों की उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

श्रीराम मंदिर से जुड़े विवादों की चर्चाओं के बीच अब एक और नया आरोप सामने आया है। राम मंदिर निर्माण कार्यों की निगरानी से जुड़े रहे सेवानिवृत्त इंजीनियर दीनानाथ वर्मा ने सोशल मीडिया पर प्रसारित एक इंटरव्यू में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वरिष्ठ ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इससे पहले टिन्नू यादव भी ट्रस्ट के प्रमुख पदाधिकारी पर सवाल उठा चुके हैं।

## नीट परीक्षा में सॉल्वर गैंग का पर्दाफाश, मेडिकल छात्रों समेत बायोमेट्रिक कंपनी के 24 लोग हिरासत में, डमी कैंडिडेट बिठाने के लिए 40 लाख की हुई थी डील

**लोकतंत्र की आवाज**

**संवाददाता विनोद प्रसाद**
**लखीसराय ।** बिहार के लखीसराय जिले में नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा की शुचिता को तार-तार करने की एक बड़ी साजिश का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। लखीसराय पुलिस ने नीट परीक्षा में सॉल्वर गैंग के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। लखीसराय के एसडीएम शिवम कुमार को गुप्त सूचना मिली कि बाहरी जिलों से कुछ डमी कैंडिडेट लखीसराय पहुंच रहे हैं और वे नीट परीक्षा में शामिल होने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस प्रशासन



अलर्ट मोड पर आ गया। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद किया गया।

इसी दौरान हसनपुर परीक्षा केंद्र पर एक परीक्षार्थी पर पुलिस को शक हुआ जब वह केंद्र में प्रवेश कर रहा था। कड़ाई से पूछताछ करने पर उस परीक्षार्थी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि वह असली परीक्षार्थी की जगह परीक्षा में बैठने आया है। परीक्षा के दौरान प्रतिरूपण के संदेह में 9 लोगों को हिरासत में लिया गया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई बढ़ाते हुए कुल 24 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए लोगों में पटना मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के तीसरे वर्ष के एमबीबीएस छात्र मयंक कश्यप और गया के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज के छात्र अर्पित राज शामिल हैं। इस गैंग का जाल काफी बड़ा था और इसमें दिल्ली, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, एम्स और रायबरेली जैसे बड़े संस्थानों के मेडिकल छात्र या इंटर्न शामिल थे। हैरानी की बात यह है कि परीक्षा प्रक्रिया को संभालने वाली बायोमेट्रिक कंपनी के 14 कर्मचारियों को भी हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ जारी है। पुलिस की जांच में यह खुलासा हुआ है कि डमी कैंडिडेट को बिठाने के लिए 30 से 40 लाख रुपये की मोटी रकम तय की गई थी।

## ऑपरेशन टाइगर नहीं, कीचड़...' उद्धव गुट के 6 सांसदों के बागी होने पर कांग्रेस ने साधा निशाना

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** पश्चिम बंगाल में ममता के नेतृत्व वाली टीएमसी और महाराष्ट्र में उद्धव के नेतृत्व वाली शिवसेना यूबीटी में मची फूट के बाद देश की सियासत गरमा गई है। कांग्रेस ने सोमवार को भाजपा के सहयोगी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में उद्धव ठाकरे के खेमे को और कमजोर करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन टाइगर को ऑपरेशन कीचड़ करार दिया है।

महाराष्ट्र में हुए ऑपरेशन टाइगर को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने तंज कसते हुए कहा, "यह ऑपरेशन कीचड़ है क्योंकि इन सीटों पर कमल



नहीं खिल सका। लेकिन हमारा सवाल यह है कि वे इतने परेशान क्यों हैं? वे 240 सीटों पर ही क्यों रुक गए, 400 सीटें क्यों नहीं मिलीं? अब वे TMC और शिवसेना जैसी दूसरी पार्टियों से सांसद तोड़ने में क्यों लगे हैं? मकसद क्या है? क्या उनका इरादा वास्तव में संविधान को बदलना है? ...इस डकैती के पीछे क्या मकसद है?..."

**शिव सेना यूबीटी के छह सांसदों ने शिंदे गुट में जाने का लिया फैसला :** गौरतलब है कि कांग्रेस नेता पवन खेड़ा नेता की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब शिवसेना (यूबीटी) के नौ लोकसभा सदस्यों में से छह ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खेमे में शामिल होने और सत्तारूढ़ एनडीए को समर्थन देने का फैसला लिया है।

**महाराष्ट्र में सिर्फ एक ही शिवसेना- अमित शाह:** बताते चले कि एकनाथ शिंदे की ओर से उद्धव को दिया गया यह दूसरा झटका है। जब ऑपरेशन टाइगर के तहत उद्धव गुट के सांसद शिंदे गुट में शामिल हो रहे हैं। हाल ही में केंद्रीय में गृहमंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि महाराष्ट्र में सिर्फ एक ही शिवसेना है और उसके प्रमुख एकनाथ शिंदे हैं।

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे को लगे झटके से पहले बंगाल में ममता बनर्जी को झटका लगा था। जब पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में टीएमसी को करारी हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद ममता बनर्जी ने बड़ी संख्या में सांसद और विधायक खो दिए। टीएमसी के 20 लोकसभा सदस्यों ने भी एक पार्टी में विलय कर लिया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### महिला के साथ मारपीट की प्राथमिकी

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन) :–**वारिसलीगंज थाना क्षेत्र कोल्हाविघा ग्रामीण विनोद यादव की पत्नी बिंदु देवी ने बेवजह मारपीट व छिनतई की प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में पीड़िता ने कहा है कि शनिवार को घास लाने बधार जा रही थी। इसी बीच गांव के अरविंद कुमार यादव जबरन हाथ पकड़ कर पास रहे गहना छीन लिया। साथ ही मारपीट कर जख्मी कर दिया गया।

### खोए दिव्यांग के मिलने से परिवार में खुशी

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन) :–**पांच दिनों पूर्व कोलकाता जाने के क्रम में कही गुम हुए दिव्यांग अधेड़ के रविवार की सुबह अचानक मिल जाने से परिवार में खुशियां छा गई। थाना क्षेत्र के हाजीपुर पंचायत की वार्ड 07 चुल्हाय बीघा तेलिया मिल्की निवासी अर्जुन साव का हाथ एवं पैर से दिव्यांग पुत्र 45 वर्षीय अशोक साव कोलकाता जाने के दौरान रास्ते में कही गुम हो गया था।

### विश्व योग दिवस पर लोगों ने योग कर दिया संदेश




**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन) :–**विश्व योग दिवस के मौके पर रविवार को प्रखंड क्षेत्र के कई स्थानों पर योग से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए। सरकारी तथा निजी संस्थानों में भी योग, व्यायाम, योगासन आदि कार्यक्रम सुबह से संध्या तक चलता रहा। बूढ़े, जवान, बच्चे तथा हर आयु वर्ग के लोगों ने योग कर विश्व योग दिवस को उत्साह पूर्वक मनाया। अहले सुबह से ही नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र में योग कार्यक्रमों की धूम रही।सुबह में पूर्व–मध्य रेलवे के किऊल–गया रेलखंड के वारिसलीगंज प्लेटफार्म संख्या 1 पर नगर के गणमान्य लोगों ने अधिवक्ता चंद्रमौलि शर्मा के नेतृत्व में योग व्यायाम कर विश्व योग दिवस मनाया। जबकि नेवाजगढ में अनिल कुमार के नेतृत्व में योग दिवस मनाया गया। वहीं, आरएसएस के सह जिला संघचालक डा. रणजीत कुमार के नेतृत्व में स्थानीय माफी गढ़ मैदान में विश्व योग दिवस मनाया गया। सबों ने नियमित योग कर निरोग रहने का संकल्प दोहराया।इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुणा देवी, पूर्व मुखिया ई. रामसकल सिंह, निरंजन कुमार, शैलेंद्र शर्मा, संजय कुमार मंगल, विजय कुमार राय, लक्ष्मण प्रसाद चौरसिया, कंचन कुमार, पूर्व मुखिया अक्षय कुमार, अरुण कुमार शर्मा, विजय कुमार, सुनील कुमार गुप्ता, बिनोद कुमार, शंभू शरण, दीनानाथ प्रसाद सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

### श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से मानव को त्रिविध तापों से मिलती है मुक्तिः- आचार्य श्यामदास जी महाराज



**कौआकोल।** प्रखण्ड के सोखोदेवरा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में आयोजित सप्तदिवसीय श्री श्री 108 श्री सूर्य नारायण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दूसरे दिन सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा–अर्चना के साथ धार्मिक अनुष्ठान आगे बढ़ा। यज्ञ स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भक्तिमय माहौल बना रहा। इस अवसर पर श्रीधाम वृंदावन (चित्रकूट धाम) से पधारे प्रसिद्ध प्रवचनकर्ता आचार्य श्यामदास जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराते हुए श्रद्धालुओं से कहा कि ''श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने मात्र से मनुष्य को त्रिविध तापों दैहिक,दैविक और भौतिक कष्टों से मुक्ति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा मनुष्य के जीवन को शुद्ध करती है और उसे धर्म, भक्ति तथा मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर करती है। आचार्य ने कहा कि कलियुग में भगवान के नाम,कथा और सत्संग ही मानव जीवन के कल्याण का सबसे सरल माध्यम है। कथा के दौरान श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर भक्ति रस में डूबे नजर आए। पूरे मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा तथा यज्ञ को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। वहीं यज्ञ में मेला जैसा दृश्य देखने को मिल रहा है। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला आदि की भी व्यवस्था की गई है।

# ग्रासरूट लेवल पर मानवाधिकार को प्रमोट करेगा एचआरयूएफ आईज

लोक तंत्र की आवाज

**एचआरयूएफ का 7 वां वर्षगांठ संपन्न**



**गया जी।** दुनिया के पावरफुल मानवाधिकार संस्थाओं में से एक ह्युमन राइट्स अम्ब्रेला फाउंडेशन-एचआरयूएफ ग्रासरूट लेवल पर मानवाधिकार को प्रमोट करने के लिये ₹एचआरयूएफ आईज₹ शुरू करेगा।इसके द्वारा लोगों को उनके मानवाधिकार और मानव कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया जायेगा। एचआरयूएफ के सातवें वर्षगांठ पर मशहूर अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं एचआरयूएफ चेयरमैन विशाल रंजन दफ्तुआर ने इसकी घोषणा की है।

गौरतलब है कि तत्कालीन राष्ट्रपति माननीय रामनाथ कोविंद की प्रेरणा से वर्ष 2019 में वैश्विक स्तर की संस्था ह्युमन राइट्स अम्ब्रेला फाउंडेशन-एचआरयूएफ की स्थापना की गई। अब तक लगातार सात ऐतिहासिक अंतर्राष्ट्रीय मिशनों को पूरा करके एचआरयूएफ ने जबरदस्त शुरुआत की है। एचआरयूएफ दुनिया का इकलौता औरगेनाईजेशन है जो मानवाधिकार के साथ-साथ मानव कर्तव्यों को भी प्रमोट करता है।भारत विरोधी मानवाधिकार संस्थाओं विशेषकर इंग्लैंड की एमनेस्टी इंटरनेशनल और अमेरिका की ह्युमन राइट्स वाच की साजिशों और कुचक्रों को कुचलना भी एचआरयूएफ का एक बड़ा लक्ष्य है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर भी एचआरयूएफ ने पहल की है। आम जनता के मानवाधिकारों के संरक्षण के साथ-साथ भारतीय सेना,अर्धसैनिक बलों और विभिन्न राज्य पुलिस बलों के मनोबल को ऊंचा रखना भी एचआरयूएफ का महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व है जिन्हें कई मर्तबा मानवाधिकार हनन के झूठे आरोपों के द्वारा हतोत्साहित किया जाता रहा है। अभी हाल में पटना के चर्चित कोचिंग प्रकरण में भी एचआरयूएफ ने पहल की है जिसके पश्चात राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने त्वरित कारवाई करते हुये पटना के एसएसपी से दो सप्ताह के अंदर जवाब मांगा है। आरा के बहुचर्चित एनकाउंटर मामले में भी ह्युमन राइट्स अम्ब्रेला फाउंडेशन- एचआरयूएफ ने हस्तक्षेप किया है।

**एचआरयूएफ के सात सफल अंतर्राष्ट्रीय मिशनः** वर्ष 2019 के 12 सितम्बर को बांग्लादेश की जेल में 11 साल से कैद दरभंगा के सतीश चौधरी की 1 महीने में वतन वापसी वर्ष 2019 के दिसम्बर माह में बांग्लादेश की जेल से उत्तर प्रदेश के बलिया के अनिल कुमार सिंह की रिहाई। वर्ष 2020 में कोरोना के वक्त बांग्लादेश की महिला सवेरा बेगम की वतन वापसी। बांग्लादेश की सरकार ने कार्डिनेशन की सारी जिम्मेदारी लिखित रूप से एचआरयूएफ चेयरमैन को दी थी।यह अभूतपूर्व अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि थी। वर्ष 2021 में कोरोना के डेल्टा वेरिंयट के वक्त भागलपुर के उस्तु गाँव के अनुसूचित जाति के भूमिहीन राजेन्द्र रविदास की बांग्लादेश की जेल से त्वरित रिहाई। वर्ष 2023 में म्यांमार के 2 नागरिकों की वतन वापसी। वर्ष 2023 बांग्लादेश के एक नागरिक की वतन वापसी। वर्ष 2024 में इथोपिया से उत्तर प्रदेश, बिहार और हिमाचल प्रदेश के 21 लोगों की त्वरित वतन वापसी।

# सिपाही भर्ती परीक्षा की तैयारियां पूरी, 18 केंद्रों पर 12,942 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा



लोक तंत्र की आवाज

**बिहारशरीफ।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), पटना के अंतर्गत विशेष शाखा में सिपाही (सामान्य बंद संवर्ग) पद के लिए 24 जून को आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा की तैयारियों को लेकर सोमवार को टाउन हॉल, बिहारशरीफ में अधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी उप विकास आयुक्त-सह-अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) रंजन कुमार चौधरी ने की।उन्होंने केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा हर हाल में स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराई जाए। परीक्षा जिला मुख्यालय बिहारशरीफ के 18 केंद्रों पर आयोजित होगी, जिसमें कुल 12,942 अभ्यर्थी शामिल होंगे।परीक्षा एक पाली में दो प्रश्न पत्रों के लिए आयोजित होगी। प्रथम प्रश्न पत्र सुबह 10 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय प्रश्न पत्र दोपहर 12 बजे से 1:30 बजे तक होगा। अभ्यर्थियों का रिपोर्टिंग समय सुबह 8 बजे निर्धारित किया गया है। केंद्रों में प्रवेश सुबह 8 बजे से 9 बजे तक सघन फ्रिस्किंग के बाद ही दिया जाएगा। 9 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।परीक्षा संचालन के लिए 36 स्टैटिक दंडाधिकारी, 9 गश्ती दल दंडाधिकारी, 9 जोनल मजिस्ट्रेट तथा 4 उड़नदस्ता दल तैनात किए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सतत वीडियोग्राफी कराई जाएगी। परीक्षा केंद्रों के 500 गज की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी।परीक्षा से संबंधित शिकायत एवं सूचना के लिए जिला नियंत्रण कक्ष का टोल-फ्री नंबर 18003456323 जारी किया गया है। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी, केंद्राधीक्षक एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# अज्ञात बोलेरो की चपेट में आने से बुजुर्ग किसान की मौत

लोक तंत्र की आवाज

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र स्थित एनएच-20 के सर्विस लेन पर रविशंकर कोल्ड स्टोरेज के समीप सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 76 वर्षीय बुजुर्ग किसान की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब बुजुर्ग सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो ने उन्हें कुचल दिया और चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।मृतक की पहचान लहेरी थाना क्षेत्र के बड़ी पहाड़ी मोहल्ला निवासी स्वर्गीय बुधन महतो के पुत्र केदार महतो के रूप में हुई है।मृतक के पुत्र कुलदीप कुमार ने बताया कि उनके पिता रोज की तरह सोमवार सुबह खेत से काम कर वापस घर लौट रहे थे। रविशंकर कोल्ड स्टोरेज के पास सड़क पार करने के दौरान एक तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजन उन्हें तत्काल पावापुरी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही दीपनगर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया।

# अनंत लाल ने 159 रैक लाकर बना एसडीएम

लोकतंत्र की आवाज





**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)ः**-लक्ष्य निर्धारित कर ईमानदार प्रयास एवं कठिन परिश्रम से आप सफलता के उच्च शिखर तक पहुंच सकते हैं। जिंदगी में सीखने की भूख जिस किसी के भीतर है वे आज नहीं तो कल सफलता की मंजिल को जरूर पा लेंगे।यह बातें वारिसलीगंज के कोचगांव पंचायत की झौर गांव निवासी दयानंद लाल के पुत्र अनंत लाल ने कही। शनिवार की शाम प्रकाशित बीपीएससी 70 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। परीक्षा में झौर गांव के अनंत लाल ने 159 रैक लाकर एसडीएम पद के लिए चयनित हुए है। मध्यम वर्गीय परिवार में जन्मे अनंत ने अपने दूसरे प्रयास में यह सफलता पाई है। अनंत की एकेडमी शिक्षा वारिसलीगंज के बीके साहू इंटर विद्यालय तथा एसएन सिन्हा कालेज से हुई है। पटना में अपने रुममेट सर्वेश कुमार के साथ रहकर सफलता की कहानी लिखी है।अनंत कहते है कि मेरी सफलता में सर्वेश का बड़ा योगदान रहा है। फिलहाल अनंत यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी में जुटे है।सफलता की सूचना से परिवार समेत वारिसलीगंज क्षेत्र में खुशी का माहौल देखा जा रहा है।दूसरी ओर वारिसलीगंज उतर बाजार के दुर्गा स्थान निवासी किराना दुकानदार मुरारी प्रसाद का पुत्र आयुष राज ने कड़ी मेहनत के बल पर बीपीएससी 70वीं की परीक्षा में 844 वी रैंक लाकर रेवेन्यू आफिसर के पद पर चयनित हुए है।बताया गया कि आयुष 2024 में यूपीएससी की परीक्षा में इंटरब्यू दिया था, लेकिन फाइनल सेलेक्शन नहीं हुआ था। आयुष के चयन से बाजार वासियों में खुशी देखी जा रही है। अपने दोनों लाल की सफलता पर वारिसलीगंज के बुद्धिजीवी, पत्रकारो एवं जनप्रतिनिधि गौरान्वित महसूस कर रहे है।शिक्षाविद डा गोविंद जी तिवारी, मुखिया राजकुमार सिंह, पूर्व विधायक अरुणा देवी समेत स्थानीय पत्रकार अशोक कुमार, उमाशंकर पाठक,सुजीत कुमार,आदि ने दोनों सफल अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।बीपीएससी परीक्षा परिणाम बाद झौर समेत वारिसलीगंज उतर बाजार में खुशी के माहौल में मिठाई बांटी गई। वही वारिसलीगंज के युवाओं ने गुलाल उड़ा एवं पटाखे फोड़कर एक साथ होली एवं दीपावली मनाया।

# रजौली में गिट्टी लदा ट्रैक्टर पलटा,दो लोग गंभीर रूप से घायल, चालक फरार, घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद नवादा रेफर

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**



**रजौली।** थाना क्षेत्र के एसएच-70 पर रजौली-सिरदला रोड स्थित केन्दुआ गांव के समीप सोमवार दोपहर गिट्टी से लदा एक अनियंत्रित ट्रैक्टर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों एवं परिजनों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल रजौली में भर्ती कराया गया। जहां अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. अभिप्राय चौधरी ने प्राथमिक इलाज की। घायलों की पहचान कर्मा गांव निवासी आफताब आलम एवं मुमताज आलम के रूप में हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया। अस्पताल परिसर में मौजूद कर्मा गांव निवासी इम्तियाज आलम ने बताया कि गांव में मदरसा का निर्माण कार्य चल रहा था। उसी निर्माण कार्य के लिए बैरिया मोड़ के समीप बने गिट्टी डंप से गिट्टी खरीद कर ट्रैक्टर से लाई जा रही थी। इसी दौरान केन्दुआ गांव के पास अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। हादसे के तुरंत बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। इम्तियाज आलम ने बताया कि दोनों घायलों की स्थिति गंभीर होने के कारण डॉक्टर ने नवादा रेफर किया है, लेकिन परिजन उनका इलाज किसी निजी अस्पताल में कराने की तैयारी कर रहे थे। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना को लेकर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। साथ ही बताया कि पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बिहारशरीफ : पंचायतों को विकास कार्यों के लिए अधिक राशि, 16वें वित्त आयोग से 20 फीसदी बढ़ी निधि

लोक तंत्र की आवाज



**बिहारशरीफ।** पंचायतों में विकास कार्यों को गति देने के लिए 16वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के तहत अनुदान राशि में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद ग्राम पंचायतों को पहले की तुलना में अधिक वित्तीय संसाधन उपलब्ध होंगे, जिससे आधारभूत संरचना, जनसुविधाओं और स्थानीय आवश्यकताओं से जुड़े कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकेगा।जानकारी के अनुसार, अब एक ग्राम पंचायत को 16वें वित्त आयोग मद से प्रतिवर्ष लगभग 50 लाख रुपये प्राप्त होंगे, जबकि पहले यह राशि 40 लाख रुपये थी। इसके साथ ही अनुदान राशि के वितरण के अनुपात में भी बदलाव किया गया है। पहले कुल राशि का 60 प्रतिशत हिस्सा ग्राम पंचायत, जबकि पंचायत समिति और प्रखंड स्तर को 20-20 प्रतिशत राशि मिलती थी। नई व्यवस्था में ग्राम पंचायतों का हिस्सा बढ़ाकर 80 प्रतिशत कर दिया गया है, जबकि पंचायत समिति और प्रखंड को 10-10 प्रतिशत राशि मिलेगी।जिला पंचायत संसाधन केंद्र में इन दिनों जनप्रतिनिधियों और संबंधित कर्मियों को नए प्रावधानों की जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला पंचायत संसाधन केंद्र के नोडल पदाधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 की ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) के प्रभावी एवं समन्वित क्रियान्वयन के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में पंचायती राज मंत्रालय के दिशा-निर्देशों तथा 16वें वित्त आयोग के उद्देश्यों पर विशेष बल दिया जा रहा है। नई व्यवस्था से पंचायतों की वित्तीय क्षमता बढ़ेगी और गांवों में विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त होगा।

# नाबार्ड वित्त पोषित 'जीवा परियोजना' का हुआ भव्य शुभारंभ, सोखोदेवरा आश्रम में किसानों के बीच केसीसी व कृषि उपादान का हुआ वितरण

लोक तंत्र की आवाज



**कौआकोल।** नवादा के जेपी आश्रम शेखोदेवरा में सोमवार को क्षेत्र में कृषि विकास,पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित 'जीवा परियोजना' का सोमवार को भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नाबार्ड बिहार के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह,ग्राम निर्माण मंडल के अध्यक्ष प्रभाकर कुमार,प्रधानमंत्री अरविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने परिसर में आयोजित सब्जी एवं फल प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में स्थानीय किसानों द्वारा उगाई गई उन्नत कृषि उपज को देखकर अधिकारियों ने सराहना की तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए बिहार ग्रामीण बैंक द्वारा पांच प्रगतिशील किसानों के बीच किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया। इसके अलावा जीवा परियोजना के प्रथम चरण में कौआकोल प्रखंड के चयनित चार गांवों के किसानों को कृषि उपादान (कृषि सामग्रियां) भी अतिथियों के हाथों वितरित किए गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि गौतम कुमार सिंह ने कहा कि जीवा परियोजना का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के अनुकूल टिकाऊ कृषि पद्धतियों को मजबूत करना है। यह पहल जलग्रहण क्षेत्रों में कृषि-पारिस्थितिकी को विकसित कर किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होगी। वहीं ग्राम निर्माण मंडल के अध्यक्ष प्रभाकर कुमार एवं प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने नाबार्ड के सहयोग की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के किसानों के लिए एक मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम में नाबार्ड के सहायक प्रबंधक प्रमेश कुमार,डीडीएम सुशांत रौशन,बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक, एलडीएम,कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह,आत्मा के उप परियोजना निदेशक,कृषि विज्ञानी अंगद कुमार सहित बड़ी संख्या में कृषि विशेषज्ञ और स्थानीय किसान उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 समारोहः महाबोध फाउंडेशन, बोधगया

लोकतंत्र की आवाज



**बोधगया।** निवारक स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित अपने महाक्योर (टँउ४१ी) कार्यक्रम के अंतर्गत महाबोध फाउंडेशन ने 21 जून 2026 को जीन अमिताभ स्कूल, बोधगया में एक विशेष योग सत्र आयोजित कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का उत्सव मनाया। योग सत्र का संचालन पतंजलि से प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक *शिव शंकर प्रसाद* द्वारा किया गया है। इस कार्यक्रम में बोधगया एवं बगदाहा मध्य विद्यालयों की प्रधानाचार्य डॉ. उषा देवी एवं डॉ. मनोरमा, इनरव्हील क्लब, बोधगया की *बीना सिन्हा* एवं *रीना प्रसाद* विशेष रूप से उपस्थित थीं। रोटरी क्लब, बोधगया के सदस्य भी इस अवसर पर मौजूद रहे हैं। महाबोध स्कॉलर्स, अभिभावकों तथा जीन अमिताभ स्कूल के विद्यार्थियों सहित 125 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। टीम टेकइन्फाई सोशल फाउंडेशन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक लॉजिस्टिक सहयोग प्रदान किया है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाबोध फाउंडेशन के संरक्षक द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं स्वागत संबोधन से हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, ₹योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति और सामाजिक समरसता का मार्ग है। महाक्योर के माध्यम से हम समुदाय में निवारक स्वास्थ्य की संस्कृति विकसित करना चाहते हैं। योग सत्र में प्राणायाम, सूर्य नमस्कार एवं विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाया गया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अनियंत्रित पिकअप से कुचलकर एक बराती की मौत, दूल्हे के पिता समेत कई घायल

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता



**हरदोई।** बरात आने के बाद द्वारचार की रस्मों की तैयारियां चल रहीं थीं। बैंड बाजे की धुन में बराती झूम रहेथे। इसी बीच सड़क पर काल बनकर दौड़ी पिकअप ने सड़क के किनारे खड़े एक बराती को कुचल दिया हादसे में उसकी मौके पर मौत हो गई। जबकि दूल्हे के पिता समेत कई लोग घायल हो गए। हादसे से शादी की खुशियां मातम में बदल गई। आनन-फानन में घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया गया। फर्रुखाबाद के फतेहगढ़ थाने के ग्रामभरेहपुर के आशीष की बरात रविवार रात सांडी के ग्राम कुंवरियापुर आई थी। रात करीब 9:30 बजे नश्ता होने के बाद द्वारचार की तैयारियां हो रहीं थी।आशीष के पिता अमृतलाल,ताऊ रामतीर्थ और गांव के बबलू समेत कई लोग सड़क के किनारे खड़े थे। उसी दौरान तेज रफ्तार से आई दूध की कैन लदी पिकअप ने सड़क के किनारे खड़े बबलू को पहले कुचला,इसके बाद दूल्हे पिता, ताऊ व अन्य बरातियों को टक्कर मार दी।हादसे में बबलू की मौके पर मौत हो गई। दूल्हे के पिता, ताऊ व अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस से मेडिकल कालेज भिजवाया। यहां पर अमृतलाल का उपचार चल रहा है।अन्य घायलों को चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। सूचना पर बबलू के स्वजन आ गए। थाना प्रभारी समर बहादुर सिंह ने बताया कि पिकअप का पता नहीं चला है। तहरीर मिलने पर एफआइआर दर्ज की जाएगी।

### बिजनौर जिंदा औरत को राशन कार्ड में मृत घोषित दर्शाया

लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह



**बिजनौर जि।** बढ़ापुर साहब, मैं मरी नहीं हूं। मैं तो जिंदा हूं। आपके सामने खड़ी हूं मर गई होती तो आपके दफ्तर में कैसे आ जाती मैं बिल्कुल भी झूठ नहीं बोल रही हूं। आप मेरी जांच करा लो। मेरे ऊपर इतनी दया कर दो कि मैं जिंदा हो जाऊं। अधिकारियों के सम्मुख यह गुहार लगाने वाली कस्बा निवासी एक महिला है जिसे मृत दर्शाकर उसका राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया है।कस्बे के मुहल्ला नौमी निवासी नईमा खातून पत्नी वहीदुल्ला का आरोप का आरोप है कि उसे जीवित होते हुए पूर्ति विभाग में मृत दर्शा कर उसका राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया है। महिला का कहना है कि वह गरीब परिवार से ताल्लुक रखती है। उसका पति बीमार रहता है। उसका राशन कार्ड क्रमांक 1134130755 है। राशन कार्ड कुल 6 यूनिट है।महिला का आरोप है कि 6 माह पूर्व जब वह राशन लेने गई थी तब से राशन डीलर उसे हर माह यह कहकर भगा देता है कि तू तो मर चुकी है, इसलिए तेरा राशन कार्ड पूर्ति विभाग ने निरस्त कर दिया है। पीड़ित महिला का कहना है कि जब उसे राशन डीलर की बात पर विश्वास नहीं हुआ तो उसने जन सेवा केंद्र पहुंच कर ऑनलाइन चेक कराया तो उसमे मृत दर्शाने के कारण उसका राशन कार्ड निरस्त होना दिखाया गया है। इसके बाद से वह लगातार पूर्ति विभाग और उपजिलाधिकारी नगीना के कार्यालय के चक्कर लगा-लगाकर अपने जिंदा होने का सबूत दे चुकी है। मगर कोई भी अधिकारी उसकी गुहार सुनने को तैयार नहीं है। अधिकारी सिर्फ आश्वासन दे देते हैं कि मामले की जांच कराई जाएगी लेकिन कई माह से उसकी कोई सुनवाई न होने से उसका परिवार आहत है और राशन बंद होने से बहुत मुश्किल और कठिन दौर से गुजर रहा है।

### डीएम की जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को कई मामलों में मिला संवेदनशील समाधान

लोकतंत्र की आवाज



**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस दौरान राजस्व, भूमि विवाद, विद्युत, पेंशन, आवास, राशन, सड़क, जलापूर्ति तथा अन्य विभागों से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण केवल कागजों में नहीं, बल्कि धरातल पर दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही वास्तविक निस्तारण का आधार है, इसलिए अधिकारी प्रकरणों की स्वयं समीक्षा करें और निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई शासन की प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनावश्यक विलंब या शिकायतकर्ता को बार-बार परेशान किए जाने की स्थिति में संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील प्रकरणों में तत्काल मौके पर टीम भेजकर तथ्यात्मक जांच कराई जाए और पात्र व्यक्तियों को शासन की योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से उपलब्ध कराया जाए।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा बैठक सम्पन्न खराब प्रगति वाले विभागों को सुधार हेतु जिलाधिकारी ने किया निर्देशित

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता

**हरदोई।** आज विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में विकास कार्यों से सम्बंधित विभागों की सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर विभागीय योजनाओं की प्रगति परिलक्षित होती है। जिसकी समीक्षा शासन स्तर पर की जाती है। प्रतिमाह सभी जिलों की रैंकिंग शासन द्वारा जारी की जाती है। प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग की अनवरत समीक्षा की जाये। रैंकिंग में सुधार के लिए विशेष प्रयास किये जाएं। सूचनाओं को विभागीय पोर्टल पर ससमय फीडिंग सुनिश्चित की जाये। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा की तथा निर्देश दिये कि समस्त कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि मे पूर्ण किया जाये। उन्होंने कहा कि निविदा की शर्तो का उल्लंघन करने वाले कार्यदायी संस्थाओं के विरूद्व नोटिस जारी करते हुये कार्यवाही की जाये। पूर्ण कार्यो का निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये हैण्डओवर कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी शासनादेश के प्राविधानों के अनुसार समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करे। समय से कार्ययोजना प्रस्तुत किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।

# जामिया तिब्बिया देवबंद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूम धाम से मनाया गया

लोक तंत्र की आवाज





**असद सिद्दीकी**
**देवबंद।** हाईवे स्थित जामिया तिबिया मेडिकल कॉलेज देवबंद में आयुष मंत्रालय भारत सरकार तथा उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार स्थानीय जामिया तिब्बिया देवबन्द में योग" के अन्तर्गत चल रहे ''योग सप्ताह'' के जामिया तिब्बिया देवबन्द के प्रांगण में योग दिवस धूम धाम से मनाया गया। जामिया तिब्बिया देवबन्द में योग शिविर का शुभारम्भ आल इण्डिया यूनानी तिब्बी कान्फ्रेन्स उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष तथा आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डा. अनवर सईद, सचिव, जामिया तिब्बिया देवबन्द द्वारा किया गया। इस अवसर पर जीवन योग फाउंडेशन, रेलवे रोड़, देवबन्द के सौजन्य से आयोजित सामूहिक योग में योग आचार्य विशाल पुंडीर तथा उनकी टीम ने भिन्न भिन्न प्रकार के योगासन कराये। सामूहिक योग के दौरान विकास पुडीर एवं उनकी पूरी टीम का भरपूर योगदान रहा।

जामिया तिब्बिया देवबन्द की ओर से दिनाँक 15.06.2026 से दिनाँक 21.06.2026 तक ''योग सप्ताह'' के अन्तर्गत सरकार के आदेशानुसार संस्था द्वारा योगाभ्यास कराया गया तथा योग के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया

जिसमें जामिया तिब्बिया देवबन्द की ओर से योग प्रशिक्षक विशाल पुण्डीर, डा0 मो0 आज़म उस्मानी, डा0 मुज़म्मिल,जमशेद अनवर,शिबली इकबाल आबिद,सुहैब अली, मनोज कुमार, श्रीमति अलका, सचिन कुमार आदि ने गाँव गाँव तथा देवबन्द के विभिन्न क्षेत्रों में योगासन कराया। जिसमें नगर के हज़ारों व्यक्तियों को योग से जोड़ा गया तथा ग्रामवासियों को योग के लाभ के विषय में जानकारी देते हुए कहा गया कि योग हमारे जीवन के लिए अति महत्वपूर्ण है। इससे मनुष्य को सभी रोगों से लड़ने के लिए क्षमता प्राप्त होती है।

महाविद्यालय जामिया तिब्बिया देवबन्द में योगाभ्यास के बाद एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष श्री अरूण गुप्ता ने समस्त छात्र, छात्राओं, इन्टनस तथा समस्त स्टाफ को सम्बोधित करते हुए कहा कि योग हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है।उन्होने बताया की हमारी जो प्राचीन विधा थी उसको आगे लाकर बहुत अच्छा काम किया।उ

न्होने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के हम सबको एक पेड मॉ के नाम अपने अपने क्षेत्र में लगाना चाहिए। आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डा. अनवर सईद, सचिव जामिया तिब्बिया देवबन्द ने छात्र छात्राओं एवं समस्त स्टाफ़ को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2015 में 21 जून को अन्तर्राष्टीय योग दिवस घोषित करने के उपरान्त योग की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। जिससे मनुष्य के स्वास्थ्य में भी प्रतिरोधक क्षमता का विकास हुआ है। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा ''सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास'' का पालन करते हुए महाविद्यालय ने अपना भरपूर योगदान दिया है। जिसकी हम सराहना करते हैं तथा संस्था के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। योगाभ्यास के आचार्य श्री विशाल पुंडीर एवं श्री विकास पंुडीर ने संयुक्त रूप से कहा कि हमारी जीवन योग फांउडेशन के लिए गर्व की बात है कि हर साल की भांति इस साल भी इस संस्था में योगासन सिखाने का अवसर मिला। इसके लिए हम संस्था के आभारी है और आग्रह करते है कि संस्था के सभी कर्मचारी एवं छात्र/छात्रायें योग को अपनाये जिससे हमारा जीवन स्वस्थ रहे। इस अवसर पर संस्था के प्रशासनिक अधिकारी डा0 अख्तर सईद ने कहा कि आज की भागम भाग जीवन शैली जो विभिन्न प्रकार की शारीरिक एवं सामाजिक जटिलताओं का कारण बन रही है, उसमें दैनिक योगाभ्यास न केवल आवश्यक है अपितु जीवन को स्वस्थ और सुविधाजनक रखने के लिए एक निशुल्क लेकिन अत्यन्त महत्वपूर्ण साधन है। योग किसी समाज विशेष या किसी देश विशेष का कार्यक्रम नहीं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास से अब यह अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर विभिन्न देशों और विभिन्न समाजों द्वारा सहर्ष स्वीकृत कार्यक्रम है जो अमल में लाया जा रहा है। इस सम्बन्ध में उ.प्र. सरकार का योग कार्यक्रम से जनता को जोड़ने का और उसकी चेतना पैदा करने का जो कार्यक्रम है वह अत्यन्त सराहनीय है। जनता के इस कार्यक्रम में जुड़ने से न केवल जनमानस स्वास्थ्य के प्रति सचेत होगा अपितु पारस्परिक सामान्जस्य एवं सहयोग का वातावरण भी इस योग सप्ताह के द्वारा पैदा होगा।

गोष्ठी के अन्त में प्रो0 नासिर अली खान, प्राचार्य, जामिया तिब्बिया देवबन्द ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय जामिया तिब्बिया देवबन्द में आयोजित इस योग शिविर में कालेज के समस्त टीचिंग स्टाफ़, नान टीचिंग व पैरामेडिकल स्टाफ़ ने तथा छात्र/छात्राओं एवं इन्टनस ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### यूपी सरकार ने पर्यटकों की संख्या बढ़ने पर होम स्टे नीति में किया बदलाव, अब आठ कमरों का ही होगा रजिस्ट्रेशन



लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना

**लखनऊ।** प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों के विस्तार और पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रदेश सरकार ने बीएंडबी (बेड एंड ब्रेकफास्ट) व होम स्टे नीति-2025 में बदलाव किए हैं। नई व्यवस्था के तहत अब होम स्टे और बीएंडबी इकाइयों में अधिकतम आठ कमरे (16 शैय्या) तक पंजीकृत कराए जा सकेंगे।साथ ही पंजीकृत इकाइयों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं पंजीकरण नवीनीकरण (आटो रिन्यूअल) की सुविधा भी मिलेगी। पहले इसकी सीमा छह कमरों तक थी। संशोधित नीति के अनुसार शहरी क्षेत्रों में होम स्टे इकाइयों में न्यूनतम एक और अधिकतम आठ कमरे किराये के लिए पंजीकृत किए जा सकेंगे। यह भी अनिवार्य होगा कि होम स्टे स्वामित्व या विकास प्राधिकरण से लीज पर प्राप्त भूमि पर बने आवासीय भवन में संचालित हो और मालिक या उसका परिवार वहीं निवास करे।

# बिजनौर परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन का भनेड़ा टोल प्लाजा पर औचक निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
**बिजनौर।** परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने शनिवार देर शाम किरतपुर स्थित भनेड़ा टोल प्लाजा पर विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 13 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

आयुक्त ने परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर वाहनों की सघन जांच की। अभियान के दौरान चार वाहन चालक शराब के नशे में गाड़ी चलाते हुए पकड़े गए, जिन पर ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत चालान किए गए। इसके अलावा, तेज आवाज और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले दो वाहनों के मॉडिफाइड साइलेंसर पर भी कार्रवाई हुई। सात दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ बिना हेलमेट गाड़ी चलाने पर चालान काटे गए।

परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने बताया कि यह संयुक्त चेकिंग परिवहन विभाग और स्थानीय पुलिस द्वारा की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे शासन के प्रतिनिधि के रूप में योग दिवस के नोडल अधिकारी के तौर पर बिजनौर आए थे और इसी दौरान उन्होंने प्रवर्तन कार्रवाई का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस और परिवहन विभाग के बीच बेहतर समन्वय की सराहना भी की। आयुक्त ने मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं का जिक्र करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और घायलों की संख्या को कम करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए लोगों में जागरूकता फैलाना और उन्हें यातायात नियमों की जानकारी देना आवश्यक है। उन्होंने नियमित प्रवर्तन कार्रवाई जारी रखने पर भी जोर दिया।

आयुक्त ने वाहन चालकों से अपील की कि वे शराब पीकर गाड़ी न चलाएं, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें तथा वाहनों में किसी भी प्रकार का अवैध संशोधन न कराएं। इस अभियान के दौरान आरटीओ मुरादाबाद राजीव कुमार, एएसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह, सीओ नजीबाबाद आकांक्षा गौतम, एआरटीओ प्रवर्तन मुरादाबाद संदीप कुमार पंकज और एआरटीओ प्रवर्तन बिजनौर महेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# शासन और मण्लायुक्त को गुमराह करके कराए जा रहे हैं सीलादेश निरस्त

लोकतंत्र की आवाज



**साजिद सलमानी ब्यूरो चीफ**
**सहारनपुर।** अवैध निर्माण एवं स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण करवाने को आए दिन चर्चा में रहने वाले सहारनपुर विकास प्राधिकरण से एक बहुत ही चौंकाने वाला गंभीर मामला प्रकाश में आया है जिसमें सहारनपुर विकास प्राधिकरण के विधि अनुभाग के कार्मिकों की भूमिका बेहद संदिग्ध नजर आती है जो विभाग से साथ अमानत में खयानत और विभाग के प्रति सत्य निष्ठा के विरुद्ध कार्य कर रहे है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सहारनपुर विकास प्राधिकरण के जोन-9 के अंतर्गत घंटाघर के निकट रेलवे रोड पर सरकारी नजूल भूमि पर प्राधिकरण के कार्मिकों द्वारा अपने निजी लाभ हेतु नियमों को ताक मे रखकर होटल बनवा दिए गए थे जिसकी शिकायत एक शिकायतकर्ता द्वारा लोकायुक्त उत्तर प्रदेश में की गई जिसकी जांच तत्कालीन आयुक्त सहारनपुर मंडल द्वारा कार्मिकों की टीम बनाकर की गयी जिसमें सभी होटल सरकारी नजूल भूमि पर स्थित पाए गए और शिकायत सही पाई गई थी जिसकी रिपोर्ट आयुक्त द्वारा लोकायुक्त उ. प्र. को प्रेषित कर दी गई थी, इसके बाद प्राधिकरण द्वारा दिसंबर 2025 में सरकारी नजूल भूमि पर बने अवैध होटलों को सील कर दिया गया था। तद्पश्चात करीब 5 माह सील रहने के बाद अवैध होटल निर्माणकर्ताओं ने प्राधिकरण के विधि अनुभाग के कार्मिकों से सेटिंग-गेटिंग करके उत्तर प्रदेश शासन एवं आयुक्त सहारनपुर के यहां अपीलें दायर की जिसमें सभी होटल सरकारी नजूल भूमि पर बने होने एवं लोकायुक्त में शिकायत होने के अहम तथ्य गोपन कर और असम्यक लाभ लेकर सील आदेश निरस्त करवा दिए गए, यही नहीं सूत्रों से भी जानकारी मिली है की सील आदेश निरस्त होने से पहले ही होटल स्वामियों ने सीलें ध्वस्थ कर दी और होटलों का संचालन शुरू कर दिया। बड़ा सवाल है कि प्राधिकरण के विधि अनुभाग ने अपीलों की सुनवाई के दौरान पीठ को यह क्यों नहीं बताया कि सभी होटल सरकारी नजूल भूमि बने हैं और यह होटल किसी भी दशा में शमन नहीं हो सकते है। संभवतः असम्यक लाभ प्राप्त करके सील निरस्त के आदेश कराए गए हैं जिसकी जांच के लिए मुख्यमंत्री उ. प्र. एवं लोकायुक्त उ. प्र. एवं एंटी करप्शन कोर्ट सहारनपुर में शिकायत कराई जाने की पूरी तैयारी की जा रही है।

# दुष्यंत नर्सिंग होम में महिला की मौत, अवैध संचालन व झोलाछाप चिकित्सा के आरोप

लोकतंत्र की आवाज




■ **बिजनौर धामपुर के सुहागपुर क्षेत्र का मामला**

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
**बिजनौर।** धामपुर क्षेत्र के सुहागपुर निवासी नाजिया पत्नी इरशाद (निवासीः निकट गुरु राम राय पब्लिक स्कूल, टाल के पास) को बीती रात उपचार के लिए दुष्यंत नर्सिंग होम, सुहागपुर धामपुर में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि दुष्यंत नर्सिंग होम अपंजीकृत है और इसे झोलाछाप चिकित्सा द्वारा चलाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह अस्पताल शीटल रानी द्वारा संचालित किया जा रहा है लोगों का कहना है कि अस्पताल में न तो मानक सुविधाएं हैं और न ही योग्य डॉक्टरों द्वारा उपचार किया जाता है, जिससे पहले भी मरीजों की जान को खतरा हो चुका है।

**पत्रकारों का संरक्षण मिलने का आरोपः** स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कुछ पत्रकारों की मिलीभगत के कारण इस अवैध अस्पताल को संरक्षण मिलता है और प्रशासन की कार्रवाई नहीं हो पाती। रात में रफा-दफा किए जाने की चर्चा प्राप्त सूचना के अनुसार, बताया जा रहा है कि महिलो की मौत के मामले को रात में ही आपसी सहमति से पैसा लेकर रफा-दफा यिा गया। हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**परिजनों की मांग :** पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो अस्पताल के पंजीकरण, लाइसेंस और डॉक्टरों की योग्यता की जांच की जाए, दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए स्वास्थ्य विभाग ने क्या कहा ?स्वास्थ्य विभाग की टीम को मामले की जानकारी दी गई है। जांच के बाद ही अस्पताल की वैधता और घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। अभी तक किसी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।प्रशासन ने जताया संज्ञान प्रशासन ने मामले का संज्ञान लिया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यदि अस्पताल अपंजीकृत पाया गया या नियमों का उल्लंघन हुआ तो उसके खिलाफ सीलिंग सहित कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# देवबंद नगर पालिक चेयरमैन विपिन गर्ग का सफाई कर्मचारी यूनियन ने कार्यकाल पूर्ण होने पर दी बधाई

लोक तंत्र की आवाज



**असद सिद्दीकी**
**देवबंद।** वाल्मीकि समाज का एक प्रतिनिधिमंडल भारी संख्या में वाल्मीकि समाज के लोग वह सफाई कर्मचारी के साथ नगर के अध्यक्ष विपिन गर्ग जी के पास पहुंचा जिसमें विपिन गर्ग के सफल 3 साल के कार्यकाल पूरे होने के लिए उन्हें फूल मलाई पहना कर बधाई दी और सभी का मुंह मीठा कराया गया ।

चेयरमैन साहब ने अपने इस 3 साल के कार्यकाल में सफाई कर्मचारियों का लगभग साढे चार करोड रुपए का भुगतान किया है और अब नगर पालिका में किसी भी सफाई कर्मचारी का कोई बकाया नहीं रहा है इसके लिए चेयरमैन साहब का सफाई कर्मचारी यूनियन व राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दीपक चंचल ने अपने साथियों सहित धन्यवाद किया और एक मांग पत्र भी चेयरमैन साहब को सैपा जिसमें मांग की गई है की माता बाला सुंदरी मेला ग्राउंड में वाल्मीकि भगवान का एक भव्य द्वार स्थित था जिसे सड़क के चोडी कारण के समय पर हटा दिया गया था और कहा गया था कि इसे पुन स्थापित कर दिया जाएगा परंतु वह अभी तक नहीं हुआ है तो उसी विषय में चेयरमैन साहब से सभी लोगों ने कहा है कि वह वाल्मीकि द्वारा जल्द से जल्द बना दिया जाए साथ में रहे सचिन गांगुली सौरव पिवाल मास्टर दीपक पिवाल जी अशोक आनंद जी बिट्टू रंजीत वाल्मीकि देवानंद बहुत बाबूलाल गुल्लू गुड्डु विशाल टॉक चौधरी सचिन पिवाल राजेश टॉक निखिल बिरला आदि भारी संख्या में वाल्मीकि समाज मौजूद रहे।

### पेट्रोल पंप खोलने का लालच देकर की 11.50 लाख की धोखाधड़ी

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता

**हरदोई।** कोतवाली संडीला पुलिस ने जमीन लेकर पैट्रोल पम्प खोले जाने के नाम पर 11.50 लाख रुपये धोखाधड़ी करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कासिमपुर थाना क्षेत्र के जमसारा गांव निवासी भैयालाल पुत्र दुबरि ने संडीला कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि कुछ दिन पूर्व संडीला के ही रहने वाले एक अनिल गौतम नामक एक व्यक्ति से पहचान हुई थी।उसने पेट्रोल पंप खोले जाने को लेकर जमीन खरीदने की बात कह कर कर दो किस्तों में 11:50 लाख रुपए लिए थे। कुछ दिन बाद मैंने फोन पर उनसे संपर्क करने की कोशिश की लेकिन फोन बंद निकला। अब उससे कोई भी संपर्क न होने पर सूचना देने कोतवाली संडीला आया हूं। संडीला कोतवाल वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि भैया लाल की तहरीर पर आरोपी अनिल गौतम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी है।

# राज्यमंत्री की उपस्थिति में नेहरू स्टेडियम में भव्य योग कार्यक्रम संपन्न

लोकतंत्र की आवाज



■ **योगा फॉर हेल्दी एजिंग, थीम पर हुआ आयोजन, प्रभारी मंत्री ने किया पौधारोपण**

**रिपोर्ट पायल कुमारी**
**बिजनौर।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास कपिल देव अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में जनपद मुख्यालय स्थित नेहरू स्टेडियम में वृहद योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने भी मंत्री जी के साथ योगा किया। उधर रिजर्व पुलिस लाइन में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग रही। प्रभारी मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने मंत्री को औषधीय पौधा भेंट कर स्वागत किया। योग प्रशिक्षकों द्वारा स्टेडियम में उपस्थित सैकड़ों योग साधकों को ताड़ासन, भुजंगासन, प्राणायाम सहित विभिन्न योगासन एवं क्रियाएं कराई गईं। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सजीव प्रसारण भी सुना। प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि हमें अपने जीवन में योग को अंगीकार करना चाहिए। योग जीवन के उत्थान के लिए है। नियमित योग करने वाले सदैव निरोगी रहते हैं और समाज का कभी अहित नहीं कर सकते। बढ़ती उम्र में स्वस्थ रहने के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संपूर्ण जनपद मंर व्यापक योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। सभी को अपनी दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने उत्कृष्ट योग संस्थाओं एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम के समापन पर प्रभारी मंत्री, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों ने स्टेडियम परिसर में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर सदर विधायक श्रीमती सुची चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह, पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उधर, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक टीझ्ष्जैक् झ्ज्ञ द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन बिजनौर में पुलिसकर्मियों के साथ सामूहिक योगाभ्यास कर सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नियमित योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, ग्रामीण सहित अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मुंगेर की बेटी काव्या का बैडमिंटन में परचम, मां पूजा कुमारी का समर्पण बना ताकतः कोच बोले- देश का नाम रोशन करेगी



लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट अनोज कुमार सिंह

मुंगेर।_ मुंगेर की बेटी काव्या बैडमिंटन के क्षेत्र में कड़ी मेहनत कर रही है और खूब पसीना बहा रही है। इसका पूरा श्रेय उसकी मां पूजा कुमारी को जाता है, जो बेटी के प्रशिक्षण के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं। घंटों अभ्यास के दौरान मां मैदान पर इंतजार करती हैं और बच्ची की हर एक तकनीक को बारीकी से देखती हैं। लंबे कद की शानदार बैडमिंटन खिलाड़ी काव्या पढ़ाई में भी अव्वल है। उसकी लगन और प्रतिभा ने बैडमिंटन कोच को काफी प्रभावित किया है। कोच का कहना है, ₹इसी तरह मेहनत करती रही तो यकीनन काव्या बिहार एवं देश का नाम ऊँचा करेगी।₹ मां पूजा कुमारी का सपना है कि बेटी परिवार और मुंगेर का नाम बैडमिंटन में आगे बढ़ाए। यही वजह है कि उन्होंने बच्ची को खेल के प्रति पूरी तरह समर्पित कर दिया है। डाइट से लेकर फिजिकल फिटनेस और हर एक्टिविटी में मां कदम से कदम मिलाकर साथ रहती हैं। हाल ही में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में काव्या ने शानदार प्रदर्शन कर मेडल एवं ट्रॉफी जीती। इस जीत के बाद उसके अंदर और कुछ कर गुजरने की तमन्ना जाग उठी है। मां पूजा कुमारी खुद NCC से जुड़ी रही थीं, लेकिन कम उम्र में शादी होने की वजह से आगे नहीं बढ़ पाईं। अब उनका सपना बेटी के जरिए पूरा हो रहा है। उन्होंने शाइनिंग स्टाइल बैडमिंटन एकेडमी के सभी कोच, प्रबंधक और मैनेजमेंट की भी प्रशंसा की। जिस तरह से माता-पिता का सपोर्ट काव्या को मिल रहा है, विश्वास है कि वो आगे चलकर बैडमिंटन क्षेत्र में मुंगेर का नाम रोशन करेगी।

### मुफस्सिल थाना परिसर में मोहर्रम पर्व को लेकर हुईं, शांति समिति की बैठक अयोजित



लोकतन्त्र की आवाज़

साहिबगंज। मुफस्सिल थाना परिसर में सोमवार को मोहर्रम पर्व को शांति पुर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर सदर एसडीपीओ सुशील कुमार अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक अयोजित हुई। वही मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश कुमार पाण्डेय नगर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अमित गुप्ता भी उपस्थित थे। इस बैठक में आए हुए शांति समिति के सदस्य के साथ वार्ता लाप करते हुए कहा कि सभी कोई मिलकर भाई चारा बनाते हुए शांति पूर्ण माहौल में पर्व को सम्पन्न करें। तय समय सीमा एवम तय की गई रोड़ में लेकर जुलूस को समय सीमा के अन्दर किसी भी समुदाय की भावना को ठेस न पहुंचे इस बात का ध्यान मे रखकर ही नारा लगायेंगे एवम सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का आपत्ति जनक टिपण्णी नही करेंगे अन्यथा उस पर कानूनी कार्रवाई भी निश्चित तौर पर की जायेगी। इस बैठक में मनोज यादव, मो हनान, मो जबीर, मो सप्पो, मो फकरुद्दीन, मो इशाक मो गुड्डू, राजा मुराद, मो इम्तियाज, अमरदीप कुमार सिंह एवम अन्य उपस्थित थे।

### भरत तिवारी के एनकाउंटर के खिलाफ कैंडल मार्च निकाला



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के गोराडीह ग्राम में सर्व ब्राह्मण कल्याण मंच की तरफ से भरत तिवारी शाहपुर वाले का आत्मसमर्पण के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा जो एनकाउंटर कराया गया , उसके विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया । सर्व ब्राह्मण कल्याण मंच के सदस्यों ने झूठा एनकाउंटर करने वाले पुलिसकर्मियों पर FIR दर्ज करने, उचित न्याय दे। दोषी पुलिस कर्मियों को फांसी देने की मांग की। कैंडल मार्च से सत्यनारायण ओझा ,अशोक ओझा , भीमनाथ ओझा, डॉक्टर सुमन कुमार मिश्रा ,सुशील ओझा, राजेश ओझा ,डॉक्टर ओम प्रकाश ओझा, श्रीराम ओझा, श्री शिव कुमार अग्निहोत्री, कृष्ण कुमार मिश्र, सहित अन्य कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने सरकार के इस को कृत्य को घर निंदा की और सरकार से इसका निष्पक्ष जांच करने की मांग की गई । 2 करोड रुपए की मुआवजा की राशि उसे परिवार को देने के लिए सरकार से मुख्य रूप से मांग किया गया।

### दैनिक जागरण समाचार पत्र के पत्रकार के निधन से शोक की लहर



लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। जिले के वरिष्ठ पत्रकार (दैनिक जागरण) एवं कल्याणपुर प्रखंड के अजना गांव निवासी डॉ.विनय कुमार शर्मा के निधन पर जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, कल्याणपुर प्रखंड राजद अध्यक्ष रामबाबू राय,जिला महासचिव मो.परवेज आलम, राजद नेता रामनाथ राय, उमाशंकर यादव,मो.जकी अहमद आरजू,राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रोफेसर रजनीश कुशवाहा, प्रांतीय नेता हरेन्द्र कुमार,राय सोनी सिंह,बेचन कुमार,उपेंद्र राय,राजकुमार साफी, जयशंकर राय,नवीन राम, विजय राम,विनोद बैठा, कमलेश प्रसाद राय,दिनेश कुमार,चंदन कुमार,अरुण राय, दीपक राय,दिलीप यादव, राकेश कुमार माया,बिरजू राय, अरविंद राय,आदित्य नाथ झा, सुशील कुमार यादव,अरविंद बैठा,संजय राय,मनोज कुमार

# समस्तीपुर : दूर देहात संस्था ने इंटर्नों को किया प्रमाण पत्र का वितरित किया

लोकतंत्र की आवाज

### छात्रों ने माना इंटर्नशिप से होता है व्यक्तित्व का विकास



विभूतिपुर/समस्तीपुर। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की इंटर्नशिप गाइडलाइंस के तहत दूर देहात संस्था द्वारा आयोजित इंटर्नशिप कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। जिस अवसर पर 628 इंटर्नो के बीच प्रमाण पत्र एवं उपस्थिति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इंटर्नशिप में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के पाँचवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में समस्तीपुर कॉलेज, समस्तीपुर वुमेंस कॉलेज, समस्तीपुर, यूआर कॉलेज, रोसड़ा, जीडी कॉलेज, बेगूसराय तथा डीबीकेएन कॉलेज, नरहन के विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों को सामुदायिक विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति जागरूकता, डिजिटल साक्षरता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर कार्य करने का अवसर मिला।

प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में समन्वयक मनीष कुमार, पर्यवेक्षक पिंटू कुमार, प्रशिक्षक विवेक कुमार एवं रंजीत कुमार ने संयुक्त रूप से सभी इंटर्नो को प्रमाण पत्र एवं उपस्थिति प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह और संतोष का माहौल देखने को मिला। संस्था के सचिव आचार्य प्रभु नारायण झा ने सभी इंटर्नों को इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहने तथा एक जागरूक, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। वहीं कार्यक्रम के दौरान कई इंटर्नों ने अपने अनुभव साझा करते हुए दूर देहात संस्था का आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने कहा कि संस्था ने निःशुल्क इंटर्नशिप उपलब्ध कराने के साथ-साथ प्रत्येक चरण में आवश्यक मार्गदर्शन, सहयोग और सीखने का अवसर प्रदान किया।

इससे उन्हें समाज की वास्तविक समस्याओं को समझने तथा उनके समाधान की दिशा में कार्य करने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। दूर देहात संस्था के अध्यक्ष दिनेश कुमार दिनकर ने बताया कि संस्था का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक विकास की मुख्यधारा से जोड़ना तथा उनमें नेतृत्व, सेवा और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। 628 इंटर्नो की सहभागिता के साथ संपन्न यह कार्यक्रम युवाओं के व्यक्तित्व विकास, कौशल संवर्धन एवं सामुदायिक नेतृत्व निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।1 से 20 जून तक चलनेवाले इस कार्यक्रम में श्रवण कुमार दास, नीतीश कुमार, सुबोध, सोनू, आयुष कुमार, संजीव कुमार, रंजन कुमार, अंशु कुमार, संतोष कुमार आदि सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया।

## साहिबगंजः भगवान गणेश, राधा कृष्णा, बजरंगबली मूर्ति को गाजे बाजे ढोल नगाड़ा के साथ शहर भ्रमण कराया गया



लोकतंत्र की आवाज़

साहिबगंज। नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत हरिपुर शिवालय में पांच दिवसीय राधा कृष्ण, गणेश भगवान एवं बजरंगबली का मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह पूजन के दूसरे दिन सोमवार को मूर्ति को नगर भ्रमण कराया गया।

मंदिर के मुख्य पुरोहित सुनील पंडित ने बताया कि पहले दिन 501 कलश के कलश यात्रा निकाला गया। दूसरे दिन मंदिर में वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधिवत रूप से पूजन किया गया ओर संध्या बेला में भगवान गणेश, राधा कृष्णा, बजरंगबली की मूर्ति को फूलों से सजे रथ में सवार करके ढोल नगाड़ा गाजे बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने झूमते नाचते गाते नगर भ्रमण कराया। जिसमें महिला पुरुष श्रद्धालु काफी संख्या में शामिल थे। वही 23 जून को वैदिक मंत्रोचारण से विधिवत पूजन करके फ़लाधिवास, 24 जून को अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, सज्जा अधिवास व फ़लाधिवास होगा। 25 जून को प्राण प्रतिष्ठा व संध्या में भोग वितरण किया जाएगा। मौके पर पप्पू स्वर्णकार, संतोष मोदी, श्रवण मोदी, कुंदन साह, संजय यादव, नीरज कुमार, मुन्ना यादव, आशीष यादव, राजा सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## भागलपुर में सड़क किनारे खड़ी जुगाड से टकराई बाइक



लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

भागलपुर। भागलपुर में खराब पड़ी जुगाड़ी गाड़ी में पीछे से बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। मृतक की पहचान अभी नहीं हुई है। पुलिस ने नारायणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं, मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया है।

बताया जा रहा कि सोमवार को दोनों युवक नवगछिया से रूम खाली कर खरीक की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बीरबन्ना चौक के पास पहले से नुकीले रॉड से लदी खराब जुगाड़ गाड़ी में उनकी बाइक लगभग 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पीछे से टकरा गई। बाइक चला रहे युवक के शरीर में नुकीले रॉड धंस गए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। करीब 15 मिनट बाद स्थानीय लोगों ने किसी तरह उसे जुगाड़ गाड़ी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी। वहीं, बाइक पर सवार दूसरा युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

## नुक्कड़ सभा के माध्यम से थाना घेराव में भाग लेने का किया आह्वान

लोकतंत्र की आवाज




ताजपुर/समस्तीपुर। थाना क्षेत्र में बढ़ते हत्या, लूट, छिनतई एवं अन्य आपराधिक घटनाओं के खिलाफ तथा विभिन्न कांडों के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भाकपा माले एवं बिहार राज्य व्यवसाई संघ द्वारा 22 जून को प्रस्तावित ताजपुर थाना घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने ताजपुर के विभिन्न चौक-चौराहों, बाजारों एवं मोहल्लों में लोगों से संपर्क कर नुक्कड़ सभाएं आयोजित की।

सभाओं में वक्ताओं ने कहा कि ताजपुर थाना कांड संख्या 98/26 में मोटरसाइकिल मिस्त्री संजीव कुमार सहनी हत्याकांड के अभियुक्तों की गिरफ्तारी, किराना व्यवसायी नरेश चौधरी से लूटपाट एवं गोलीकांड के अपराधियों की गिरफ्तारी, दर्जीनिया चौड़ हत्याकांड एवं नीम चौक सोना लूटकांड समेत क्षेत्र की सभी आपराधिक घटनाओं का उद्भेदन कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए। साथ ही बढ़ते पुलिसिया जुल्म, हत्या, लूट एवं अपराध पर प्रभावी रोक लगाने तथा महिला थाना कांड संख्या 61/26 में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी की भी मांग की गई। नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि अपराध और असुरक्षा के माहौल से आम जनता, व्यवसायी एवं मजदूर-किसान परेशान हैं। प्रशासन की निष्क्रियता के खिलाफ जनता की आवाज को बुलंद करने के लिए 22 जून को बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी जरूरी है।

नेताओं ने आम जनता, व्यवसायियों, किसानों, मजदूरों, युवाओं एवं महिलाओं से अपील की कि वे 22 जून को सुबह 11 बजे कर्बला पोखर (जनता मैदान), ताजपुर पहुंचें और वहां से निकलने वाले जुलूस में शामिल होकर ताजपुर थाना घेराव एवं प्रतिरोध सभा को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएं। मौके पर भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह, किसान नेता बरहेंद्र प्रसाद सिंह, राजदेव प्रसाद सिंह, संजीव राय, व्यवसाई संघ के प्रभात रंजन गुप्ता, इनौस के आसिफ होदा, मो.एजाज, आइसा के जीतेंद्र सहनी, ऐपवा के सुलेखा कुमारी, खेग्रामस के शंकर महतो आदि उपस्थित थे।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर में गठिया व जोड़ों के दर्द के मरीजों का होगा उपचार

लोकतन्त्र की आवाज़




साहिबगंज। शहर के प्रसिद्ध पोद्दार होमियो क्लिनिक की ओर से जरूरतमंद मरीजों के लिए 25 जून को एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य गठिया, जोड़ों के दर्द सहित विभिन्न अस्थि एवं नस संबंधी समस्याओं से पीड़ित लोगों को विशेषज्ञ परामर्श एवं उपचार कराना है।

क्लिनिक प्रबंधन के अनुसार शिविर में गठिया, साइटिका, कमर दर्द, घुटना दर्द, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, गर्दन दर्द, पीठ दर्द तथा जोड़ों में दर्द एवं सूजन से पीड़ित मरीजों की जांच की जाएगी। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों को होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से उचित परामर्श एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन देंगे। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्थानीय मछुआ सोसाइटी में होगा। शिविर में डॉ एसएन प्रसाद एवं डॉ उमा कुमारी मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। शिविर में शामिल होने के लिए पूर्व पंजीकरण अनिवार्य रखा गया है। इच्छुक मरीज 23 एवं 24 जून की सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चैती दुर्गा चौक स्थित पोद्दार होमियो क्लिनिक में अपना पंजीकरण करा सकते हैं। क्लिनिक प्रबंधन ने जिले के गठिया, जोड़ों के दर्द एवं अन्य संबंधित समस्याओं से पीड़ित मरीजों से समय पर पंजीकरण कराकर इस निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## मुंगेर, 21 जून 2026। मेरा युवा भारत (MY Bharat), मुंगेर के तत्वावधान में "योग-365 योग महाकुंभ"

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट अनोज कुमार सिंह

मुंगेर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन इंदौर स्टेडियम, मुंगेर में किया गया। यह कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी श्री मयंक के निर्देशानुसार तथा जिला प्रशासन का सहयोग से शुभारंभ किया गया

कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के स्वयंसेवकों ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर सामूहिक योगाभ्यास किया तथा योग के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर योग प्रशिक्षक श्री अरविंद माधव ने कहा कि योग करने से शरीर स्वस्थ एवं मन सुदृढ़ होता है। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ बनाए रखता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। जिला युवा अधिकारी श्री मयंक ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह तन, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने की एक प्राचीन विधा है। योग हमें स्वस्थ, अनुशासित एवं तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

योग दिवस के अवसर पर प्रतिभागियों को संदेश दिया गया— "साँसों को दें नई दिशा, तन-मन को दें विश्राम। योग अपनाएं हर दिन, जीवन बने स्वस्थ और खुशहाल।" इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक प्राची प्रसाद, सुमन कुमारी, काजल कुमारी, मोहित, आर्यन, अमर कुमार, बलबीर, प्रमोद कुमार, सुनील कुमार एवं अन्य युवा क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

## बबुआ घाट पर गूंजा 'ओम' और 'जय हिंद': बीआरएम कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने मनाया योग दिवस

लोकतंत्र की आवाज

### दिया स्वस्थ जीवन और स्वच्छता का संदेश



रिपोर्ट अनोज कुमार सिंह

मुंगेर। 47 बिहार बटालियन के अंतर्गत बीआरएम कॉलेज मुंगेर के एनसीसी कैडेट्स ने प्रसिद्ध बबुआ घाट पर पूरे उत्साह के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 मनाया।

रविवार को गंगा तट पर सामूहिक योगाभ्यास कर कैडेट्स ने स्वस्थ जीवन और अनुशासन का संदेश दिया। प्रातः 6:00 बजे सभी कैडेट घाट पर एकत्रित हुए। सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, कपालभाति और अनुलोम-विलोम के साथ 'ओम' के उच्चारण से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम का नेतृत्व लेफ्टिनेंट कुमारी नेहा और हवलदार अमरजीत कुमार ने किया। उनके मार्गदर्शन में सार्जेंट सानिया खातून, कॉर्पोरल अमीषा कुमारी, सपना कुमारी, नीलू कुमारी, रिमझिम कुमारी सहित सभी कैडेट्स ने पूर्ण अनुशासन के साथ भाग लिया।

एनसीसी अधिकारी ने कहा, "मुंगेर को सिटी ऑफ योग कहा जाता है। बबुआ घाट पर यह आयोजन युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाता है।" कार्यक्रम के अंत में सभी कैडेट्स ने राष्ट्रगान गाया और घाट की सफाई कर स्वच्छता का संदेश भी दिया।

## हरे चारे की वैज्ञानिक खेती से बढ़ेगी किसानों की आय

लोकतंत्र की आवाज



रामजी कुमार

समस्तीपुर। पशुपालन को लाभकारी बनाने और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, बिरौली द्वारा हाइफर इंटरनेशनल के सहयोग से "हरे चारे के उत्पादन एवं पशु पोषण में उसके उपयोग" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में समस्तीपुर जिले की 30 महिला किसानों ने भाग लेकर वैज्ञानिक चारा उत्पादन और पशु पोषण संबंधी आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. आर.के. झा ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पशुधन विकास और किसानों की आय में वृद्धि के लिए गुणवत्तायुक्त हरे चारे की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक पद्धति से चारा उत्पादन अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि संतुलित पोषण मिलने पर पशुओं की उत्पादकता और स्वास्थ्य दोनों में उल्लेखनीय सुधार होता है।

कार्यक्रम की शुरुआत में कृषि विज्ञान केंद्र, बिरौली के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. आर.के. तिवारी ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पशुपालन क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक पशुओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है, जिसमें हरे चारे की महत्वपूर्ण भूमिका है।

तकनीकी सत्र में डॉ. तिवारी ने पशुओं के पोषण प्रबंधन और हरे चारे के वैज्ञानिक उपयोग पर विस्तार से चर्चा की। वहीं डॉ. कौशल किशोर तथा भारती उपाध्याय ने हरे चारे की विभिन्न फसलों, उन्नत किस्मों, वर्षभर चारा उपलब्धता की रणनीति तथा उत्पादन तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नेपियर घास, बरसीम, जई और मक्का जैसी चारा फसलों की वैज्ञानिक खेती से पशुओं के लिए पोषक चारे की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है।

कार्यशाला के अगले सत्र में सुमित कुमार सिंह ने चारा फसलों में लगने वाले प्रमुख कीटों एवं रोगों की पहचान तथा उनके समेकित प्रबंधन उपायों पर

### पशुधन के अधिक उत्पादक होंगे

प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों को रासायनिक दवाओं के संतुलित उपयोग और जैविक नियंत्रण विधियों को अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम का समापन इं. विनीता कश्यप के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने सभी अतिथियों, विशेषज्ञों, हाइफर इंटरनेशनल तथा सहभागी महिला किसानों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यशाला के दौरान महिला किसानों ने वैज्ञानिक चारा उत्पादन, पशु पोषण एवं रोग प्रबंधन से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से उत्तर दिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य किसानों, विशेषकर महिला पशुपालकों को उन्नत चारा उत्पादन तकनीकों से जोड़कर पशुपालन को अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ बनाना था।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सहरसा के तीन बच्चों ने नेपाल में लहराया भारत का परचम, जीते स्वर्ण पदक



नेपाल की राजधानी नेपाल डांस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2026 में सहरसा के एक बेटी और दो बेटों ने शानदार प्रदर्शन कर भारत का गौरव बढ़ाया। डांस स्पोर्ट्स काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा देश के विभिन्न राज्यों से चयनित प्रतिभागियों में सहरसा के तीन प्रतिभाशाली बच्चों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में अद्विक, अंश राज एवं अस्तुति प्रिया ने अपने-अपने वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। तीनों प्रतिभागियों की इस उपलब्धि से भारत का परचम नेपाल में लहराया। साथ ही इनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर साउथ कोरिया में आयोजित होने वाली आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भी इनका चयन सुनिश्चित हो गया है। इस उपलब्धि की खबर मिलते ही सहरसा सहित पूरे जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। बच्चों के अभिभावकों ने उनकी सफलता का श्रेय उनके प्रशिक्षक रौशन डी-क्यूज़ को दिया है। रौशन डी-क्यूज, स्ट्रगलर डांस एकेडमी के संचालक हैं और उनके मार्गदर्शन में कई प्रतिभाएं राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी हैं। रौशन डी-क्यूज लगातार सहरसा में नृत्य एवं कला के क्षेत्र में नई प्रतिभाओं को अवसर प्रदान कर रहे हैं तथा स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अद्विक, अंश राज और अस्तुति प्रिया की यह उपलब्धि न केवल सहरसा बल्कि पूरे बिहार के लिए गौरव का विषय है तथा युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत भी है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा ने सभी मंडलों में किया योगाभ्यास



**सहरसा संवादाता।**
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी सहरसा जिला इकाई द्वारा जिले के सभी 19 मंडलों में योग शिविर एवं योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में सहरसा नगर पूर्वी मंडल के तत्वावधान में मंडल अध्यक्ष अभिनव सिंह की अध्यक्षता में भव्य योग शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में योग शिक्षक डॉ. मुरारी सिंह एवं संघ के शारीरिक प्रमुख श्रवण कुमार के मार्गदर्शन में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष साजन शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष शिभूषण सिंह उपस्थित रहे। योग शिविर में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष साजन शर्मा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से वैश्विक पहचान मिली है। उन्होंने स्वस्थ एवं निरोग जीवन के लिए नियमित योग करने का आह्वान किया। जिला उपाध्यक्ष शिभूषण सिंह ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का प्रभावी माध्यम है तथा इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा नियमित योग करने के संकल्प के साथ हुआ। योग शिविर में मुख्य रूप से शशि शेखर झा सम्राट, रितेश रंजन, विजय बसंत, जिला मीडिया प्रभारी सुमित सिन्हा, रंजीत दास, शशि सिंह, जिला पार्षद रजनीश कुमार, सावित्री सिंह, मीना सिंह, सूरज मिश्रा, अखिलेश पांडेय, प्रभाष कुमार झा, प्रदीप झा, शशि सोनी, अरुण जायसवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# सिपाही के पद पर चयन हेतु बुधवार को आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा स्वच्छ वातावरण में कदाचार मुक्त कराई जाएगी : जिलाधिकारी

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
अध्यक्ष, केंद्रीय चयन परिषद (सिपाही भर्ती) बिहार, पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में विज्ञापन संख्या-01/2026 अंतर्गत विशेष शाखा में सिपाही के पद पर चयन हेतु प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक 24.06.2026 (बुधवार) को पूर्वी चंपारण जिला के कुल 11 परीक्षा केंद्र निर्धारित है। परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं केंद्र अधीक्षकों की संयुक्त ब्रीफिंग संपन्न हुई जिसमें बताया गया कि सिपाही के पद पर चयन हेतु जिला में कुल 11परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उक्त परिक्षा में परीक्षा में 7097 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो सीटिंग में ली जाएगी। पहले सीटिंग की परिक्षा 10:00 बजे पूर्वाह्न से 11:30 बजे पूर्वाह्न तक तथा दूसरी सीटिंग की परिक्षा 12:00 बजे मध्यान्ह से 1:30 बजे अपराह्न तक चलेगी। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के द्वारा इस महत्वपूर्ण परीक्षा को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष वातावरण में कदाचार मुक्त संपन्न कराने को लेकर प्रतिनियुक्ति सभी मजिस्ट्रेट एवं केंद्राधीक्षकों को सभी जरूरी निर्देश दिया गया। केंद्राधीक्षकों से कहा गया कि सभी परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा एवं जैमर की व्यवस्था करा लें। केंद्र अधीक्षक परीक्षा केंद्रों के सभी कक्ष में घड़ी की व्यवस्था रखेंगे और समय का मिलान कर लेंगे। सभी परीक्षा केंद्र पर बिजली की समुचित व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखें। परीक्षा केंद्र पर प्रतिनियुक्त स्टेटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी/पुलिस बल को निर्देश दिया गया कि 07:00 बजे पूर्वाह्न में अपने एलॉटेड परीक्षा केंद्र पर उपस्थित रहेंगे। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों का प्रवेश 08:00 बजे पूर्वाह्न से कराया जाएगा और 09:00 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र के अंदर एक बार प्रवेश करेंगे और दोनों सीटिंग की परीक्षा देने के उपरांत ही परीक्षा केंद्र से बाहर निकलेंगे।

परीक्षार्थियों का तीन लेयर में फ्रीस्किंग का निर्देश दिया गया।पहला मुख्य द्वार से अंदर प्रवेश के समय एवं दूसरा परीक्षा केंद्र के अंदर फ्रीस्किंग कराई जाएगी। तीसरे चरण की फ्रीस्किन परीक्षा कक्ष में कराई जाएगी। परीक्षार्थी केवल प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश करेंगे उन्हें पेन ले जाने की भी अनुमति नहीं होगी। परीक्षा कक्ष में ही उन्हें लेखन कार्य के लिए पेन उपलब्ध कराया जाएगा। संयुक्त ब्रीफिंग में बताया गया कि परीक्षा के सफल व शांतिपूर्ण आयोजन लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग हेतु महिला कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, घड़ी, इरेज़र, शार्पनर एवं अन्य किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस/ गजट ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थियों के प्रवेश के बाद सभी परीक्षार्थियों को आवंटित रोल नंबर के आधार पर बैठना होगा। परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी में प्रतिनियुक्त कर्मी/पदाधिकारी/दंडाधिकारी को अपने पास मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को रखने की अनुमति नहीं होगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर 200 गज की परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-163 के तहत संपूर्ण परीक्षा अवधि तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी। सदर अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा परीक्षा केंद्र के 200 गज की दूरी के अंतर्गत स्थित सभी फोटो स्टेट / साइबर कैफे की दुकान को परीक्षा की तिथि को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। परीक्षा केंद्र पर मीडिया के प्रवेश को वर्जित किया गया है। परीक्षा को स्वच्छ एवं निष्पक्ष वातावरण में संचालन को लेकर आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जो दूरभाष संख्या 06252-242418 पर परीक्षा के दिन कार्यरत रहेगा। सोमवार के संयुक्त ब्रीफिंग में अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा, अपर समाहर्ता लोक शिकायत शैलेंद्र कुमार भारती, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच)मो. शिबगतुल्लहा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा, सहायक समाहर्ता राज कृष्ण झा, सदर एसडीपीओ दिलीप कुमार, सिविल सर्जन पूर्वी चंपारण, वरीय उप समाहर्ता अमरेश कुमार, डीपीओ माध्यमिक शिक्षा नित्याम कुमार गौरव सहित प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सभी केंद्र अधीक्षक उपस्थित थे।

# बलवाहाट में नदी में डूबने से दो किशोरियों की मौत, गांव में मचा कोहराम



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।**
बलवाहाट थाना क्षेत्र के बघवा पंचायत अंतर्गत गोपालपुर गांव में रविवार को नदी में डूबने से दो किशोरियों की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया। घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार गोपालपुर गांव के वार्ड संख्या-04 निवासी मु. कासिम की 14 वर्षीय पुत्री निशा प्रवीण और उनके साढ़ू मु. मुन्ना की करीब 18 वर्षीय पुत्री जन्नती खातून रविवार को बघवा गांव के पश्चिम स्थित नदी में स्नान करने गई थीं। स्नान के दौरान अचानक दोनों का पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में चली गईं। देखते ही देखते दोनों पानी में डूबने लगीं। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद लोगों और ग्रामीणों ने शोर मचाते हुए दोनों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। इसके बाद ग्रामीणों ने नदी में खोजबीन शुरू की। काफी मशक्कत के बाद दोनों किशोरियों के शव को नदी से बाहर निकाला और गांव लाया गया।खुशियों का माहौल गम में हुआ तब्दील:बताया जाता है कि दोनों रिश्ते में बहनें थीं और बाहर रहकर पढ़ाई करती थीं। वे पारिवारिक समारोह में शामिल होने के लिए गांव आई हुई थीं। खुशियों के माहौल के बीच हुए इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। घटना की सूचना मिलते ही बलवाहाट थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। एसआई मैनुद्दीन और एसआई अमित कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जानकारी ली। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने की पहल की, लेकिन स्वजनों ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। इसके बाद प्रशासन ने औपचारिक प्रक्रिया पूरी कर शव स्वजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया। इस हृदयविदारक घटना से गोपालपुर सहित आसपास के गांवों में शोक की लहर है। ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने मृतक किशोरियों के स्वजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## ऑपरेशन मुस्कान फेज-09 में 51 मोबाइल बरामद, वास्तविक धारकों को सौंपे गए

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।**
बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सहरसा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ₹ऑपरेशन मुस्कान₹ अभियान के तहत गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को लौटाने का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में रविवार को पुलिस केंद्र सहरसा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ऑपरेशन मुस्कान फेज-09 के तहत बरामद 51 मोबाइल फोन उनके वास्तविक धारकों को सौंपे गए। इन मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत 9 लाख 47 हजार 960 रुपये बताई गई है। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सहरसा ने मोबाइल धारकों को उनके फोन सुपुर्द किए। इस अवसर पर मोबाइल प्राप्त करने वाले लोगों ने सहरसा पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हुए खुशी जताई। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ऑपरेशन मुस्कान के फेज-01 से फेज-09 तक कुल 476 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को लौटाए जा चुके हैं। बरामद मोबाइल फोन की कुल अनुमानित कीमत 81 लाख 32 हजार 883 रुपये है। सहरसा पुलिस ने कहा कि आमजनों की सहायता एवं उनके चेहरे पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि मोबाइल गुम होने या चोरी होने की स्थिति में दूरसंचार विभाग के सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर मोबाइल को ब्लॉक कराने और उसकी ट्रैकिंग कराने की प्रक्रिया अपनाएं।

# पूर्वी चंपारण : सौरभ सुमन यादव ने पूर्वी चंपारण के नए जिलाधिकारी के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
**पूर्वी चंपारण।** दिनांक 22.06.2026 को सौरभ सुमन यादव, भारतीय प्रशासनिक सेवा (2019 बैच) अधिकारी ने पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी एवं जिला दंडाधिकारी के रूप में अपना आधिकारिक पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के समय अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण) शैलेंद्र कुमार भारती, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) मो. सिबगतुल्लाह, सहायक समाहर्ता राज कृष्ण झा, वरीय कोषागार पदाधिकारी विजय कुमार, वरीय उप समाहर्ता प्रेमलता, वरीय उप समाहर्ता अमरेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे। वहीं पदभार ग्रहण करने के पश्चात मीडिया से अनौपचारिक बातचीत करते हुए जिलाधिकारी ने जिले के विकास और आम जन की समस्याओं के समाधान को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि आम जनता की शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा जारी गाईडलाइन का कड़ाई से अनुपालन कराया जाएगा। राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं को समय से पूर्ण कराने पर विशेष बल दिया जाएगा ताकि आम जन को उसका समय से लाभ मिल सके। सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे- शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और सामाजिक सुरक्षा इत्यादि का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचाना सुनिश्चित किया जाएगा। जिले में शांति, सौहार्द और कानून- व्यवस्था की स्थिति को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी रखी जाएगी। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों, अनुमंडल पदाधिकारियों (एसडीओ), और प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) को निर्देश दिया है कि वे पूरी निष्ठा और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करें और आम नागरिकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनें एवं उसका सहानुभूति पूर्वक समाधान करें।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बसरा एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
खैरा पंचायत क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बसरा एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। इस योग शिविर में खैरा पंचायत अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों की किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किशोरियों को योग के महत्व, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर इसके सकारात्मक प्रभाव तथा नियमित योग अभ्यास से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने विभिन्न योग आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर गहिलो हाई स्कूल एवं खैरा मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक सहित विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। उन्होंने योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने और बच्चों एवं युवाओं के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। इसकी जानकारी देते हुए बसरा एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक डॉ० परमेश्वर ओझा ने बताया कि बसरा एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित इस योग शिविर का उद्देश्य किशोरियों एवं समुदाय के लोगों में स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# पदभार ग्रहण करने के साथ ही एक्शन मोड में जिलाधिकारी

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव सोमवार को पदभार ग्रहण करने के साथ ही एक्शन मोड में दिखे। उनके द्वारा समाहरणालय मुख्य भवन स्थित स्थापना शाखा, नजारत शाखा, सामान्य शाखा एवं आपदा प्रबंधन शाखा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शाखा में कार्यरत कर्मियों से परिचय प्राप्त किया गया और उनको आवंटित कार्य की जानकारी ली गई। इस दौरान कार्यालय के प्रधान सहायक को सही तरीके से कार्य पुस्तक (लॉग बुक) संधारित करने का निर्देश दिया गया ताकि यह पता चल सके कि किस सहायक के पास कितना कार्य लंबित है और उसका सही तरीके से अनुश्रवण किया जा सके। डीएम सौरभ सुमन यादव के द्वारा कार्यालय को स्वच्छ बनाए रखने, कार्यालय में अनावश्यक लोगों के प्रवेश को वर्जित करने एवं कार्यालय कार्य संस्कृति में आवश्यक सुधार लाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालय कर्मी समय से कार्यालय आएं, अपना बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करें और जनता के आवेदनों के निष्पादन को प्राथमिकता देते हुए उसका गुणवत्तापूर्ण निष्पादन करें। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के समय सहायक समाहर्ता राज कृष्ण झा, वरीय उप समाहर्ता प्रेमलता, प्रभारी पदाधिकारी आपदा प्रबंधन अखिलेश कुमार एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश उपस्थित थे।

# बगहा पुलिस केंद्र में शुरू हुई सिपाही भर्ती की प्रक्रिया, 334 चयनित अभ्यर्थियों का होगा सत्यापन

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** बिहार पुलिस में सिपाही पद पर चयनित अभ्यर्थियों के शारीरिक माप-तौल एवं दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया बगहा पुलिस केंद्र में शुरू हो गई है। भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। बगहा पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में भर्ती प्रक्रिया संचालित की जा रही है। एसपी ने भर्ती कार्य में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा निर्धारित नियमों के अनुरूप पूरी प्रक्रिया पूरी कराई जाए।

**शारीरिक मानकों और दस्तावेजों की हो रही जांच:** पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बगहा पुलिस जिले के लिए बिहार पुलिस सिपाही पद पर कुल 334 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों की शारीरिक माप-तौल, आवश्यक जांच तथा प्रमाण-पत्रों का सत्यापन किया जा रहा है। भर्ती प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों की लंबाई, शारीरिक मानकों एवं अन्य निर्धारित मापदंडों की जांच की जा रही है। इसके साथ ही शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, पहचान पत्र तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन भी किया जा रहा है। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए पुलिस केंद्र परिसर में अलग-अलग काउंटर एवं आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि पूरी प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

**पारदर्शिता और अनुशासन पर विशेष जोर:** एसपी राजेश कुमार ने अधिकारियों को भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सभी चयनित अभ्यर्थियों को नियमानुसार प्रत्येक चरण से गुजरना होगा और पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस बल में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, इसलिए प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता, अनुशासन और सावधानी बनाए रखना आवश्यक है।

**मूल प्रमाण-पत्र साथ लाने की अपील:** पुलिस प्रशासन ने चयनित अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर पुलिस केंद्र पहुंचने तथा सभी आवश्यक मूल प्रमाण-पत्र, प्रवेश पत्र एवं वैध पहचान पत्र साथ लाने की अपील की है। अधिकारियों ने बताया कि दस्तावेजों में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर अभ्यर्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए सभी अभ्यर्थियों को अपने कागजात पहले से तैयार रखने की सलाह दी गई है।

# मुहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट, शांति समिति की बैठक में दिए गए आवश्यक निर्देश

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** अनुमंडल क्षेत्र में मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में अनुमंडल कार्यालय सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी चांदनी कुमारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निहार भूषण ने संयुक्त रूप से की। बैठक में रामनगर के कार्यपालक पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, बगहा एवं रामनगर के विभिन्न थानाध्यक्ष, अग्निशमन विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान मुहर्रम जुलूस, ताजिया स्थापना एवं विसर्जन, संवेदनशील स्थलों की निगरानी तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ताजिया जुलूस निकालने के लिए संबंधित समितियों एवं व्यक्तियों को प्रशासन से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति किसी भी प्रकार के जुलूस की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**बिना अनुमति जुलूस पर रोक, अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई:** प्रशासन ने निर्देश दिया कि जुलूस के दौरान धारदार हथियार, आपत्तिजनक सामग्री अथवा कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें एवं अफवाह फैलाने वाले तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। दोषी पाए जाने पर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इधर लौकरिया थाना परिसर में भी थानाध्यक्ष रमन कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने मुहर्रम के दौरान शांति, भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के संबंध में अपने सुझाव प्रशासन के समक्ष रखे। अधिकारियों ने सभी समुदायों से आपसी सहयोग, भाईचारा और सद्भाव की भावना के साथ पर्व मनाने की अपील की तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को देने का आग्रह किया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पीरपैंती में छठे मुहर्रम पर निकला अलम का जुलूस



**पीरपैंती** प्रखंड में मुहर्रम की छठी तारीख पर सोमवार को मुस्लिम समुदाय द्वारा हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत की याद में अलम का जुलूस निकाला गया। धार्मिक आस्था और श्रद्धा के माहौल में निकला ।यह जुलूस सुंदर पुर, पीरपैंती बाजार, श्रीनगर, शामपुर सहित अन्य जगहों पर निकला गया। जुलूस गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए इमामबाड़ा पहुंचा।कर्बला की घटना, हजरत इमाम हुसैन के बलिदान और उनके संदेश पर प्रकाश डाला। उनकी कुर्बानी को इंसानियत, न्याय और सत्य के लिए संघर्ष का प्रतीक बताया। मुहर्रम के अवसर पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग जुलूस में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने मातम कर कर्बला के शहीदों को याद किया। जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई और पूरे मार्ग पर निगरानी रखी गई। धार्मिक सौहार्द और अनुशासन के बीच कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### 13 पुड़िया स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 13 पुड़िया स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी किराये के मकान में रहकर युवाओं के बीच नशीले पदार्थों की सप्लाई करता था।थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रॉकी कुमार बिंद थाना क्षेत्र का निवासी है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वह नालंदा कॉलोनी में किराये के मकान में रहकर ब्राउन शुगर की तस्करी कर रहा है और युवकों को इसकी आपूर्ति करता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान आरोपी को 13 पुड़िया स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद नशीले पदार्थ को जब्त कर लिया गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उसके नेटवर्क तथा नशीले पदार्थों की खरीद–बिक्री से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

### नव पदस्थापित जिलाधिकारी ने किया पदभार ग्रहण



**केदार नाथ पाण्डेय।**
**भागलपुर।** भागलपुर जिला के नव पदस्थापित जिलाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडे द्वारा जिलाधिकारी प्रकोष्ठ में निवर्तमान जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री प्रदीप कुमार सिंह, नगर आयुक्त श्री किसलय कुशवाहा, अपर समाहर्ता (राजस्व) श्री दिनेश राम, अपर समाहर्ता श्री धीरेंद्र कुमार मिश्रा, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता, गोपनीय प्रभारी श्री सुधीर कुमार, कोषागार पदाधिकारी श्री देवेंद्र कुमार सहित जिला स्तरीय पदाधिकारीगण मौजूद थे। इसके पूर्व नव पदस्थापित जिलाधिकारी को समाहरणाल परिसर में पुलिस बल के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस अवसर पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भागलपुर चुनौती भरा जिला है और मेरा मानना है की चुनौतियों में ही हम विकास करते हैं और आशा है कि हम सभी मिलजुलकर इसे आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि पहली प्राथमिकता श्रावणी मेला रहेगी। ताकि किसी भी श्रद्धालुओं को कष्ट ना हो। इसके अलावा विधि व्यवस्था की दृष्टिकोन से मोहर्रम पर्व भी निकट है उसकी भी निगरानी और अनुश्रवण करेंगे। साथ–साथ पुल का जो कार्य चल रहा है उसका भी निवारण जल्द से जल्द किया जाएगा। सरकार की जितनी भी योजनाएं चल रही हैं उन सबों की नियमित समीक्षा की जाएगी।

# गया जी : गया जंक्शनःगुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित निर्माण कार्यों पर दिया गया जोर, प्रगति की हुई विस्तृत समीक्षा

**गया जंक्शन के पुनर्विकास कार्यों का मुख्य प्रशासनिक अधिकारी राजीव गुप्ता ने किया निरीक्षण**



लोकतंत्र की आवाज

**गया जी।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय से पहुंचे मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण (दक्षिण) राजीव गुप्ता ने गया जंक्शन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर में चल रही विभिन्न निर्माण एवं विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में गुप्ता ने मुख्य स्टेशन भवन, यात्री प्रतीक्षालय, विभिन्न प्लेटफार्मों, सर्कुलेटिंग एरिया, फुट ओवर ब्रिज, प्रवेश एवं निकास मार्गों के साथ-साथ यात्रियों की सुविधा से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का सूक्ष्म अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की और परियोजना से जुड़े विभिन्न तकनीकी एवं परिचालन पहलुओं पर चर्चा की। इस अवसर पर डीडीयू रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना, निर्माण, इंजीनियरिंग तथा अन्य संबंधित विभागों के शाखाधिकारी के साथ रेल कंस्ट्रक्शन विभाग के अभियंता हरि गोविंद राय, रेल कंस्ट्रक्शन कंपनी के जीएम बीके सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर संजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे हैं। अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में पुनर्विकास परियोजना की प्रगति, लंबित कार्यों तथा आगामी चरणों की कार्ययोजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि निर्माण कार्यों के दौरान रेलवे परिचालन प्रभावित न हो तथा यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि गया जंक्शन पूर्व मध्य रेल का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री आवागमन करते हैं। ऐसे में स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों को उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित एजेंसियों और अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए तथा सभी कार्य संरक्षा मानकों का पालन करते हुए संपन्न किए जाएं। गया जंक्शन पर चल रही पुनर्विकास परियोजना के तहत यात्रियों को आधुनिक एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। परियोजना पूरी होने के बाद स्टेशन का स्वरूप और अधिक आकर्षक एवं सुविधाजनक होगा। प्लेटफार्म नंबर एक सहित प्लेटफार्म वन-ए और वन-बी का लंबित पड़े कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। गया जंक्शन पर पुनर्निर्माण कार्य पूरा होने के साथ यात्रियों को बेहतर प्रतीक्षालय, सुगम आवागमन व्यवस्था, आधुनिक यात्री सुविधाएं तथा उन्नत आधारभूत संरचना का लाभ मिलेगा। निरीक्षण कार्यक्रम के उपरांत मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने गया जंक्शन स्थित रेल अनुमंडल अस्पताल तथा समीपवर्ती रेलवे कॉलोनी का भी संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान वहां उपलब्ध सुविधाओं, रखरखाव व्यवस्था एवं आवश्यक सुधार कार्यों की भी समीक्षा की गई है।

# शराब के नशे में हंगामा कर रहे दो युवक गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गए




लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
**सिरदला।** सिरदला थाना पुलिस ने बाजार क्षेत्र में शराब के नशे में हंगामा कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग शराब के नशे में सार्वजनिक स्थान पर उत्पात मचा रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवकों की पहचान वारसलीगंज थाना क्षेत्र के ठेराज लालपुर गांव निवासी रामस्वरूप नट के 28 वर्षीय पुत्र संदीप नट तथा लखीसराय जिले के हलसी थाना क्षेत्र अंतर्गत करुणाचक गांव निवासी बानो सपेरा के पुत्र संतोष सपेरा के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों के विरुद्ध सिरदला थाना कांड संख्या 179/26 दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं एवं बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपितों को व्यवहार न्यायालय, नवादा में पेशी हेतु भेज दिया गया। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

# पीरपैंती : स्वतंत्रता सेनानी के पत्नी का निधन,शोक की लहर

लोकतंत्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय।**
**पीरपैंती/ कहलगांव।** जानीडीह निवासी राधिका देवी (92) स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय सहदेव सिंह की धर्मपत्नी निधन हो गयी।कई दिनो से बीमार चल रही थी।आज करीब 10 बजे वो हमलोगो को छोड चली गयी। अपने पीछे एक पुत्र उदय सिंह (55), पूर्व पंचायत समिति एवं दो पुत्री उर्मिला देवी (60) एवं उषा देवी (55) भराफुला परिवार छोड़ गए। परिवार रोकर छत विछत हो रही है। डॉ प्रवीण कुमार राणा ने कहा इनके निधन पर स्वतंत्रता सेनानी के परिवारों में पुनः आज एक कमी हो गयी। डॉ0 प्रवीण कुमार राणा, नागेंद्र मंडल, रीता देवी, सौरभ कुमार, गौरव कुमार, पीयूष कुमार, उमेश प्रसाद मंडल, कपिल देव राय, दिनेश मंडल, बाबू लाल शर्मा के अलावे सैकड़ो व्यक्तियों ने शोका कुल परिवार को धर्य बनाए रखने तथा ईश्वर से कामना किया मृत आत्मा को शांती प्रदान करें।

# 70वीं बीपीएससी में बगहा के छह युवाओं ने लहराया परचम, एसडीएम से लेकर बीडीओ पद तक हुआ चयन

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में बगहा क्षेत्र के छह प्रतिभाशाली युवाओं ने सफलता हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इन अभ्यर्थियों का चयन अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम), प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ), राजस्व पदाधिकारी तथा अन्य महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर हुआ है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। नरईपुर निवासी विनय उर्फ मन्ना मिश्र के पुत्र नवेंदु मिश्र का चयन अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) पद के लिए हुआ है। वर्तमान में वे पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली प्रखंड में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। सरकारी सेवा में रहते हुए उन्होंने कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर यह सफलता अर्जित की है।

**यूपीएससी में सफलता है अंतिम लक्ष्यः** नवेंदु मिश्र की प्रारंभिक शिक्षा बगहा में हुई। इसके बाद उन्होंने इंटरमीडिएट की पढ़ाई उत्तर प्रदेश के कुशीनगर से तथा स्नातक की शिक्षा वाराणसी से पूरी की। नवेंदु ने बताया कि बीपीएससी में सफलता उनके जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है, लेकिन उनका अंतिम लक्ष्य संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में सफलता प्राप्त करना है।

उनकी पत्नी दिव्या मिश्रा ने बताया कि नौकरी और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बावजूद नवेंदु ने निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ तैयारी जारी रखी। वहीं उनके चाचा रमेश मिश्रा ने उन्हें बचपन से ही मेधावी एवं अनुशासित छात्र बताया।

**विभिन्न प्रशासनिक पदों पर हुआ चयनः** अन्य सफल अभ्यर्थियों में डुमवलिया निवासी बेचू तिवारी के पुत्र कुमार वैभव का चयन राजस्व पदाधिकारी पद पर हुआ है। बगहा नगर परिषद के वार्ड संख्या-28 निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता एवं ममता देवी की पुत्री निशा कुमारी को ग्रामीण विकास पदाधिकारी (आरडीओ) पद मिला है। निशा वर्तमान में सीतामढ़ी जिले में दारोगा के पद पर कार्यरत हैं।

वहीं बगहा-2 प्रखंड के चंपापुर गोनौली पंचायत स्थित गोनौली गांव निवासी स्वर्गीय बलि गुरु की पुत्री निरकला कुमारी का चयन प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) पद पर हुआ है। हरनाटांड़ निवासी व्यवसायी रमेश चंद्र गुप्ता के पुत्र धीरज गुप्ता का चयन प्रखंड अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण पदाधिकारी के रूप में हुआ है।

# गया से नई ट्रेनों की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को भेजा गया मांगपत्र, ग्रैंड कॉर्ड पैसेंजर्स एसोसिएशन ने रेल सुविधाओं के विस्तार और नई सेवाओं की उठाई मांग

लोकतंत्र की आवाज



**गया जी।** ग्रैंड कॉर्ड पैसेंजर्स एसोसिएशन गयाजी के अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार जैन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक मांगपत्र भेजकर गया जंक्शन और आसपास के क्षेत्रों में रेल यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा नई रेल सेवाओं के संचालन की मांग की है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री को उनके नेतृत्व में 12 वर्ष का सफल कार्यकाल पूरा करने पर बधाई भी दी है। मांगपत्र में कहा गया है कि गया एक अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पर्यटन एवं धार्मिक स्थल है, जहां बोधगया, विष्णुपद मंदिर और पितृपक्ष मेला जैसे आयोजनों के कारण देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। गया रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य नवंबर 2026 तक पूरा होने की संभावना है और इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किए जाने की भी अपेक्षा जताई गई है। एसोसिएशन ने गया-मुंबई के बीच नई दैनिक ट्रेन चलाने की मांग को प्रमुखता से उठाया है। पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में इस मार्ग पर केवल एक दैनिक ट्रेन उपलब्ध है, जबकि यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा अहमदाबाद, सूरत, पुणे, सिकंदराबाद, बेंगलुरु और एर्नाकुलम के लिए भी नई रेल सेवाएं शुरू करने तथा गया में अतिरिक्त वाशिंग पिट के निर्माण की मांग की गई है। मांगपत्र में 12259/12260 दुरंतो एक्सप्रेस का गया जंक्शन पर ठहराव देने की आवश्यकता बताई गई है। वहीं गया-लखनऊ एकात्मा एक्सप्रेस (14259/14260/14261/14262) को सप्ताह में तीन दिन के बजाय प्रतिदिन चलाने का भी अनुरोध किया गया है। एसोसिएशन का कहना है कि इस रूट पर यात्रियों की भारी भीड़ रहती है और दैनिक सेवा से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा गया-किऊल रेलखंड पर नई लंबी दूरी की ट्रेनों का परिचालन शुरू करने, गया-कामाख्या एक्सप्रेस को साप्ताहिक से दैनिक करने तथा गया-चेन्नई एक्सप्रेस की आवृत्ति बढ़ाने की मांग भी की गई है। एसोसिएशन ने उम्मीद जताई है कि इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय होने से गया, औरंगाबाद, सासाराम, डेहरी, कैमूर, नवादा, जहानाबाद और चतरा सहित करोड़ों यात्रियों को लाभ मिलेगा।

# लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला शातिर साइबर ठग गिरफ्तार, 500 से अधिक लोगों को बना चुका है शिकार, 10 लाख रुपये से अधिक की ठगी

लोक तंत्र की आवाज




**बिहारशरीफ।** बिहार थाना पुलिस ने साइबर ठगी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लोन दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है।आरोपित की पहचान मानपुर थाना क्षेत्र निवासी संजय प्रसाद के पुत्र बंटी कुमार के रूप में की गई है।थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर भैंसासुर मोहल्ले में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया। जांच में पता चला कि आरोपित भैंसासुर मोहल्ले में किराये के मकान में रहकर साइबर ठगी का नेटवर्क संचालित कर रहा था। वह लोगों को आसान शर्तों पर लोन दिलाने का झांसा देकर उनसे विभिन्न मदों में रुपये वसूलता था और बाद में संपर्क तोड़ देता था।आरोपित ने अब तक 10 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने की बात स्वीकार की है।प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि वह 500 से अधिक लोगों को अपना शिकार बना चुका है। ठगी से अर्जित रकम से वह अपने भाई की यूपीएससी की तैयारी का खर्च भी वहन कर रहा था।आरोपित के मोबाइल फोन, बैंक खातों और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि उसने किन-किन लोगों से और कितनी राशि की ठगी की है। मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

# नवाद : अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला महासचिव पाण्डेय अभिमन्यु कुमार ने भरत भूषण तिवारी की मौत पर आक्रोश व्यक्त किया

लोक तंत्र की आवाज



**नवाद।** प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि भरत भूषण तिवारी की मौत केवल एक परिवार का दर्द नहीं है, बल्कि पूरे समाज के अंतर्मन को झकझोर देने वाली घटना है। क्या अब इस देश में न्यायालय नहीं, बल्कि पुलिस की गोलियाँ फैसला करेंगी? बिहार के भोजपुर जनपद के बिलौटी गाँव निवासी युवा भरत भूषण तिवारी की मृत्यु को लेकर जो तथ्य सामने आ रहे हैं, वे अत्यंत गंभीर और चिंताजनक हैं। आत्मसमर्पण के बाद भी उसका एनकाउंटर कर देना कानून के शासन और लोकतांत्रिक मूल्यों पर बड़ा प्रश्नचिह्न है। भरत ने आत्मसमर्पण किया था, तो उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए था। उसे अपना पक्ष रखने का अधिकार था। उसे संविधान द्वारा प्रदत्त न्यायिक प्रक्रिया का अधिकार था। भरत भूषण तिवारी कोई आतंकवादी नहीं था। वह अपने गाँव क्षेत्र की समस्याओं, बाढ़, कटान, बदहाल व्यवस्थाओं और जनसरोकार के मुद्दों को उठाने वाला एक जागरूक युवा था। आज भरत भूषण तिवारी का परिवार न्याय की गुहार लगा रहा है। उनकी माता-पिता की चीखें, उनके परिजनों का दर्द और समाज की बेचैनी केवल एक परिवार की पीड़ा नहीं है, बल्कि उस विश्वास की पीड़ा है जो आम नागरिक कानून और न्याय व्यवस्था पर करता है। सवाल केवल भरत तिवारी का नहीं है। सवाल यह है कि क्या सत्ता से सवाल पूछना अपराध है?
सवाल यह है कि क्या व्यवस्था की विफलताओं को उजागर करने वालों की आवाज़ हमेशा के लिए दबा दी जाएगी? सवाल यह है कि क्या एक नागरिक का जीवन इतना सस्ता हो गया है कि उसे न्यायिक प्रक्रिया के बिना ही समाप्त कर दिया जाए? और सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या भारत का संविधान सर्वोच्च है या फिर कुछ लोगों की मनमानी?
आज एक ब्राह्मण युवा संदिग्ध परिस्थितियों में मारा गया है। उसके परिवार को न्याय दिलाना और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराना सरकार की जिम्मेदारी है। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा नवादा के महासचिव ने बिहार सरकार से मांग करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए एवं दोषी पुलिसकर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो कि मांग किए। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएँ एवं ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना किए। साथ ही साथ पुनः भरत भूषण तिवारी को न्याय मिले कि मांग करते हुए कहा कि यही लोकतंत्र की कसौटी है, यही संविधान का सम्मान है और यही मानवता की मांग है।

# करंट की चपेट में आने से महिला घायल, पीएचसी में कराया गया भर्ती

लोकतंत्र की आवाज



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
**सिरदला।** प्रखंड क्षेत्र के जेहलडीह गांव में घरेलू कार्य के दौरान एक महिला बिजली के करंट की चपेट में आकर घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। घायल महिला को परिजनों के सहयोग से तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सिरदला लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जेहलडीह गांव निवासी विनोद प्रसाद की पत्नी बबीता देवी घर के आसपास घरेलू कार्य कर रही थीं। इसी दौरान वह बिजली के कटे हुए तार के संपर्क में आ गईं, जिससे उन्हें करंट लग गया और वह घायल हो गईं। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. शुभम चौधरी ने घायल महिला का उपचार किया। चिकित्सक ने बताया कि समय पर अस्पताल पहुंच जाने के कारण महिला की स्थिति सामान्य है और वह खतरे से बाहर हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में जर्जर एवं कटे हुए बिजली तारों की मरम्मत कराने की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बड़ीहा में भार्गवाज इंटरप्राइजेज इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम का उद्घाटन, बिहार पुलिस में चयनित 4 छात्रों को किया सम्मानित



लोकतंत्र की आवाज
डेहरी–ऑन–सोन। इंद्रपुरी क्षेत्र के बड़ीहा गांव में सोमवार को भार्गवाज इंटरप्राइजेज इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम का उद्घाटन डेहरी अनुमंडल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडे उर्फ मुटर पांडे ने फीता काटकर किया। उन्होंने व्यवसाय की सफलता की कामना करते हुए क्षेत्र में रोजगार और आधुनिक परिवहन सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया। कार्यक्रम के बाद भार्गवाज लाइब्रेरी में पढ़ने वाले चार छात्र–छात्राओं को बिहार पुलिस में चयनित होने पर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में नीतू कुमारी, संजना कुमारी, रिशु कुमार और विवेक कुमार शामिल हैं। वक्ताओं ने कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी। इस मौके पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष आनंद कुमार पांडे, सरपंच प्रतिनिधि निर्मल पांडे, पीहू बिल्डर के रामानुज पांडे, भार्गवाज इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर शुभम पांडे, आसित पांडे, बृजेश पांडे, ललित पांडे समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ और नवचयनित अभ्यर्थियों व नए प्रतिष्ठान को शुभकामनाएं दी गईं।

### डीएसपी बनीं सानिया कलीम से मिले विधायक सोनू सिंह, दी बधाई और शुभकामनाएं



लोकतंत्र की आवाज
डेहरी। डेहरी विधानसभा क्षेत्र के कमरंजग निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक कलीम अहमद की पुत्री सानिया कलीम से रविवार को डेहरी के विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने उनके आवास पर पहुंचकर आत्मीय भेंट की। उन्होंने बीपीएससी परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर डीएसपी पद पर चयनित होने पर सानिया को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक सोनू सिंह ने कहा कि सानिया कलीम की यह शानदार उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे डेहरी विधानसभा क्षेत्र और रोहतास जिले के लिए गर्व और गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि सानिया की अथक मेहनत, अनुशासन, दृढ़ संकल्प और समर्पण ने साबित कर दिया है कि निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। विधायक ने कहा कि सानिया की सफलता क्षेत्र की बेटियों और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विश्वास जताया कि सानिया अपने प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा के साथ करते हुए जनसेवा, सुशासन और समाज के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। उन्होंने सानिया कलीम के उज्ज्वल भविष्य, सफल प्रशासनिक जीवन, उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए उन्हें इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर पुनः बधाई दी।

### बलिया पुल के समीप आरा लाइन नहर से वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद

लोकतंत्र की आवाज
नासरीगंज। थाना क्षेत्र के बरडीहां मोड़ स्थित बलिया पुल के समीप आरा लाइन नहर से सोमवार की शाम पांच बजे 62 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान काराकाट थानाक्षेत्र के कर्मा गांव निवासी नखलाल डोम के रूप में हुई है। मृतक के पौत्र पवन डोम ने शव की पहचान की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार सबसे पहले ग्रामीणों की नजर नहर में तैरते शव पर पड़ी और लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद थानाध्यक्ष अविनाश कुमार के नेतृत्व में एसआई नितेश कुमार, पीटीसी अश्विनी कुमार सिंह और 112 की टीम समेत दलबल के साथ नासरीगंज थाने की पुलिस और काराकाट थाना के एसआई विकास कुमार व मंजीत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस के समक्ष शव को नहर से बाहर निकाला गया। पुलिस प्रशासन द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया ग्रुप में शव की फोटो शेयर करते ही इसकी पहचान हो गई और रोते बिलखते परिजन अवसर पर पहुंच गये। इसी क्रम में प्रखंड प्रमुख योगेश कुमार, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व जिला पार्षद अनिल सिंह और बिरजू यादव समेत कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी भी अपने दायित्व निभाते हुए अवसर पर पहुंच गये। इधर थानाध्यक्ष ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया।

### बघैला थाना में मुहर्रम पर्व मनाने को लेकर किया गया शांति समिति की बैठक

लोकतंत्र की आवाज
राजपुर। आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को बघैला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बघैला थानाध्यक्ष करण कुमार ने किया। बैठक में मुहर्रम कमेटी के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष करण कुमार ने सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए शांतिपूर्ण ढंग से मुहर्रम मनाने की अपील की। थाना अध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से कहा कि मुहर्रम जुलूस के दौरान डीजे बजाने एवं हथियार पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा तथा किसी भी स्थिति में नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जुलुस में किसी भी व्यक्ति को मुंह ढकना नहीं होगा बैठक के दौरान मुहर्रम जुलूस के निर्धारित मार्गों पर पांच मिनट से ज्यादा नहीं रखना होगा, सुरक्षा व्यवस्था, विधि–व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा जुलूस के सभी रूट मार्गों का जायजा लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। वहीं थानाध्यक्ष करण ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया और मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने का संकल्प लिया।

### शोभीपुर मे 17 वर्षीय युवती का पंखे से लटका मिला शव, जांच मे जुटी पुलिस

लोकतंत्र की आवाज
कोचस। परसथुआ थाना क्षेत्र के शोभीपुर गांव मे सोमवार की सुबह एक घर से पंखे से लटका 17 वर्षीय युवती के शव को पुलिस ने बरामद किया है।मृतक युवती की पहचान शोभीपुर गांव थाना परसथुआ जिला रोहतास निवासी जितेंद्र राम की 17 वर्षीय पुत्री रीमा कुमारी के रूप मे हुई है। प्राप्त जानकारी अनुसार रीमा कुमारी रात्रि में खाना खाकर एक रूम में सोई थी जबकि परिवार के अन्य सदस्य घर के अन्य जगह पर रात्रि में विश्राम कर रहे थे तभी सुबह में परिजनों ने रीमा के रूम में प्रवेश कर देखा कि रीमा का शव पंखे से लटका हुआ है, तभी पीड़ित पिता ने इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी जहां सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पंखे से उतार शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं थाना अध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने बताया कि मृतक के पिता के द्वारा दिए गए सूचना पर पुलिस घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस जांच कर रही है।

### काराकाट के तीन पदाधिकारियों की बीपीएससी में सफलता, प्रखंड में खुशी की लहर

लोकतंत्र की आवाज
काराकाट। काराकाट प्रखंड कार्यालय में सोमवार को खुशी का माहौल रहा जब प्रखंड के तीन सरकारी अधिकारियों को बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) की परीक्षाओं में सफलता मिलने पर सम्मानित किया गया। प्रखंड के राजस्व अधिकारी ध्रुव कुमार का चयन डीएसपी (DSP) पद पर हुआ है, वहीं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी देवाशिष कुमार और कल्याण पदाधिकारी शिवानी कुमारी दोनों का चयन प्रखंड पंचायती राज अधिकारी (BPRO) पद पर हुआ है। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित सम्मान समारोह में अंचल अधिकारी डॉक्टर रितेश कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिलीप कुमार पटेल और समाजसेवी अर्जुन गुप्ता ने तीनों अधिकारियों को अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। पदाधिकारियों के कार्यालय खुलने पर भी उनकी फूल माला, अंग वस्त्र और मिठाइयों से भव्य स्वागत हुआ, जिसमें स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी और नागरिकों की अच्छी–खासी भीड़ मौजूद रही। स्थानीय लोग और सहकर्मी उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त कर रहे हैं और भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दे रहे हैं। प्रखंड कार्यालय में उपस्थित लोगों ने कहा कि इस सफलता से क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा मिलेगी और सरकारी सेवाओं में बढ़ती भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। तीनों अधिकारियों की सफलता से प्रखंड में उत्सव सा माहौल बन गया है।

# डीएम दीपक कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं विभागों के अभियंता के साथ समीक्षा बैठक आयोजित



**लोकतंत्र की आवाज**

**सासाराम।** दिनांक 22 जून 2026 को समाहरणालय रोहतास स्थित डीआरडीए सभागार में जिला पदाधिकारी, रोहतास श्री दीपक कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं विभागों के अभियंता के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत "सबका सम्मान, जीवन आसान" के लक्ष्य को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल तथा जिला स्तर के सरकारी कार्यालयों में आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निष्पादन हेतु अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर शीघ्र समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि आम नागरिकों को अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायतवार सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन सहयोग शिविरों की समीक्षा माननीय मुख्यमंत्री स्तर से लगातार की जा रही है। वर्तमान में जिला अंतर्गत आयोजित सहयोग शिविरों में प्राप्त 6983 आवेदनों में से 6212 का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि 508 आवेदन लंबित हैं। इस प्रगति को उन्होंने सराहनीय बताया। साथ ही उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर प्राप्त आवेदनों का हर हाल में शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि शिकायतकर्ताओं को सहयोग शिविर में ही उनके आवेदन की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जा सके।

बैठक में जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों एवं अभियंताओं को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में जितने सरकारी प्रोजेक्ट चल रहे है पुल उसे निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य संपादित किया जाये। भूमि की समस्या से जिस भी प्रोजेक्ट में समस्या आ रही, उसकी सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया। इसे लेकर प्रोजेक्ट निगरानी ग्रुप बनाया जाएगा, जिसके द्वारा इसकी सतत् निगरानी की जाएगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से डीएम एवं एसपी की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

**लोकतंत्र की आवाज**

**सासाराम।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से आज दिनांक 22.06.2026 को समाहरणालय रोहतास स्थित जिला पदाधिकारी कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विद्युत विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को मुहर्रम पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा आवश्यक नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्व से पूर्व सभी नगर निकाय क्षेत्रों में ताजिया मार्गों एवं प्रमुख सड़कों की विशेष साफ-सफाई कराई जाए तथा चूना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पेयजल एवं स्वच्छता की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया।

विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया गया कि संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर ताजिया जुलूस के निर्धारित रूट की जानकारी प्राप्त करें तथा मार्गों पर लूज एवं झूलते हुए बिजली तारों की मरम्मत समय पर कराएं। जिला अग्निशमन पदाधिकारी को भी चिन्हित स्थलों पर अग्निशमन वाहन एवं कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां विशेष सतर्कता बरतने, लगातार पुलिस पेट्रोलिंग करने तथा किसी भी अफवाह या अप्रिय घटना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ताजिया जुलूस मार्गों पर वीडियो रिकॉर्डिंग एवं ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। डीजे संचालकों से मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में बांड डाउन भरवाने तथा निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को टीम बनाकर लगातार फ्लैग मार्च करने तथा आम लोगों में सुरक्षा एवं विश्वास का माहौल कायम रखने का निर्देश दिया। साथ ही तीनों अनुमंडल पदाधिकारियों को मुहर्रम की तैयारियों का नियमित अनुश्रवण कर आवश्यक व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करने को कहा गया। बैठक में अधिकारियों ने मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से की जा रही तैयारियों की जानकारी भी साझा की।

## रोहतास जिले के नए जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने सोमवार को समाहरणालय पहुंच कर पदभार ग्रहण किया



**लोकतंत्र की आवाज**

**सासाराम।** रोहतास जिले के नए जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने आज सोमवार को रोहतास समाहरणालय पहुंच कर पदभार ग्रहण किया। नव पदस्थापित जिलाधिकारी को निवर्तमान जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह ने पदभार सौंपा। जिलाधिकारी द्वारा पदभार ग्रहण करने के उपरांत उपस्थित पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए जिले में क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी ली गयी। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ जिले के हर तबके तक पहुंचाने के लिए सभी को कार्य करना होगा।

उन्होंने कहा कि रोहतास जिले की ऐतिहासिक धरती पर आकर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। जिले के विकास के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी ईमानदारी एवं तत्परतापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा ताकि यह जिला और तीव्र गति से विकास के पथ पर अग्रसर हो सके। उन्होंने कहा कि जिले की विकास उनकी पहली प्राथमिकता है।

# श्री शतचंडी महायज्ञ सह मां काली प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ पूर्णाहुति एवं भव्य भंडारे के साथ सम्पन्न



**लोकतंत्र की आवाज**

**नासरीगंज।** प्रखण्ड क्षेत्र के धनाव पंचायत के मौना गांव में यज्ञ समिति मौना के तत्वाधान में 15 जून से चल रहे आठ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ सह मां काली प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ पूर्णाहुति एवं भव्य भंडारे के साथ सोमवार को सम्पन्न हो गया। श्रीधर प्रपन्नाचार्य जी महाराज (सोनू बाबा) के सानिध्य में आठ दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया था।

वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन कुंड में पड़ रही आहुति से पूरा वातावरण सुगंधित हो रहा था। इसके बाद दोपहर में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। भंडारे में आसपास गांवों के हजारों की संख्या में महिला-पुरुष तथा छोटे-छोटे बच्चे एवम बच्चियां प्रसाद ग्रहण किया।

पूर्णाहुति के दौरान जय माँ काली, जय बजरंगबली, हर हर महादेव, जय श्री राम, सती मइया की जय सहित विभिन्न देवी-देवताओं की गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। आसपास की आबादी पूरी धार्मिक भावना के साथ यज्ञ समारोह में शामिल हुई। प्रतिदिन काफी संख्या में लोग यज्ञस्थल पर जुटते रहे और धार्मिक क्रियाकलापों में पूरी आस्था के साथ शामिल होते रहे। श्रद्धालु प्रतिदिन यज्ञ मंडप का फेरा लगाते रहे और भक्ति के भाव में लीन रहे। श्रीधर प्रपन्नाचार्य जी महाराज (सोनू बाबा) ने यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ के आयोजन से न सिर्फ क्षेत्र की वातावरण शुद्ध होती है बल्कि क्षेत्र धन-धान्य से परिपूर्ण होता है। लोगों में अच्छे विचार व संस्कार का प्रादुभाव होता है। यज्ञ की समाप्ति नहीं होती है.केवल पूर्णाहुति होती है। अतः आवश्यकता है कि हम अपने अंदर के दुर्गुणों का त्याग करें। श्रद्धालुओं को सुख और दुःख से जुड़े प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सुख में इंसान भगवान का स्मरण करना भूल जाता है।

भगवान की याद परेशानियों में आती है लेकिन स्तुति करने पर भगवान भक्त की रक्षा करते हैं। कुंती से भगवान ने जब वरदान मांगने को कहा तो वह बोली कि मुझे विपत्ति दीजिए। विपत्ति में प्रभु का स्मरण किया जाता है। सुख दिया तो इंसान भगवान को याद करना भूल जाता है। मौके पर पैक्स अध्यक्ष छोटू खान, बीडीसी प्रतिनिधि महताब उर्फ बड़क अंसारी, पूर्व पैक्स अध्यक्ष संजर खान, विनोद साह, हीरालाल साह, अमित यादव, संजय गुप्ता, हिमांशु यादव, सोनू गुप्ता, शिवशंकर चौधरी, कृष्णा राम, नंदा गुप्ता, संजय यादव, मनोज साह, श्यामबिहारी पासवान, बीरेंद्र पासवान, मुन्ना साह सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# आईपीएल क्रिकेटर साकिब हुसैन के तिलौथू आगमन से खेल प्रेमियों में उत्साह



**लोकतंत्र की आवाज**

**तिलौथू।** बिहार के उभरते हुए क्रिकेटर साकिब हुसैन के तिलौथू प्रखंड के रामडीहरा गांव पहुंचने पर खेल प्रेमियों में उत्साह की लहर दौड़ गई। समाजसेवी सत्यानंद कुमार ने सभी से परिचय कराते हुए बताया कि साकिब घरेलू क्रिकेट में बिहार तथा आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। साकिब हुसैन अपने मित्र दरोगा संग्राम सिंह की बहन के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए गोपालगंज से रामडीहरा पहुंचे।

साकिब के गांव पहुंचने की सूचना मिलते ही आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी, युवा एवं खेल समर्थक उनसे मिलने के लिए पहुंच गए। प्रशंसकों ने उनके साथ सेल्फी ली, ऑटोग्राफ प्राप्त किए तथा उनके उज्ज्वल क्रिकेट भविष्य की शुभकामनाएं दीं। क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। रोहतास जिले में भारतीय क्रिकेटर आकाश दीप के तिलक समारोह में शामिल होने के बाद साकिब हुसैन तिलौथू के रामडीहरा गांव पहुंचे, जहां उन्होंने विवाह समारोह में भाग लिया। ग्रामीणों और युवाओं द्वारा किए गए भव्य स्वागत से वे काफी प्रभावित नजर आए।साकिब हुसैन ने ग्रामीण परिवेश, लोगों के स्नेह और आत्मीयता की सराहना करते हुए कहा कि गांवों में मिलने वाला अपनापन और सम्मान हमेशा विशेष अनुभव देता है। इस दौरान उनके पिता एवं अन्य मित्र भी उनके साथ मौजूद रहे।

साकिब हुसैन के आगमन से पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। क्रिकेट प्रेमियों ने इसे अपने लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि बिहार के युवा खिलाड़ियों की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती पहचान से प्रदेश के युवाओं को नई प्रेरणा मिल रही है। समाजसेवी रौशन सिंह ने गांव के युवाओं से मिलवाया एवं उनके साथ ग्रुप फोटो भी शेयर किए।

# बिजली विभाग के जेई के मनमानी से उपभोक्ता त्रस्त, विद्युत मिस्त्री भी नदारद

**लोकतंत्र की आवाज**

**करगहर।** प्रखंड के सेन्दुआर फीडर के अंकोढी गांव के निकट लगे टेस्फॉर्मर के जम्फर मार देने से सुबह के छः बजे से लेकर दोपहर के दो बजे तक विद्युत संचालन पूरी तरह बाधित रहा, इसको लेकर स्थानीय लोगों में जेई पंकज 3और विद्युत मिस्त्री के प्रति लोगों में काफी नाराजगी देखने को मिली।

**स्थानीय लोगो ने कहा :** सेन्दुआर गांव निवासी पॉल्ट्री इसी फार्म संचालक भोला सिंह, अमित कुमार, बरुन सिंह, अवधेश बैठा, संतोष कुमार यादव, सोनू कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा कि सुबह के छह बजे से ही सेन्दुआर फीडर का लाइन गायब है, इस समस्या से कई बार करगहर जेई पंकज कुमार से अवगत कराया गया लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया, यहां तक की ऐसी में बैठे जेई के द्वारा कई मर्तबा फोन भी नहीं उठाया गया, इसको लेकर जेई के प्रति स्थानीय ग्रामीणों मे आक्रोश व्याप्त है।

**■ विद्युत विभाग के रवैए से मुर्गे के मर जाने से लाखों रुपए का हुआ है नुकसान**

**उपभोक्ताओं को झेलनी पड़ी थी नुकसान :** पोल्ट्री इसी फार्म संचालक भोला सिंह ने बताया कि 50 दिन पूर्व गेहूं कटनी के समय दिन में विद्युत बाधित रहने पर लगभग 20 लाख की मुर्गे मर चुके थे जिसका नुकसान हमें भरना पड़ा था। भारी हुई नुकसान को लेकर विद्युत विभाग के स्क्यूटिव इंजीनियर को फोन कर तथा वीडियो भेज समस्या से अवगत कराया गया था, फिर भी कोई निराकरण नही हो सका। ठीक वही स्थिति आज भी बनी हुई है। सेन्दुआर गांव के सौ केबी टेस्फॉर्मर का अर्थिंग तार टूट चुका है इस समस्या को भी जेई पंकज कुमार से अवगत कराया जा चुका है।

**विद्युत मिस्त्री का फोन रहता है ऑफ :** क्षेत्रीय लोगों का कहना है जब भी विद्युत समस्या को लेकर संबंधित क्षेत्र में कार्य पर लगाए गए विद्युत कर्मियों (मिस्त्री) को कॉल किया जाता है तो ज्यादातर मोबाइल ऑफ पाया जाता है, मिस्त्री की मनमानी से उमस भरी गर्मी झेलने को मजबूर है, उपभोक्ताओं ने कहा कि हम किस दिन के लिए मीटर कनेक्शन करा सरकार को बिजली बिल देते हैं जबकि हम विद्युत का लाभ ही नहीं उठा पाते। उपभोक्ताओं ने कहा कि हमारे क्षेत्र के विद्युत मिस्त्री हरे राम कुमार अपना मोबाइल बराबर ऑफ रखता है जब लाइन बिगड़ती है तो बुलाने पर मोबाइल ऑफ कर सो जाता है।

**समस्या का समाधान नही तो होगा प्रदर्शन :** उपभोक्ता और स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि हमारी समस्या का समाधान नही हुआ तो जेई और मिस्त्री को घेर प्रदर्शन करने को को तैयार है और इसका जिम्मेवार सिर्फ और सिर्फ विद्युत विभाग के वरीय पदाधिकारी होंगे।

## पहरामा लख के पास नहर से मिले शव की पहचान 12 वर्षीय विशाल के रूप में

**लोकतंत्र की आवाज**

**काराकाट।** जिला के अकोढ़ीगोला क्षेत्र में नहर में डूबकर लापता हुए 12 वर्षीय बालक विशाल कुमार का शव सोमवार को काराकाट के कंछवां थाना क्षेत्र के पहरामा लख के पास बरामद कर लिया गया। परिजनों ने शव की पहचान विशाल (पिताः चंदन शर्मा) निवासी ग्राम आयर कोठा, थाना अकोढ़ीगोला, जिला रोहतास के रूप में की। जानकारी के अनुसार बालक रविवार को नहर में स्नान के दौरान तेज बहाव में बह गया था और उसके बाद से उसे खोजा जा रहा था।

स्थानीय लोगों ने सोमवार सुबह पहरामा लख के पास पानी में शव तैरता हुआ देखा और इसकी सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन व पुलिस को दी। सूचना मिलने पर SDRF की टीम तथा अकोढ़ीगोला व कच्छवां थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से निकालकर कब्जे में ले लिया। घटना स्थल सीमा रेखा पर आने के कारण नासरीगंज और कच्छवां दोनों थानों की पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि रविवार से चल रही खोजबीन के बाद सोमवार को शव मिलने पर उसकी पहचान कराई गई। शव को हत्या की आशंका न देखते हुए पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

घटना की खबर फैलते ही मृतक के परिजन और ग्रामवासी शोक में डूब गए। पूरा गांव अंधेरे में है और परिजन बार-बार रो-रोकर बुरी हालत में दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय प्रशासन ने परिवार को सांत्वना दी और आवश्यक सहायताएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

# जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा के द्वारा "सबका सम्मान-जीवन आसान" के तहत जिला जनता दरबार आयोजित



**लोकतंत्र की आवाज**

**सासाराम।** सोमवार को जिला पदाधिकारी, रोहतास दीपक कुमार मिश्रा के द्वारा 'सबका सम्मान - जीवन आसान' (Ease of Living) के तहत जिला पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिला पदाधिकारी के समक्ष रखा। उक्त जिला जनता दरबार में कुल 16 व्यक्तियों के द्वारा आवेदन पत्र / शिकायत पत्र दिया गया। जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों पर जिला पदाधिकारी ने गंभीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।

करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोहवलिया (खुर्द) निवासी आवेदक युगेश्वर सिंह ने अंचल सासाराम के मौजा धनपुरवा, थाना संख्या-137, खाता संख्या-130, प्लॉट संख्या-857, रकबा 7.5 डी० भूमि से संबंधित मामला उठाया। उन्होंने बताया कि टाइटिल सूट संख्या 1571/2022 में माननीय न्यायालय सब जज-7, सासाराम द्वारा 6 फरवरी 2026 को यथास्थिति बनाए रखने का आदेश पारित किया गया है। बावजूद इसके स्थल पर निर्माण कार्य जारी रहने की शिकायत की गई। इस मामले में जिला पदाधिकारी ने अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष सासाराम को निर्माण कार्य रोकवाते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

वहीं दिनारा थाना क्षेत्र के ग्राम बकरा निवासी हरेराज राम ने भूमि मापी कराने हेतु आवेदन पत्र दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने शीघ्र निष्पादन के लिए अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, रोहतास को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।

इसके अलावा चेनारी थाना क्षेत्र के ग्राम किनरचोला निवासी शिवपूजन तिवारी ने मौजा किनरचोला, थाना संख्या-459, खाता संख्या-88, खेसरा संख्या-293, रकबा 4 एकड़ 60 डी० भूमि पर जबरन अतिक्रमण के प्रयास एवं उससे उत्पन्न विवाद के संबंध में शिकायत दर्ज कराई। जिला पदाधिकारी ने मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम को निर्देशित किया। इसी प्रकार शेष अन्य सभी शिकायतों एवं आवेदन पत्रों को भी संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन हेतु निदेशित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गिरिडीह शहर के अति व्यस्त मार्ग पर बाधित परिचालन



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ गिरिडीह
झारखंड

(2026.06.23)। आज अचानक ही व्यस्ततम बाजार शहर चौक पर ही एक ट्रक WB 23D 42 22 द्वारा मार्ग लगभग अवरुद्ध कर दिया गया करण ट्रक के इंजन में अचानक खराबी आ जाना बताया गया परंतु यह परिदृश्य देखने में आया तो क्या कारण थे क्या बात थी कि यातायात पुलिस गिरिडीह द्वारा घंटों इस समस्या का हाल ना कर पाने के कारण लंबे समय तक इन स्थान पर दर्जनों गाड़ियां रेंगती नजर आई जिस कारण सड़क पर लगभग जाम की स्थिति घंटों बनी रही।

### गिरिडीह ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने 87वां स्थापना दिवस मनाया



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ गिरिडीह
झारखंड

(2026.06.23)। ऑल ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक का 87 वां स्थापना दिवस गांडेय प्रखंड पार्टी कार्यालय में मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी का झंडा फहराकर केंद्रीय कमेटी के आह्वान पत्र का सामूहिक पाठ करते हुए आगामी कार्यभारों को लागू करने का संकल्प लिया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला संयोजक राजेश यादव ने कहा कि, इस समय विश्व स्तर पर जहां अमेरिकी साम्राज्यवाद से पूरी दुनिया त्रस्त है, तो उसकी पिछलग्गू हमारे देश की मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण न सिर्फ महंगाई और बेरोजगारी की मार है, बल्कि देश में मेहनतकश हर तबका ही तंग और तबाह हो चुका है। कहा कि, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने देश में साम्राज्यवाद विरोधी, सामाजिक न्याय, आर्थिक आत्मनिर्भरता आधारित समाजवादी व्यवस्था निर्माण का जो सपना देखा था, उसकी प्रासंगिकता आज और भी ज्यादा बढ़ गई है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से स्थापना दिवस पर केंद्रीय कमेटी के आह्वान की दिशा में कदम-से-कदम मिलाकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। साथ ही, 30 जून 'हूल दिवस' के अवसर पर गांडेय प्रखंड पार्टी का पहला सम्मेलन सफल बनाने के लिए भी लोगों से अपील की। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजू पासवान, मनोज यादव, शंकर वर्मा, रोहित यादव, टेकलाल महतो, पोरान सोरेन, विष्णु कोल, पूरन कोल, श्यामलाल कोल, अर्जुन कोल, प्रबल कोल, टिपन भोगता, जितेंद्र कुमार, नकुल सिंह, शांति देवी, बसंती देवी, ललिता देवी, भगिया देवी, बबीता देवी सहित अन्य मौजूद थे।

### घड़ा खरीद रही महिला के गले से सोने की चेन छिनतई

लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

चतरा(झारखंड)। शहर के खैनी गोला स्थित कुम्हार टोली में घड़ा खरीद रही महिला के गले से दिनदहाड़े 18 ग्राम सोने की चेन की छिनतई हो गयी। इस संबंध में भुक्तभोगी महिला गुदरी बाजार रामनगर निवासी ममता गुप्ता (पति मनोज कुमार गुप्ता) ने सदर थाना में आवेदन दिया है। बताया कि एक कुम्हार के घर पर घड़ा खरीद रही थी। इस दौरान एक युवक वहां पहुंचा और एक व्यक्ति के बारे में पूछताछ कर निकल गया। कुछ मिनट के बाद वह दोबारा लौटा और मौका पाकर उनके गले से सोने की चेन झपट कर भाग निकला। जब उसके पीछे दौड़ी, तो देखा कि बाहर पहले से बाइक स्टार्ट कर एक युवक खड़ा था, जिसमें वह बैठ कर फरार हो गया. छीनी गयी सोने की चेन की कीमत एक लाख 80 हजार रुपये बतायी गयी। दिनदहाड़े हुई इस घटना के बाद लोगों में दहशत का माहौल है। लोगों ने पुलिस से अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी व शहर में गश्त बढ़ाने की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी अवधेश सिंह ने कहा कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज किया जा रहा है। घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरा को खंगाल कर छिनतई करने वाले युवकों की पहचान की जा रही है।

# हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए मेरे सभी प्रतिनिधि संकल्प लें: विधायक प्रदीप प्रसाद

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** हजारीबाग विधानसभा के विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने विधायक जनसेवा कार्यालय में विधानसभा विधायक प्रतिनिधि, प्रखंड विधायक प्रतिनिधियों, मंडल विधायक प्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों के विधायक प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में जनसेवा, संगठनात्मक गतिविधियों तथा हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से आम जनता के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके समाधान के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का आह्वान किया।

बैठक में क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जनहित के मुद्दों के समाधान तथा जनसेवा को और अधिक सशक्त बनाने के लिए बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर उनकी अपेक्षाओं एवं आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य करने की रणनीति पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर संगठन की मजबूती को लेकर बूथ एवं पन्ना स्तर तक पार्टी की सक्रियता बढ़ाने, संगठन की विचारधारा एवं नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कार्यकर्ताओं से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने तथा समाज के सभी वर्गों के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित करने का आग्रह किया।

बैठक में सभी प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने टीम भावना के साथ-साथ भाजपा के विचारधारा के साथ कार्य करते हुए हजारीबाग विधानसभा को विकास, सुशासन एवं जनसेवा के क्षेत्र में एक आदर्श विधानसभा बनाने का संकल्प लिया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और उसी विश्वास के बल पर वे निरंतर क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य करते रहेंगे।

इस अवसर पर हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश कुशवाहा, कटकमसांडी पूर्वी मंडल के विधायक प्रतिनिध रामकुमार मेहता, सदर पश्चिमी मंडल के विधायक प्रतिनिधि चौधरी प्रसाद साहू, सदर पूर्वी मंडल के विधायक प्रतिनिधि कौलेश्वर रजक, दारू प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि दिलीप साहु जी, कटकमसांडी पश्चिमी मंडल के विधायक प्रतिनिधि सुमन राय, नगर पूर्वी मंडल विधायक प्रतिनिधि सुरेश गोप उर्फ पंडल गोप, नगर पश्चिमी मंडल विधायक प्रतिनिधि सौरभ प्रकाश सिन्हा, शिक्षा विभाग के विधायक प्रतिनिधि मनोज श्रीवास्तव, नगर निगम के विधायक प्रतिनिधि बलराम शर्मा, भूमि संरक्षण विभाग के विधायक प्रतिनिधि अशोक राणा, कृषि एवं पशुपालन विभाग के विधायक प्रतिनिधि विनोद सिहं, जिला परिषद के विधायक प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, ग्रामीण विकास विभाग के विधायक प्रतिनिधि हलधर यादव, योजना विधायक प्रतिनिधि रामअवतार शर्मा, पेयजल विभाग के विधायक प्रतिनिधि कुलतार सिहं, कला संस्कृति विभाग के विधायक प्रतिनिधि सुबोध सिन्हा, महिला एवं बाल विकास विधायक विभाग विधायक प्रतिनिधि फुलवा कच्छप, महिला एवं बाल विकास विभाग के सह विधायक प्रतिनिधि हेवन्ती देवी, कल्याण विभाग के विधायक प्रतिनिधि रामजी कुशवाहा, सोशल मीडिया विधायक प्रतिनिधि मंदीप यादव, निजी सहायक सह विधायक मीडिया प्रतिनिधि चंदन सिहं, स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि राजेश यादव, खेल विभाग के विधायक प्रतिनिधि दिलीप गोप, लघु सिंचाई विभाग के विधायक प्रतिनिधि प्रीत गुप्ता, प्रदूषण एव वन पर्यावरण विभाग के विधायक प्रतिनिधि कृष्णा साहू, बिजली विभाग के विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिहं उर्फ चिंटू, दारू प्रखंड के कार्यालय विधायक प्रतिनिधि रौशन सिन्हा, सदर प्रखंड के कार्यालय विधायक प्रतिनिधि बिरजू रवि, कटकमदाग प्रखंड के कार्यालय विधायक राजेश ठाकुर कटकमसांडी प्रखंड कार्यालय के विधायक प्रतिनिधि मनीष चौधरी उपस्थित रहें। मुख्य रूप से भैया संदीप सिन्हा व अधिवक्ता प्रकाश झा भी मौजूद रहें।

## इटखोरी थाना परिसर में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड चतरा।** इटखोरी चतरा थाना परिसर में आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता इटखोरी अंचल अधिकारी सविता सिंह ने की। शांति समिति की आयोजित बैठक में दोनों समुदायों के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और आपसी भाईचारे तथा सामाजिक सौहार्द के साथ मुहर्रम पर्व मनाने का निर्णय लिया। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि इटखोरी थाना क्षेत्र में सभी धर्मों के लोग हमेशा से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व-त्योहार मनाते आए हैं। इस परंपरा को आगे भी कायम रखने की आवश्यकता है।

बैठक में पंचायत स्तर पर लाइसेंसी एवं गैर-लाइसेंसी अखाड़ों की समीक्षा की गई। अखाड़ा समितियों के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं कम से कम 10 सदस्यों का नाम और मोबाइल नंबर थाना में जमा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिन अखाड़ों का लाइसेंस समाप्त हो चुका है, उन्हें शीघ्र नवीकरण (रिन्यूअल) के लिए आवेदन देने को कहा गया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मुहर्रम जुलूस केवल निर्धारित रूट से ही निकाला जाएगा। जुलूस के दौरान असामाजिक एवं शरारती तत्वों पर प्रशासन के द्वारा विशेष नजर रखी जाएगी। सामाजिक एवं धार्मिक उन्माद फैलाने वाले नारे और गीतों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा डीजे बजाने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

बैठक में उपस्थित लोगों से अपील की गई कि कहीं भी किसी प्रकार की समस्या या विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बंकिरा, भाजपा जिला महामंत्री डॉक्टर मृत्युंजय सिंह, उपप्रमुख संजय गुप्ता, भद्रकाली महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर, सतीश सिंह, निरंजन सिंह, मकसूद आलम, गुलाम रशुल, श्री राम चौरसिया, अनुज दांगी समेत पंचायतों के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ दोनों समुदायों के अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बगोदर प्रखंड के कुसमर्जा में झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक संपन्न



लोकतंत्र की आवाज

**बगोदर गिरिडीह (झारखण्ड)।** बगोदर विधान सभा क्षेत्र के कुसमर्जा पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधानसभा प्रभारी शत्रुधन प्रसाद मंडल के नेतृत्व में जन समस्याओं को लेकर एक बैठक हुई, जिसमें उपस्थित ग्रामीणों ने एवं पार्टी के नेताओं ने अपने विचारों से श्री मंडल को अवगत करवाया ग्रामीणों के समस्याओं को सुनते हुए श्री मंडल ने अपनी पूरी मेहनत और लगन से समस्याओं का हल निकालने का भी आश्वासन दिया और यह भी कहा कि झारखंड में अभी अबुआ सरकार है, सरकार सभी समस्याओं पर गौर कर निदान करने का हल करेगी, उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द लोगों की पीड़ा दूर होगी, बैठक में उपस्थित रहे पंचायत समिति भोला खान, सदर फकरुद्दीन अंसारी, शाहिद अंसारी, यूसुफ अंसारी, अशोक रविदास, ताज मोहम्मद, सबीर अंसारी, कुलदीप कुमार, टिंकू कुमार अन्य लोग उपस्थित थे!

# जिनके जमीनों के बदौलत हजारों करोड़ का कारोबार, उन रैयतों पर हीं क्यों सितम और अत्याचार?

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड टंडवा, चतरा।** चतरा अंतर्गत टंडवा प्रखंड क्षेत्र से एक बेहद हृदयविदारक और आक्रोशित करने वाली खबर सामने आई है। यहाँ सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोल परियोजना क्षेत्र में स्थित एक खुले खदान के गड्ढे में डूबने से तीन दलित मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना ने जहाँ पूरे इलाके को मर्माहत कर दिया है, वहीं परियोजना प्रबंधन और आउटसोर्सिंग कंपनी की संवेदनहीनता के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है।

**मुआवजे के लिए भटकते परिजन, घंटों से आंदोलन जारी:** मासूमों की मौत के बाद से ही पीड़ित परिजन और स्थानीय ग्रामीण मुआवजे व इंसाफ की मांग को लेकर पिछले कई घंटों से घटना स्थल पर डटे हुए हैं और



आंदोलन जारी है। अपनों को खोने के गम में डूबे परिजनों को सांत्वना देने के बजाय प्रबंधन की ओर से केवल टालमटोल की नीति अपनाई जा रही है, जिससे परिजनों की परेशानी और ज्यादा बढ़ गई है।

**सीसीएल व वीपीआर उत्खनन कंपनी की लापरवाही पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा:** ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि यह कोई सामान्य दुर्घटना नहीं, बल्कि सीधे तौर पर सीसीएल प्रबंधन और आउटसोर्सिंग कंपनी की घोर लापरवाही का नतीजा है। खदान के गड्ढों को खुला छोड़ देना और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न करना इन मासूमों की मौत की मुख्य वजह बना है।

**बड़ा सवाल, मुनाफे के आगे संवेदनाएं शून्य क्यों?:** इस घटना ने औद्योगिक विकास के दावों के पीछे छिपी एक कड़वी सच्चाई को उजागर कर दिया है। रविवार को स्थानीय जनता और रैयत यह सवाल पूछने को मजबूर हैं कि हजारों करोड़ का कारोबार, फिर भी रैयत लाचार क्यों? जिस परियोजना क्षेत्र में स्थानीय रैयतों की कीमती जमीनों के बदौलत सीसीएल प्रबंधन और आउटसोर्सिंग कंपनियां हर साल हजारों करोड़ रुपए का टर्नओवर कर रही हैं और भारी मुनाफा कमा रही हैं, उसी जमीन के रैयतों के साथ ऐसा सौतेला व्यवहार क्यों?

**नैतिकता कहाँ खो गई?:** ऐसी भीषण और मार्मिक दुर्घटनाओं से मर्माहत परिजनों द्वारा जब अपने हक और मुआवजे की मांग की जाती है, तो प्रबंधन आखिर क्यों पूरी तरह संवेदना शून्य और अनसुना हो जाता है? सिर्फ अपने नफे-नुकसान की चिंता? जो प्रबंधन महज दो दिनों की बंदी या चक्का जाम होने पर करोड़ों रुपए के नुकसान का दावा ठोक देता है, दो दिन से तीन मासूम जिंदगियों के खत्म होने पर उसका दिल क्यों नहीं पसीज रहा? क्या प्रबंधन को सिर्फ अपने मुनाफे की चिंता है, इंसानी जान की कोई कीमत नहीं? स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जब तक पीड़ित दलित परिवारों को उचित मुआवजा और न्याय नहीं मिल जाता, तब तक आंदोलन थमने वाला नहीं है।

# तेतूलमारी थाना में मुहर्रम को ले शांति समिति की बैठक

लोलोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास

**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को तेतूलमारी थाना परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने की, जबकि संचालन मदन ठाकुर ने किया।



बैठक में थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने उपस्थित गणमान्य नागरिकों, अखाड़ा कमेटी के प्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि मुहर्रम आपसी भाईचारे, अनुशासन एवं सामाजिक एकता का पर्व है। इसे सभी लोग मिल-जुलकर शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनता के बेहतर समन्वय से ही क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द का वातावरण कायम रखा जा सकता है।

बैठक के दौरान पंचमी से दसमी तक आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों, जुलूसों के निर्धारित मार्ग, समय-सारिणी एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि मुहर्रम जुलूस के सभी मार्गों का सत्यापन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है तथा अखाड़ा कमेटियों के साथ संयुक्त रूप से रूट निरीक्षण किया जाएगा, ताकि आयोजन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो।

पुलिस प्रशासन की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि पर्व के दौरान जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करना आवश्यक होगा। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी, नियमित गश्ती, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती एवं सुरक्षा के व्यापक इंतजाम सुनिश्चित किए जाएंगे, जिससे पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया तथा क्षेत्र में अमन, शांति और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर उपेंद्र प्रजापति, मोहम्मद साहिल, मोहम्मद अब्दुल्ला, मधुसूदन वर्मा, छोटू सिंह, पार्षद सियरूद्दीन अंसारी, अशोक ठाकुर सहित बड़ी संख्या में शांति समिति के सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य संदेश रहा कि मुहर्रम का पर्व आपसी सम्मान, सामाजिक एकता और भाईचारे की भावना के साथ मनाया जाए तथा प्रशासन और जनता के सहयोग से तेतूलमारी क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द की मिसाल कायम की जाए।

# सिजुआ जोगता थाना मुहर्रम को ले शांति समिति की बैठक

लोकतंत्र की आवाज़

धनबाद कतरास

**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता।** सिजुआ जोगता थाना मे मुहर्रम का त्योहार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांतिपूर्ण वातावरण संपन्न कराने को लेकर शनिवार को जोगता थाना प्रांगण में शांति समिति पुलिस जन सहयोग समिति की एक आहूर्त बैठक संपन्न हुई।



बैठक की अध्यक्षता जोगता थाना प्रभारी सह निरीक्षक पवन कुमार ने की,। संचालन शकील अहमद ने की बैठक में थाना क्षेत्र के सभी मुस्लिम अखाड़ा कमिटी के लाइसेंसधारी, संचालक,व अन्य गणमान्य व्यक्तिगण उपस्थित हुए और सभी ने थाना प्रभारी के समक्ष बारीकी से अपने अपने क्षेत्र का सुझाव पेश की इसपर थाना प्रभारी पवन कुमार ने सभी का स्वागत करते हुए सभी को अस्वस्थ किये और उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मुहर्रम का यह त्योहार हसन हुसैन की याद में दुख के रूप में मनाया जाता है जिसे लोग आपसी भाईचारा के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं।ताजिया माननीय उच्च न्यायालय एवं जिला प्रशासन के निर्देश का पालन कर निर्धारित समय व रुट से ही निकालें ताजिया की ऊँचाई सीमित रहेगी।

> ■ निर्देश का पालन कर निर्धारित समय व रुट से ही निकालें ताजिया की ऊँचाई सीमित रहेगी

अखाड़ा में वैसे खतरनाक खेलों का प्रदर्शन न करें जिससे किसी को क्षति हो। डीजे बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगी। डीजे बजते हुए पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी पवन कुमार ने कहा ताजिया जुलूस के साथ वॉलंटियर साथ रहेंगे और नियंत्रण करते हुए आगे बढ़ेंगे यातायात बाधित नही करेंगे साथ ही पुलिस दल भी तैनात रहेंगे लोग किसी के अफवाह में न पड़ें यदि कोई अफवाह फैलाने की कोशिश करता है या हुड़दंगी करता है तो इसकी तत्काल सूचना पुलिस को दें। जोगता पुलिस हमेशा आपकी सेवा में हर क्षण तैयार रहेगी। जुलूस के दौरान लाइसेंसधारी साथ रहेंगे यदि कोई विधि व्यवस्था भंग करते हुए पकड़े जाते है तो उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी जिसमें किसी की कोई पहल पैरवी नही सुनी जाएगी। मौके पर थाना के समस्त पुलिस पदाधिकारियों के अलावे गणमान्य व्यक्तियों में 4 के पार्षद छोटू सिंह, 6 के पार्षद सुमित महतो, पप्पू सिंह, जलाल अंसारी, जसीम अंसारी, पलटू लाला भोलाराम, पिंटू मारवाड़ी, रामेश्वर राम, सुदर्शन सिंह, गुड्डु अंसारी, मजहर अंसारी, वीना देवी, अशोक साव, सोबराति मियां, मोहम्मद आजाद, हसीब खान, चंदन पांडे, वीरू सिंह, रुस्तम अंसारी एवं अन्य भी गणमान्य लोग मौजूद रहे!

# पाण्डेयपुरा : सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन, शामिल हुए सैकड़ो श्रद्धालु

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड हंटरगंज(चतरा)।** पाण्डेयपुरा के तिवारी टोला में नव-निर्मित गृह प्रवेश के पावन अवसर पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजन का शुभारंभ 17 जून (बुधवार) को प्रातः 7 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ।



आयोजन समिति के अनुसार 17 जून से 23 जून 2026 तक प्रतिदिन संध्या 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया। कथा का वाचन एवं प्रवचन परम पूज्य श्री जियर स्वामी जी के शिष्य श्री चतुर्भुजाचार्य स्वामी जी महाराज द्वारा किया जा रहा है, जिनके मुखारविंद से श्रद्धालु भागवत कथा का रसपान कर रहे हैं।इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन राजकुमार तिवारी एवं समस्त तिवारी परिवार द्वारा किया गया। आयोजन स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं तथा भक्ति और आध्यात्मिकता का लाभ उठा रहे हैं।आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है। पूरे क्षेत्र में इस धार्मिक आयोजन को लेकर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

# हर विकट परिस्थियों में छात्रों के बीच हमेशा खड़ा रहूंगा: जयराम महतो

लोकतंत्रकीआवाज

**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा विष्णुगढ़ प्रखंड इकाई द्वारा रविवार को अतिथि सत्कार हॉल में 10 वीं एवं 12 वीं (आर्ट्स, साइंस कॉमर्स) बोर्ड परीक्षा में हर पंचायतों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं के बीच प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि JLKM केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक माननीय जयराम कुमार महतो रहे। कार्यक्रम शुभारंभ विशिष्ट अतिथि मांडू विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बिहारी महतो एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो के द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टि के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक माननीय जयराम कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि मांडू विधानसभा पूर्व प्रत्यासी बिहारी महतो को प्रखंड टीम द्वारा अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। विष्णुगढ़ प्रखंड के कई पंचायतों के बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने वाले प्रखंड क्षेत्र के शिक्षकों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया।



मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो ने सभी सफल छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि विष्णुगढ़ और बगोदर प्रखंड के सबसे ज्यादा प्रवासी भाई दूसरे राज्यों एवं दूसरे देशों में रहते हैं, उनकी घर वापसी तभी संभव होगी जब आप पढ़ लिखकर अच्छा मुकाम हासिल करेंगे।

विशिष्ट अतिथि मांडू विधानसभा पूर्व प्रत्यासी बिहारी महतो ने सफल छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा न केवल रोजगार के अवसर प्रदान करती है, बल्कि जीवन में सही निर्णय लेने और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता भी विकसित करती है। ऐसे कार्यक्रम के आयोजन होने से शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नई पीढ़ी को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड के क्षेत्र के लोगों को जो भी समस्याएं होंगी उनका हल करने के लिए मैं हमेशा तत्पर हूं। केंद्रीय उपाध्यक्ष इंजीनियर मुकेश कुमार महतो ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी जिस परिवार से संबंध रखते हैं, अपनी परिस्थितियों को देखते हुए मन लगाकर पढ़ाई करें, आपकी आज की मेहनत कल की इतिहास बनेगी।

> ■ झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा विष्णुगढ़ प्रखंड इकाई द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

इस कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारी सह पूर्व सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल, केंद्रीय उपाध्यक्ष इंजीनियर मुकेश कुमार महतो केंद्रीय संगठन महासचिव माही पटेल एवं ललिता कुमारी, जिला अध्यक्ष सह उप प्रमुख सरयू साव, जिला महासचिव खेमनारायण महतो, जिला सदस्य टहल महतो, जिला कोषाध्यक्ष पूनम कुमारी, प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो, बगोदर प्रखंड अध्यक्ष उमेश महतो, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, नंदलाल महतो, रामचंद्र राम, सचिव प्रेमचंद महतो, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार संगठन मंत्री विशेश्वर कुमार, घनश्याम महतो, टेकलाल महतो, अभिषेक कुमार, रंजीत यादव, जितेंद्र महतो, प्रकाश महतो, सुनील कुमार, निर्मल महतो, मुकेश कुमार, विवेक कुमार, डीलेश्वर कुमार, प्रवीण महतो समेत अभिभावक एवं सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पूर्व विधायक अंबिका यादव के परिजनों से मिले सांसद सुधाकर सिंह, श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त किया



**दुर्गावती:** बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व. अंबिका यादव के निधन पर उनके शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। इस दौरान सांसद ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि स्व. अंबिका यादव का सामाजिक और राजनीतिक जीवन जनसेवा के प्रति समर्पित रहा। उनके निधन से क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल और शक्ति प्रदान करें। मुलाकात के दौरान सांसद ने परिजनों का ढांढस बंधाया और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। क्षेत्र के लोगों ने भी स्व. अंबिका यादव को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### दुर्गावती : भरत तिवारी के एनकाउंटर पर दुर्गावती में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन, बड़ी संख्या में जुटे लोग



**दुर्गावती :** भरत तिवारी के एनकाउंटर के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में दुर्गावती में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सभा में उपस्थित लोगों ने भरत तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने भरत तिवारी के व्यक्तित्व और उनके सामाजिक योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि उनकी मृत्यु से क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग करते हुए कहा कि पूरे मामले की सच्चाई सामने आनी चाहिए, ताकि लोगों के मन में उठ रहे सवालों का जवाब मिल सके। सभा के दौरान उपस्थित लोगों ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। कई वक्ताओं ने परिवार को हर संभव सहायता और सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने एकजुट होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिवार को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की कामना की।

# जल-जीवन-हरियाली योजना में हजारों करोड़ के भ्रष्टाचार की जांच की मांग

लोकतंत्र की आवाज



**दुर्गावती** । बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी 'जल-जीवन-हरियाली' योजना में संभावित बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग तेज हो गई है। कैमूर किसान यूनियन के संस्थापक सदस्य पंकज कुमार राय ने सोमवार को मुख्यमंत्री सचिवालय पहुंचकर लिखित आवेदन सौंपते हुए योजना के तहत हुए कार्यों की व्यापक और पारदर्शी जांच कराने की मांग की। राय ने कहा कि वर्ष 2019 से 2022 तक इस योजना पर लगभग ₹24,524 करोड़ खर्च किए गए, जबकि वर्ष 2022 से 2025 तक ₹12,568.97 करोड़ का बजट आवंटित किया गया। इसके अलावा आगामी 2029-30 तक के लिए ₹245 अरब 11 करोड़ 55 लाख की नई योजना को भी स्वीकृति दी गई है। सरकार का दावा है कि योजना के तहत 21 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए, एक लाख से अधिक तालाब, आहर-पैन तथा 37 हजार से अधिक कुओं का जीर्णोद्धार किया गया और राज्य का हरित आवरण बढ़कर 15.5 प्रतिशत से अधिक हो गया है। हालांकि, कैमूर किसान यूनियन का आरोप है कि विभिन्न जिलों से प्राप्त शिकायतों, स्थानीय नागरिकों की सूचनाओं और जमीनी हालात को देखते हुए योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, फर्जीवाड़ा और सरकारी धन की लूट की आशंका दिखाई देती है। संगठन का कहना है कि कई स्थानों पर पौधारोपण केवल कागजों तक सीमित नजर आता है, जबकि जल संरक्षण से जुड़े अनेक कार्यों की गुणवत्ता भी सवालों के घेरे में है। संगठन ने मांग की है कि राज्य के प्रत्येक जिले में सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में विशेष जांच समिति गठित कर योजना के अंतर्गत कराए गए सभी कार्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही जांच प्रक्रिया में सिविल सोसाइटी, किसान संगठनों और स्थानीय नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। कैमूर किसान यूनियन ने जांच के लिए चार प्रमुख बिंदु सुझाए हैं, जिनमें वास्तविक रूप से लगाए गए पौधों की संख्या और उनकी वर्तमान स्थिति, तालाबों, आहर-पैन और कुओं के जीर्णोद्धार कार्यों का भौतिक सत्यापन, खर्च की गई सरकारी राशि एवं कार्यों की गुणवत्ता की जांच तथा संबंधित अधिकारियों, एजेंसियों और ठेकेदारों की भूमिका शामिल है।

संगठन ने यह भी मांग की है कि यदि जांच में भ्रष्टाचार या वित्तीय अनियमितता साबित होती है तो दोषी अधिकारियों और एजेंसियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा संबंधित एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट किया जाए। पंकज कुमार राय ने कहा कि जल-जीवन-हरियाली योजना के तहत कथित राज्यव्यापी घोटाले के मुद्दे को उठाकर कैमूर किसान यूनियन कहीं न कहीं भोजपुर के भारत तिवारी द्वारा उठाई गई चिंताओं को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जिला प्रशासन से लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय तक शिकायत करने के बाद भी भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई नहीं होती है, तो इससे किसान संगठनों का मनोबल कमजोर होगा। उन्होंने आम जनता से भी इस मामले में खुलकर आगे आने की अपील की। कैमूर किसान यूनियन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि राज्य सरकार निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित नहीं करती है तो इस मामले को लेकर माननीय पटना उच्च न्यायालय में जनहित याचिका (ढक्छ) दायर की जाएगी।

संगठन ने बिहार के सभी जिलों के नागरिकों, किसानों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनसंगठनों से अपील की है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में 'जल-जीवन-हरियाली' योजना से जुड़ी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के प्रमाण एकत्र कर सरकार तथा संबंधित संस्थाओं तक पहुंचाएं, ताकि जनता के धन की जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

# मोहर्रम के त्यौहार को लेकर दुर्गावती में शांति समिति की बैठक आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

**दुर्गावती :** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने के उद्देश्य से दुर्गावती थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी दुर्गावती सदानंद कुमार एवं थाना अध्यक्ष दुर्गावती गिरीश कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में विभिन्न समुदायों के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा मोहर्रम कमेटियों के सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि मोहर्रम आस्था और श्रद्धा का पर्व है, जिसे आपसी भाईचारे एवं सामाजिक समरसता के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसलिए किसी भी सूचना की सत्यता की पुष्टि किए बिना उसे आगे प्रसारित न करें। बैठक में ताजिया जुलूस के निर्धारित मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, साफ-सफाई, पेयजल एवं बिजली व्यवस्था सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासन की ओर से बताया गया कि जुलूस के दौरान संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। सीसीटीवी कैमरों एवं गश्ती दलों के माध्यम से भी निगरानी की व्यवस्था रहेगी। शांति समिति के सदस्यों ने भी अपने सुझाव रखते हुए पर्व के दौरान आपसी सौहार्द बनाए रखने और युवाओं को अनुशासित रहने के लिए प्रेरित करने की बात कही। उन्होंने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक के अंत में अधिकारियों ने कहा कि सभी मोहर्रम समितियां प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। किसी भी प्रकार की समस्या या सूचना होने पर तत्काल स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस को अवगत कराएं, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके।

## भभुआ प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा विभिन्न गांवों में बने सोख्ता निर्माण का किया जा रहा है निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज

**कैमूर।** भभुआ प्रखंड के विभिन्न गांव में सोख्ता निर्माण कार्यों का भभुआ प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश कुमार एवं प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राघवेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा लगातार निरिक्षण किया जा रहा है एवं लाभुकों से गुणवत्ता से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा रही है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि सोख्ता निर्माण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी एवं शिकायत मिलने पर त्वरित करवाई की जाएगी। वही प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में हो रहे विकास के कार्यों के साथ कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वही लाभुकों के द्वारा बताया गया कि सोख्ता निर्माण से हमलोगों को काफी सुविधा मिल रही है। सरकार के ऐसे कार्यों से हमलोगों को काफी सहूलियत मिली है।

## एनएच-19 पर उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, कार से बीयर बरामद, दो युवक गिरफ्तार, अंधेरे का फायदा उठाकर दो अन्य फरार; कार भी जब्त

लोकतंत्र की आवाज



**भभुआ (कैमूर)**
मोहनिया थाना क्षेत्र के अकोढ़ी गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक कार से तीन लीटर बीयर बरामद की है। इस दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो अन्य अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने कार को भी जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार, रविवार की रात करीब 9:30 बजे उत्पाद विभाग को सूचना मिली कि एक कार में चार लोग सवार होकर कर्णपुरा ओवरब्रिज पार कर रेलवे लाइन के उत्तर दिशा स्थित सड़क मार्ग से मोहनिया की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही उत्पाद विभाग की टीम दुधरा गांव के समीप रेलवे ओवरब्रिज और राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की जांच में जुट गई। जैसे ही संदिग्ध कार राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर बढ़ी, पुलिस टीम को देखकर उसमें सवार विनय कुमार सिंह और अभय कुमार चौहान अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। बताया जाता है कि अभय कुमार चौहान सासाराम के एक निजी बैंक में कार्यरत है। वहीं, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए शुभम कुमार सिंह (पिता- राजेश्वर सिंह) एवं प्रिंस कुमार सिंह (पिता- विष्णु शंकर सिंह) को हिरासत में लेकर वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार से तीन लीटर बीयर बरामद की गई। मौके पर ही दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया तथा कार और बरामद बीयर को जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार दोनों युवक रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र के विश्रामपुर गांव के निवासी बताए जाते हैं। सोमवार को उत्पाद विभाग ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भभुआ भेज दिया। पुलिस ने चारों आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# रामगढ़ में किराना दुकान की आड़ में शराब का बड़ा धंधा उजागर, 44 लीटर से अधिक शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज




**रामगढ़ (कैमूर)।** स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए किराना दुकान की आड़ में चल रहे अवैध शराब के धंधे का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में देशी, विदेशी शराब और बियर बरामद करते हुए एक धंधेबाज को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए रामगढ़ थानाध्यक्ष हरि प्रसाद शर्मा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र के डहरक गांव में किराना दुकान की आड़ में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन और त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस टीम ने तत्काल चिन्हित स्थान पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने मौके से दिलराज कुमार गुप्ता साकिन डहरक थाना- रामगढ़, जिला- कैमूर) को गिरफ्तार कर लिया। जब उसकी किराना दुकान की सघन तलाशी ली गई, तो वहां छुपाकर रखी गई भारी मात्रा में शराब बरामद हुई। बरामद शराब में ब्लू लाइम देशी शराब (200``) के 125 पीस (25 लीटर), 8ढट स्पेशल व्हिस्की (180``) के 70 पीस (12.06 लीटर), रॉयल चैलेंज व्हिस्की (375``) के 4 पीस (1.5 लीटर), रॉयल स्टैग व्हिस्की (375``) के 3 पीस (1.125 लीटर) और माउंट्स 6000 सुपर स्ट्रॉन्ग बियर (500``) के 9 पीस (4.5 लीटर) शामिल हैं। दुकान से कुल मिलाकर 211 पीस में 44.185 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है।

थानाध्यक्ष हरि प्रसाद शर्मा ने साफ तौर पर कहा कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस पूरी तरह सख्त है। आरोपी धंधेबाज को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मद्यनिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद से इलाके के अन्य अवैध धंधेबाजों में हड़कंप मचा हुआ है।

# कैमूर के लाल पंकज कुमार पासवान का बीपीएससी में चयन, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) बनने पर क्षेत्र में खुशी की लहर

लोकतंत्र की आवाज



**भभुआ (कैमूर):** कैमूर जिले के लिए गौरव का क्षण है। मोहनिया थाना अंतर्गत अमेठ गाँव के निवासी श्री पंकज कुमार पासवान (पिताः श्री विजय पासवान) ने 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के पद पर चयनित होकर जिले का मान बढ़ाया है। अपनी इस सफलता तक पहुँचने का उनका सफर संघर्षपूर्ण रहा है, जिसमें उन्होंने लगातार तीन बार मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार तक पहुँचने के बावजूद हार नहीं मानी और अपने चौथे प्रयास में सफलता हासिल की। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने पंकज कुमार पासवान को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं बधाई देने वालों में मुख्य रूप से अधिवक्ता श्री राम बहादुर पासवान (पूर्व प्रत्याशी मोहनिया विधान सभा ), राहुल कुमार(शिक्षक), समाजसेवी श्री जितेंद्र पासवान, दिनेश प्रसाद , उदय पासवान( पूर्व बीडीसी, उसरी) , राहुल पासवान (अधिवक्ता), गोपाल पासवान,एवं अन्य प्रबुद्धजन शामिल थे।श्री रामबहादुर पासवान ने कैमूर की धरती से 70 वीं बिहार लोक सेवा आयोग में सभी चयनित अभ्यर्थीयो को उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना करते हुए सभी को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।उनकी इस सफलता से न केवल उनके परिवार में, बल्कि पूरे कैमूर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

# भरत भूषण तिवारी की मौत के मामले में जन सुराज ने निकाला कैंडल मार्च, न्यायिक जांच और 1 करोड़ मुआवजे की मांग

लोकतंत्र की आवाज

**कैमूर :** भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड अंतर्गत बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी की कथित पुलिस मुठभेड़ में हुई मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस घटना के विरोध में और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भभुआ में कैंडल मार्च निकाला। इस मार्च का नेतृत्व पार्टी के जिला अध्यक्ष वंशलोचन राम ने किया।

**जनहित के लिए संघर्ष करने वाले की मौत चिंताजनकः जिला अध्यक्षः** कैंडल मार्च के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला अध्यक्ष वंशलोचन राम ने कहा कि इस मार्च का मुख्य उद्देश्य पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना और समाज में शांति व एकजुटता का संदेश देना है। उन्होंने कहाः ₹भरत तिवारी वर्षों से जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाते रहे थे। जो व्यक्ति हमेशा जनहित के लिए संघर्षरत रहा हो, उसकी इस तरह कथित एनकाउंटर में मौत होना बेहद दुखद और गंभीर चिंता का विषय है। हमारी मांग है कि इस पूरे प्रकरण की सच्चाई सामने आए।

**जन सुराज पार्टी ने सरकार से की ये मांगें:** पार्टी पदाधिकारियों ने इस मामले में सरकार और प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग करते हुए निम्नलिखित बिंदु सामने रखेः

शीघ्र न्यायिक जांचः घटना की निष्पक्षता



सुनिश्चित करने के लिए मामले की शीघ्र न्यायिक जांच कराई जाए। अधिकारियों का निलंबनः जांच प्रक्रिया पूरी होने तक इस पूरी कार्रवाई में शामिल संबंधित अधिकारियों को निलंबित रखा जाए।

**मुआवजा व रोजगारः** पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा ₹1 करोड़ का मुआवजा दिया जाए।

निष्पक्षता बरतने में विफल रहा प्रशासनः हेमंत चौबे वहीं, जन सुराज के प्रदेश महासचिव हेमंत चौबे ने कहा कि शुरुआती स्तर पर पुलिस प्रशासन इस मामले में निष्पक्ष तरीके से कार्य करने में विफल दिखाई दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि समय रहते मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए निष्पक्ष कदम उठाए गए होते, तो शायद यह अप्रिय घटना नहीं होती।

**मार्च में ये कार्यकर्ता रहे मौजूदः** इस कैंडल मार्च में स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ जन सुराज के कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता हरिहर पांडे, आरती देवी, इम्तियाज अंसारी, अमोद कुमार बिंद, राजेश कुमार, महेंद्र तिवारी, धीरज उपाध्याय, अमरेंद्र कुमार, अमरेंद्र पांडेय, अंकित पाठक सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समाजसेवी भरत भूषण तिवारी की मौत पर जन सुराज ने जताया गहरा दुःख

लोकतंत्र की आवाज

**कैमूरः** भोजपुर के बेलौंटी निवासी और प्रख्यात समाजसेवी भरत भूषण तिवारी की असामयिक मृत्यु पर जन सुराज पार्टी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। पार्टी के जिला मुख्य प्रवक्ता डॉ. एस. एन. चौबे ने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा कि यह हादसा पूरे समाज को झकझोर देने वाला है। भरत तिवारी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि गरीबों, वंचितों, असहायों, मजदूरों, लाचारों और बाढ़ पीड़ितों की आवाज उठाने वाले एक बेहद सक्रिय और समर्पित समाजसेवी थे। उनके सामाजिक योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

**घटना पर उठ रहे सवालों की पारदर्शी**



**जांच होः** डॉ. चौबे ने मामले की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा कि इस घटना को लेकर समाज और सोशल मीडिया में अनेक सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने मांग की कि विभिन्न माध्यमों से सामने आ रही जानकारियां और वीडियो अगर सही हैं, तो पूरे मामले की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच होनी चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके और सच्चाई जनता के सामने आए।

**प्रवक्ता ने जोर देकर कहाः** ₹लोकतंत्र में हर नागरिक को न्याय पाने का पूरा अधिकार है। न्याय के सिद्धांत का तकाजा है कि न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि होता हुआ दिखाई भी देना चाहिए।

**पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है जन सुराजः** दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए डॉ. चौबे ने कहा कि जन सुराज पार्टी पूरी मजबूती के साथ शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेगा, जिससे जल्द से जल्द सच्चाई सामने आएगी और पीड़ित परिवार को न्याय सुनिश्चित होगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### उनियारा में आरएएस सुमन गुर्जर ने संभाला एसडीएम का विधिवत कार्यभार-पारदर्शी प्रशासन व जनहित को बताया सर्वोच्च प्राथमिकता



लोकतंत्र की आवाज
शिवराज बारवाल मीना
टोंक/उनियारा । जिले के उनियारा उपखंड कार्यालय में सोमवार को नवपदस्थ उपखण्ड अधिकारी (एसडीएम) सुमन गुर्जर ने विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के उपरांत उपखण्ड कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया तथा शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एसडीएम सुमन गुर्जर ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध, प्रभावी एवं संवेदनशील समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित को सर्वोपरि रखा जाएगा। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना सुनिश्चित करना प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। एसडीएम सुमन गुर्जर ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर विशेष ध्यान देने की बात कही।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों के साथ शालीन व्यवहार रखते हुए उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाए। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं अधीनस्थ प्रशासनिक अधिकारियों व कार्मिकों ने एसडीएम सुमन गुर्जर को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल, निष्पक्ष और जनहितकारी कार्यकाल की कामना की।

### कोच कोतवाली क्षेत्र में विवाहिता ने लगाई आग



लोकतंत्र की आवाज
उरई जालौन। कोच कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक विवाहिता लगाई आग परिजनो ने आनन फानन में डॉयल 112 पुलिस को घटना की सूचना दी । सूचना प्राप्त होते ही कोच कोतवाली पुलिस एक्शन में आई और तत्काल उच्य अधिकारियो को सूचना और आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंची। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोच कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत मोहल्ला पटेल नगर निवासी एक विवाहिता द्वारा आग लगा ने की सूचना प्रात हुई इस प्रकरण की सूचना पर कोतवाली कोंच पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गयी तो पीड़िता द्वारा बताया गया कि उसके पति द्वारा उसके ऊपर मिट्टी का तेल डालकर उसे जलाने की कोशिश की गयी है । पीड़िता को उपचार हेतु सीएचसी कोंच लाया गया था जहां से बेहतर उपचार हेतु उरई रेफर किया गया है । पीड़िता की हालत स्थिर है । पीड़िता के परिजन के तहरीर के आधार पर कोतवाली कोंच पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है । प्राप्त साक्ष्यो के आधार नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी । इस संबंध में क्षेत्राधिकारी कोंच द्वारा दी गयी बाइट ।

### ग्राम पृथ्वीपुरा में ट्यूब बैल पर सो रहे वृद्ध की हत्या की



लोकतंत्र की आवाज
उरई । आज दिनांक 22.06.2026 को ग्राम पृथ्वीपुरा थाना गोहन जनपद जालौन में एक सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है । उक्त सूचना के क्रम में मौका मुआयना किया गया। मौके से गिरजाशंकर तिवारी का शव बरामद हुआ , जिनकी उम्र करीब 75 वर्ष है। यह अपने खेत पर ट्यूबेल पर रात में आकर यहा पर सोए थे । सुबह करीब 05.30 बजे इनके पुत्र द्वारा इनको चैक करने के लिए आया तो वहा पर इनका शव बरामद हुआ है। सूचना के क्रम में पंचायतनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्यवाही करायी जा रही है। तहरीर प्राप्त करके सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करके अग्रिम विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इस सम्बन्ध में अपर पुलिस अधीक्षक जालौन डा ईशान सोनी द्वारा जानकारी दी गयी ।

# लखनऊ अग्निकांड पर राहुल गांधी और मायावती ने जताया दुख, CM योगी बीच में दौरा छोड़ घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे

लोक तंत्र की आवाज़



**यूपी प्रभारी रत्ना शुक्ला द्वारा**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में सोमवार दोपहर करीब 2:15 बजे पर एक कोचिंग और लाइब्रेरी सेंटर भीषड़ आग लग गई। हादसे में अब तक 15 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जिनमें अधिकांश छात्र बताए जा रहे हैं। इसके अलावा छह लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

**कई छात्र घायल :** आग लगने के समय भवन की दूसरी मंजिल पर संचालित लाइब्रेरी और कोचिंग सेंटर में कई छात्र मौजूद थे। धुआं और आग तेजी से फैलने पर कुछ छात्रों ने खुद को बाथरूम में बंद कर जान बचाने की कोशिश की लेकिन दम घुटने से मौत हो गई। वहीं एक छात्र ने पहली मंजिल से छलांग लगाकर बाहर निकलने का प्रयास किया, लेकिन नीचे लगी लोहे की ग्रिल पर गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लखनऊ के अलीगंज स्थित एक कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरी में हुए भीषण अग्निकांड ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। हादसे में कई लोगों की मौत और कई अन्य के घायल होने की खबर सामने आने के बाद राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरा दुख व्यक्त किया है। राहुल गांधी ने कहा कि इस दुख की घड़ी में उनकी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की उम्मीद करते हैं।

**राहत और बचाव कार्य में जुटीं कई एजेंसियां:** मौके पर फायर ब्रिगेड की करीब 10 गाड़ियां आग पर काबू पाने में लगी हुई हैं। एक हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म की मदद से ऊपरी हिस्सों तक पहुंचकर बचाव अभियान चलाया जा रहा है। SDRF और NDRF की टीमें भी राहत कार्य में जुटी हैं। फायरकर्मियों ने भवन के पीछे की दीवार तोड़कर अंदर फंसे लोगों और शवों को बाहर निकालने का काम शुरू किया। घायलों की संख्या बढ़ने पर एम्बुलेंस की कमी महसूस हुई, जिसके बाद अतिरिक्त एम्बुलेंस भेजी गईं।

**घटनास्थल पर पहुंचे वरिष्ठ अधिकारी, भावुक हुए डिप्टी सीएम:** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्यों का जायजा लिया। मीडिया से बातचीत के दौरान वह भावुक हो गए और कहा कि उन्होंने अपनी आंखों के सामने शवों को बाहर निकलते देखा है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद भी मौके पर पहुंचे हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपना अलीगढ़ दौरा बीच में छोड़कर लखनऊ लौट रहे हैं।

**बेसमेंट से शुरू हुई आग की आशंका :** प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि इमारत के बेसमेंट में लगे एयर कंडीशनर में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लगी। भवन के बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और पहली मंजिल पर पेट शॉप और क्लीनिक संचालित थे, जबकि दूसरी मंजिल पर 'लर्निंग स्पेस' नामक लाइब्रेरी एवं कोचिंग सेंटर के साथ 'हेड हॉपर स्टूडियो' संचालित था, जहां 3D आर्ट प्रोडक्शन और गेम एसेट आउटसोर्सिंग का कार्य किया जाता है। आग लगने के सही कारणों की जांच की जा रही है।

## ईओ ने पालिका के विकास कराने में जो सर्वाधिक सहयोग प्रदान किया है आपकी यादगार दिल से भूलाना असंभव साबित होगी-अरविंद



लोक तंत्र की आवाज

**कालपी जालौन।** नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ल के गैर जनपद तबादला होने पर पालिका अध्यक्ष एवं सभासदों तथा समस्त स्टाफ ने बड़े हर्षोल्लास के तहत विदाई कर उपहार राधा कृष्ण की प्रतिमा देकर सम्मानित किया।

सोमवार के दिन नगर पालिका परिषद कालपी सभागार में आयोजित विदाई समारोह पर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने विदाई समय ईओ शुक्ला का माल्यार्पण कर सम्मानित करते हुए कहां कि कोई भी व्यक्ति सर्विस में जो आया है उसे एक दूसरे जगह तबादले पर जाने की एवं सेवा से निर्वित होने की एक सतत प्रक्रिया है उन्होंने ईओ शुक्ल के द्वारा 3 साल पालिका में सेवाएं देने पर जमकर सराहना करते हुए कहाकि जिस तरह से मुझे अपना छोटा भाई मानकर पालिका में विकास कार्यों को लेकर सर्वाधिक सहयोग प्रदान किया है आपकी यादगार मेरे दिलों में जिंदगी भर समावेश रहेगी समारोह में विदाई ले रहे पालिका ईओ अवनीश कुमार शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस पालिका

■ **नगर पालिका अध्यक्ष समेत सभी सभासद एवं स्टाफ की यादगार सदैव दिल में समावेश रहेगी-अवनीश कुमार शुक्ल**

में रहकर 3 साल तक नगर को सजाने में आप लोगों द्वारा सर्वाधिक सहयोग मिला है इस सहयोग एवं स्नेह को अपने दिलों में जीवन भर यादगार में रहेंगी पालिका आर आई अजीत सिंह यादव अवर अभियंता प्रवीण कुमार मौर्य तथा सभासदों ने उनकी कार्य शैली पर जमकर सराहना की अध्यक्ष एवं सभासदों तथा पूरे स्टाफ ने ईओ शुक्ल का माल्यार्पण कर अभूतपूर्व स्वागत किया साथ में उपहार भी देकर बड़े धूमधाम से विदाई की गई विदाई समारोह का संचालन प्रधान लेखाकार हरि भूषण सिंह चौहान ने चार चांद लगाकर रोमांचक होता हुआ सुशोभित नजर आया स्वागत करने वालों में लिपिक शिशुपाल सिंह उर्फ़ पप्पी यादव सरफराज खान उर्फ बाबा रमेश कुमार यादव कमल सिंह महेंद्र सिंह प्रियांशु द्विवेदी इरफान मंसूरी सभासदों में कपिल शुक्ला खान बाबू पप्पू खान धर्मेंद्र निषाद धर्मेंद्र पाल आदि लोगों ने विदाई पर सम्मानित किया।

## पुलिस अधीक्षक ने सेवा निवृत्त कर्मचारियों के साथ गोष्ठी कर निर्देश दिए



लोक तंत्र की आवाज

**उरई ।** पुलिस अधीक्षक जालौन विनय कुमार सिंह ने आज पुलिस लाइन उरई स्थित सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक जालौन डा ईशान सोनी द्वारा जनपद के सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों (पेंशनर) के साथ गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें सभी की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान हेतु संबधित को निर्देशित किया गया।

## हरदोइ : नाला निर्माण बना लोगों की परेशानी, विरोध के बाद मौके पर पहुंचीं ईओ ने किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता ह**
**हरदोइ।** आगामी बरसात में जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर पंचायत बेनीगंज द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। गांधी इंटर कॉलेज सड़क मार्ग पर बन रहे नाले को लेकर मोहल्लेवासियों ने निर्माण कार्य में अनियमितता और मनमानी का आरोप लगाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्यदाई संस्था ने नाले की ऊंचाई आवश्यकता से अधिक कर दी है, जिससे आसपास के निवासियों को अपने घरों से सड़क तक आने-जाने में गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़



सकता है।

लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते निर्माण में सुधार नहीं किया गया तो भविष्य में समस्या और बढ़ जाएगी।मोहल्लेवासियों ने यह भी सवाल उठाया कि जिस क्षेत्र में नाले का निर्माण किया जा रहा है, वहां अधिक आबादी नहीं है और बड़े नाले की कोई विशेष आवश्यकता नहीं थी। उनके अनुसार वहां केवल नाली निर्माण पर्याप्त था, लेकिन अनावश्यक रूप से बड़े नाले का निर्माण कराया जा रहा है। शिकायत मिलने पर नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी देवांशी दीक्षित मौके पर पहुंचीं और निर्माणाधीन नाले का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा निर्माण कार्य की स्थिति का जायजा लिया।स्थानीय निवासी राजाराम मौर्य ने बताया कि गांधी इंटर कॉलेज मार्ग रेलवे क्रॉसिंग के जरिए कई गांवों को जोड़ता है। उन्होंने कहा कि चुनावी ड्यूटी के दौरान अधिकारी-कर्मचारी तथा परीक्षाओं के समय हजारों छात्र-छात्राएं इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। ऐसे में सड़क का चौड़ा और सुगम बने रहना बेहद जरूरी है। वहीं अधिशासी अधिकारी देवांशी दीक्षित ने लोगों को भरोसा दिलाया कि निर्माणाधीन नाला किसी के लिए परेशानी का कारण नहीं बनने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यदाई संस्था से वार्ता कर आवश्यक सुधार जल्द कराया जाएगा।

## तालुका विधिक सेवा समिति, उनियारा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक/उनियारा ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को तालुका विधिक सेवा समिति, उनियारा द्वारा न्यायालय परिसर में योग एवं प्राणायाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, उनियारा सबा परवीन कागजी द्वारा किया गया।

अपने संबोधन में कागजी ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने उपस्थित सभी व्यक्तियों से नियमित रूप से योग एवं प्राणायाम को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान भागदौड़ भरे जीवन में तनावमुक्त एवं स्वस्थ रहने के लिए योग एक प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम क्रियाओं का अभ्यास कराया गया।उपस्थितजन ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लेते हुए योग के महत्व को समझा तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष सच्चिदानंद शर्मा, अधिवक्ता देवेंद्र सिंह हाड़ा सहित न्यायालय परिसर में कार्यरत न्यायिक अधिकारी, अधिवक्तागण एवं न्याय कर्मचारीगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए योग को अपनाने हेतु प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थितजनों ने नियमित योग करने तथा अपने परिवार एवं समाज में भी योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## दूनी में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया

**पीएमश्री विद्यालय दूनी में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम-योगाभ्यास में उमड़ा जनसमूह**



लोकतंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक ।** देवली उपखंड क्षेत्र की दूनी तहसील मुख्यालय स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ब्लॉक स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शहरी संकुल शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य कैलाश वर्मा तथा आयुर्वेद अधिकारी प्रेमराज मीणा के निर्देशन में संपन्न हुआ।





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, देवली रहे। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक शिवजी लाल जाट ने बताया कि योग प्रशिक्षक खुशीराम गुर्जर एवं दिव्यांशी जैन ने आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार उपस्थित जनसमूह को योग, प्राणायाम एवं विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाया। इस दौरान कपालभाति, अनुलोम-विलोम, शीतली प्राणायाम, ध्यान सहित अनेक योग क्रियाओं का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि एवं वक्ताओं ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अष्टांग योग, प्राणायाम तथा विभिन्न आसनों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने नियमित योगाभ्यास को स्वस्थ, संतुलित और तनावमुक्त जीवन का आधार बताया।

कार्यक्रम का सफल संचालन सुरेन्द्र सिंह नरूका एवं अशोक शर्मा ने किया। इस अवसर पर देहात अध्यक्ष अतुल पाराशर, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश रोझ, समाजसेवी पदम अजमेरा, एसएमसी सदस्य सत्यनारायण तिवारी, रामलक्ष्मण गुप्ता, गणपत सिंह चौहान, अवधेश झंवर, श्यामसुंदर शर्मा, संतोष शर्मा, सीमा शेर, महावीर प्रसाद बड़गुर्जर, राकेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, शिक्षक, कर्मचारी, छात्र-छात्राएँ एवं आमजन उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# टोंक जिले के डिग्गी में आगामी 26 जून को होने वाले 23वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक/डिग्गी ।** जिले के डिग्गी में रविवार, 21 जून को आगामी 26 जून 2026 को आयोजित होने वाले 23वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर जाट धर्मशाला डिग्गी में आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक समिति अध्यक्ष राजेश जी बगड़िया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति संयोजक रामलाल बगड़िया एवं प्रवक्ता रामधन जावल्या ने बताया कि सम्मेलन को भव्य और सफल बनाने के लिए अतिथियों, भामाशाहों एवं दानदाताओं को गेस्ट के रूप में



आमंत्रित कर सम्मानपूर्वक सहभागिता के लिए आग्रह किया जाएगा।समाजसेवक एवं भामाशाह सम्मेलन को लेकर उत्साहपूर्वक सहयोग कर रहे हैं।

**भामाशाहों की सराहनीय घोषणाएं:** बैठक में भामाशाहों द्वारा विभिन्न प्रकार की निःशुल्क सामग्री देने की घोषणाएं की गईं, जिनमें राजाराम मील (प्रदेशाध्यक्ष) द्वारा निःशुल्क सिलाई मशीन, सिद्धार्थ चौधरी (वजीरपुरा) द्वारा निःशुल्क सम्पूर्ण आटा, सरपंच भोलूराम चौधरी (हाडीकंला) द्वारा निःशुल्क सम्पूर्ण शक्कर, पप्पूलाल खादवाल (भैरूपुरा) द्वारा निशुल्क बेसन, रामकिशन रामकरण बुगलिया द्वारा पत्तल दोना चाय डिस्पोजल व पानी गिलास, कैलाश घोसल्या (सिवार, जयपुर) द्वारा दाल, जगदीश बागोड (चौसला) द्वारा दूध, सत्यनारायण घस्वा (जहाजपुर) द्वारा पंखे, घासीलाल प्रधान ढाका (भासू) द्वारा प्रेस, कमलेश कुण्डरवाल (रूपवास) द्वारा कूलर, जगदीश धोल्या, कृष्णा बर्तन भंडार (निवाई) द्वारा मिक्सी, कैलाश चौधरी (यादगापुर) द्वारा प्रत्येक जोड़े को दो कुर्सियां, हरकरण पलसाणिया (आवड़ा) द्वारा प्रत्येक जोड़े को निःशुल्क पानी के कैम्पर, हीरालाल बुगालिया (डिग्गी) द्वारा जल सेवा की व्यवस्था सेवा दान दिया जाएगा।

**बैठक में ये रहे मौजूद :** बैठक में पूर्व अध्यक्ष छितर ताकर, जाट धर्मशाला मंत्री रामकरण बुगालिया, रामकिशन मुंडवाड़िया, सत्यनारायण सरूडिया, बद्रीलाल दगोलिया, सुखलाल ताखर, रामेश्वर चौधरी (पूर्व सरपंच, चौसला), कैप्टन धन्नालाल गणेती, संयोजक रामलाल बगड़िया, केदार (नवरंगपुरा), रामनारायण सरूडिया, पांचूलाल चौधरी, ओमप्रकाश चौधरी, शंकर चौधरी (नवरंगपुरा), सवाईराम रोलानिया, नंदलाल चादडिया, हीरालाल बुगालिया एवं प्रवक्ता रामधन जावल्या (पीपलू) सहित बड़ी संख्या में जाट समाज के गणमान्य बंधु उपस्थित रहे।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।